e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 11, अंक 283

शुक्रवार

18.10.2024

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

सुविचार

विश्वास वो ताकत है, जो उजड़ी हुई जिंदगी में भी रोशनी भर देती है!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### जेपी नड्डा बने भाजपा के सक्रिय सदस्य, कार्यकर्ताओं से राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा बनने की अपील

**नई दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत गुरुवार को पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर फोटो जारी करते हुए कहा कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रव्यापी सक्रिय सदस्यता अभियान के अंतर्गत सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर गौरवान्वित महसूस हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आरंभ हुआ यह अभियान मंडल, जिला और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचेगा व कोटिश- कार्यकर्ताओं को विकसित भारत निर्माण के संकल्प के साथ समाज सेवा करने के अवसर प्रदान करेगा।

### बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री हसीना के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय अपराध ट्रिब्यूनल ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया

**ढाका :** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ आज अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया। शेख हसीना व अन्य पर जुलाई और अगस्त में भेदभाव विरोधी छात्र आंदोलन के दौरान सामूहिक हत्याओं का आरोप लगाया गया है। ट्रिब्यूनल ने न्यायिक कार्यवाही की औपचारिक शुरुआत के बाद गिफ्तारी वारंट जारी किया।न्यायाधिकरण के अध्यक्ष जस्टिस एमडी गोलाम मुर्तुजा मजूमदार की पीठ में कार्यवाही सुबह शुरू हुई।न्यायाधिकरण की अभियोजन टीम ने हसीना सहित 50 व्यक्तियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध किया।

### देश के 51वें मुख्य न्यायाधीश होंगे जस्टिस संजीव खन्ना, 11 नवंबर को लेंगे शपथ

**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस संजीव खन्ना 11 नवंबर को देश के देश के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ लेंगे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने अपने उत्तराधिकारी के रूप में उनके नाम की औपचारिक सिफारिश केंद्र से की है। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ 10 नवंबर को रिटायर होंगे।जस्टिस संजीव खन्ना दूसरे वरिष्ठतम जज हैं। वो 11 नवंबर को 51वें चीफ जस्टिस के रूप में शपथ लेंगे। जस्टिस संजीव खन्ना को 2019 में सुप्रीम कोर्ट में जज नियुक्त किया गया था। उसके पहले वो दिल्ली हाई कोर्ट के जज थे। जस्टिस संजीव खन्ना का चीफ जस्टिस के रूप में कार्यकाल 11 नवंबर से 13 मई 2025 तक का होगा।

### पूरी दुनिया को युद्ध में नहीं, बुद्ध में मिलेगा समाधान : पीएम मोदी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अभिधम्म दिवस पर दिल्ली के विज्ञान भवन में एक कार्यक्रम में बौद्ध भिक्षुओं को संबोधित किया. अंतरराष्ट्रीय अभिधम्म दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि बुद्ध बोध भी है और बुद्ध शोध भी है. पीएम मोदी ने अपने संबोधन में दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों में हो रहे जंग को शांत करने का भी मंत्र दिया. पीएम मोदी ने कहा,आज मैं बहुत विश्वास के साथ कहता हूं कि पूरी दुनिया को युद्ध में नहीं, बुद्ध में समाधान मिलेगा. आज अभिधम्म दिवस के अवसर पर मैं पूरी दुनिया से अपील करता हूं कि बुद्ध से सीखें, युद्ध को खत्म करें, शांति का मार्ग प्रशस्त करें क्योंकि बुद्ध कहते हैं शांति से बड़ा कोई सुख नहीं है.उन्होंने कहा,यह मेरा सौभाग्य है कि मेरे जन्म के समय से भगवान बुद्ध से जुड़ने की जो यात्रा शुरू हुई, वह निरंतर जारी है. मेरा जन्म गुजरात के वडनगर में हुआ, जो कभी बौद्ध धर्म का प्रमुख केंद्र था.पिछले 10 वर्षों में मुझे भारत के ऐतिहासिक बौद्ध स्थलों से लेकर दुनिया के विभिन्न देशों में, नेपाल में भगवान बुद्ध की जन्मस्थली के दर्शन से लेकर मंगोलिया में उनकी प्रतिमा के अनावरण तक, अनेक पवित्र आयोजनों में भाग लेने का अवसर मिला है.पीए मोदी ने कहा,पाली को शास्त्रीय भाषा के रूप में मान्यता देना भगवान बुद्ध की महान विरासत का सम्मान है. इस वर्ष अभिधम्म दिवस के आयोजन के साथ एक ऐतिहासिक उपलब्धि भी जुड़ी है. भगवान बुद्ध के अभिधम्म, उनकी वाणी, उनकी शिक्षाएं जिस पाली भाषा में विरासत के तौर पर विश्व को मिली है, इसी महीने भारत सरकार ने उस पाली भाषा को शास्त्रीय भाषा का दर्जा दिया है.

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 20° |

## प्रथम चरण के 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव प्रक्रिया की तैयारी पूरी

# आज से नामांकन शुरू

*** दिन के 11 बजे से तीन बजे तक कर सकेंगे नामांकन**

*** चुनावी जागरूकता से जुड़ा दो दिवसीय कला महोत्सव जयपाल सिंह स्टेडियम में**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 18 अक्टूबर से प्रथम चरण के विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन शुरू होगा। नामांकन की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर है। नामांकन दिन के 11 बजे से तीन बजे तक होगा। अवकाश के दिन नामांकन नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रत्याशी नामांकन के दौरान निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करेंगें। इस दौरान नामांकन स्थल के 100 मीटर की परिधि के भीतर सिर्फ तीन गाड़ियों के प्रवेश की अनुमति होगी। प्रत्याशी के साथ सिर्फ चार लोग नामांकन कक्ष में जा सकेंगे। प्रत्याशी के नामांकन के लिए 10 लोगों का प्रपोजल अनिवार्य होगा। हर सामान्य प्रत्याशी को 10 हजार रुपये बतौर जमानत राशि जमा करानी होगी। वहीं अनुसूचित जाति /जनजाति के लिए यह राशि पांच हजार रुपये होगी। शपथपत्र के रूप में हर प्रत्याशी को फार्म 26 को स्पष्ट रूप से पूरा भरना होगा। प्रत्याशियों को अपने आपराधिक मामलों से जुड़ी जानकारी कम से कम तीन समाचार पत्रों में विज्ञापित करानी होगी। उसे अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर भी प्रदर्शित करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रत्याशी चुनाव खर्च के ब्योरा के लिए अलग से बैंक अकाउंट खुलवा लें। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता कर रहे थे।उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से जुड़ा दो दिवसीय कला महोत्सव शुक्रवार से जयपाल सिंह स्टेडियम में शुरू हो रहा है। उसका उद्घाटन शुक्रवार को दिन के 11 बजे होगा। महोत्सव में 81 नामचीन कलाकार झारखंड के 81 विधानसभा क्षेत्रों से जुड़ी सांस्कृतिक सरोकार पर अपने कला का प्रदर्शन करेंगे। इस अवसर पर कई तरह की सांस्कृतिक गतिविधियां भी होंगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस अवसर पर सभी मतदाताओं को आमंत्रित करते हुए सपरिवार आने की अपील की। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक कुल 37 लाख रुपये के अवैध सामान और नकदी जब्त किये गये हैं। पत्रकार वार्ता में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के साथ संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सुबोध कुमार और उप निदेशक जनसंपर्क आनन्द मौजूद थे।



### पहले चरण में इन सीटों पर होगा चुनाव

झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 43 विधानसभा सीटों पर चुनाव होगा। इनमें कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, सिमरिया, चतरा, बहरागोड़ा, घाटशिला, पोटका, जुगसलाई, जमशेदपुर पूर्वी, जमशेदपुर पश्चिमी, ईचागढ़, सरायकेला, चाईबासा, मझगांव, जगन्नाथपुर, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसांवा, तमाड़, तोरपा, खूंटी, रांची, हटिया, कांके, मांडर, सिसई, गुमला, विशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, लोहरदगा, मनिका, लातेहार, पांकी, डालटेनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा और भवनाथपुर शामिल हैं।

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिले के पोस्टल बैलेट के नोडल पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के.रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में सभी आवश्यक सेवाओं से जुड़े कर्मियों एवं निर्वाचन कार्य में लगे कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित कराया जाना है। इस हेतु सभी आवश्यक सेवाओं के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए सूची मंगवा लें। वह गुरुवार को निर्वाचन सदन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिले के पोस्टल बैलेट के नोडल पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। श्री कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन में मतदान केंद्र तक जाने में अक्षम 85 वर्ष से अधिक अथवा दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान के लिए फॉर्म 12डी उपलब्ध करा दें। उन्होंने कहा कि निर्वाचन की घोषणा के साथ ही पोस्टल बैलेट के फॉर्म का आवंटन संबंधित मतदाताओं तक कराने का भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिशा निर्देश है। इसका अनुपालन करते हुए ससमय सभी संबंधितों तक इसकी उपलब्धता सुनिश्चित कराएं।अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने सभी जिलों के पोस्टल बैलेट के नोडल पदाधिकारियों को सख्त हिदायत दी कि आज गुरुवार को ही देर शाम तक पोस्टल बैलेट संबंधी सभी औपचारिकताओं को पूरा कर रिपोर्ट करें। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखें कि पोस्टल बैलेट से मतदान करने की अहर्ता रखने वाले कोई भी मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग से वंचित न रहने पाएं।इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओएसडी गीता चौबे सहित पोस्टल बैलेट प्रभाग के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता कानून की धारा 6ए को दिया वैध करार



एजेंसी

**नई दिल्ली:** नागरिकता कानून की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला सामने आया है। कोर्ट ने नागरिकता कानून की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। इस फैसले में कुल तीन जजमेंट हैं। जस्टिस पारदीवाला का अलग जजमेंट है। बहुमत के फैसले से धारा 6ए वैध करार दी गई है। सीजेआई जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संवैधानिक बेंच ने 6ए में भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन के लिए दी गई 25 मार्च 1971 की कट ऑफ डेट को भी सही ठहराया। चीफ जस्टिस ने कहा कि केंद्र सरकार इस अधिनियम को अन्य क्षेत्रों में भी लागू कर सकती थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया। क्योंकि यह सिर्फ असम के लिए था। क्योंकि असम के लिए यह व्यावहारिक था। सीजेआई ने कहा कि 25 मार्च, 1971 की कट ऑफ डेट सही थी। स्वतंत्रता के बाद पूर्वी पाकिस्तान से असम में अवैध प्रवास भारत में कुल अवैध प्रवास से अधिक था। यह इसकी मानदंड की शर्त को पूरा करता है। धारा 6ए न तो कम समावेशी है और न ही अति समावेशी है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि उस वक्त पूर्वी पाकिस्तान से असम आने वाले लोगों की तादाद आजादी के बाद भारत आने वाले लोगों से कहीं ज़्यादा है। कोर्ट के फैसले का मतलब है कि 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक बांग्लादेश से आने वाले अप्रवासी भारतीय नागरिकता के लायक हैं। जिनको इसके तहत नागरिकता मिली है उनकी नागरिकता बरकरार रहेगी।

**चीफ जस्टिस ने कहा कि केंद्र सरकार इस अधिनियम को अन्य क्षेत्रों में भी लागू कर सकती थी लेकिन ऐसा नहीं किया गया। क्योंकि यह सिर्फ असम के लिए था। क्योंकि असम के लिए यह व्यावहारिक था। सीजेआई ने कहा कि 25 मार्च, 1971 की कट ऑफ डेट सही थी। स्वतंत्रता के बाद पूर्वी पाकिस्तान से असम में अवैध प्रवास भारत में कुल अवैध प्रवास से अधिक था। यह इसकी मानदंड की शर्त को पूरा करता है।**

## सीटों के बंटवारे में कोई विवाद नहीं : मीर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर और राज्य कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश रांची पहुंचे। पत्रकारों को गुलाम मीर ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। वहीं कांग्रेस सांसद राहुल गांधी 19 अक्टूबर को रांची आएंगे, जहां वे डोरंडा के शौर्य सभागार में आयोजित संविधान सम्मान सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। गुलाम अहमद मीर ने बताया कि 19 अक्टूबर के बाद कांग्रेस अपनी पहली प्रत्याशियों की सूची जारी करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस 2019 से झारखंड में गठबंधन में शामिल है। इसलिए सीटों के बंटवारे में कोई विवाद नहीं है। सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तैयार हो चुका है और इसकी घोषणा सीईसी की बैठक के बाद की जाएगी। प्रत्याशियों के नाम 21 अक्टूबर तक घोषित करने की संभावना है. बता दें कि इसके अलावा राजद नेता तेजस्वी यादव भी 18 अक्टूबर को रांची पहुंचेंगे और सीएम हेमंत सोरेन के साथ बैठक करेंगे, जिसमें कांग्रेस और वामदल के नेता भी शामिल होंगे। इस बैठक में इंडिया गठबंधन के सीट शेयरिंग पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन में करीब 500 प्रतिनिधियों को बुलाया गया है और इसकी तैयारी में कांग्रेस और विभिन्न सामाजिक संगठन जुटे हुए हैं।कांग्रेस महासचिव और झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने जानकारी दी है कि झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए 19 अक्टूबर के बाद उम्मीदवारों की पहली लिस्ट जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2019 की तरह ही कांग्रेस झारखंड में अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ चुनाव लड़ेगी।

# भाजपा और लोजपा में फाइनल हुआ सीट शेयरिंग

*** लोजपा को 2 सीट देने पर बनी सहमति**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए बीजेपी, आजसू, जेडीयू और एलजेपीआर चुनाव मैदान में एक साथ हैं. हालांकि अभी तक सीटों के बंटवारे को लेकर आधिकारिक रूप से कुछ भी सामने नहीं आया है. लेकिन चर्चा ये चल रही है कि चिराग पासवान की पार्टी को सिर्फ 2 सीट मिल सकती है. सीटों के बंटवारे को लेकर चिराग पासवान ने असम के सीएम और झारखंड चुनाव के लिए बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा से मुलाकात की. माना जा रहा है कि चिराग झारखंड में सिर्फ दो सीट मिलने से नाराज हैं, इस बारे में उन्होंने हिमंता बिस्वा सरमा से बात की और राज्य में और अधिक सीटों की मांग की है. कहा जा रहा है कि चिराग जेडीयू से अधिक सीटों की मांग कर रहे हैं और यही वजह है कि बीजेपी अभी एनडीए में सीट शेयरिंग का मुद्दा फाइनल नहीं हो पा रहा है.कहा जा रहा है कि चिराग पासवान पहले ही साफ कर चुके थे कि अगर उन्हें सम्मानजनक सीटें नहीं मिलीं तो वह झारखंड में अकेले चुनाव लड़ सकते हैं. एनडीए में चिराग पासवान की पार्टी को 2 सीटें देने की बात हुई थी. लेकिन चिराग पासवान कम से कम तीन सीटों की डिमांड कर रहे हैं.चिराग पासवान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि हरियाणा जाने के दौरान असम के सीएम और झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ये मुलाकात हुई. इस दौरान उन्होंने झारखंड चुनाव के बारे में विस्तृत चर्चा की.

## हरियाणा में नायब सैनी ने ली मुख्यमंत्री पद की शपथ



एजेंसी

**चंडीगढ़ :** नायब सिंह सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है. हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई. सीएम सैनी के साथ 13 विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली. इसी के साथ बीजेपी ने हरियाणा में लगातार तीसरी बार अपनी सरकार बना ली है. सैनी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा समेत एनडीए के कई नेता मौजूद थे. हरियाणा में पिछले 10 साल से सत्ता पर काबिज बीजेपी ने इस बार पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई है. बीजेपी ने 48 सीटों पर जीत हासिल की है, जबकि कांग्रेस के खाते में 37 सीटें गई है.नायब सिंह सैनी के शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी, अमित शाह, राजनाथ सिंह, मनोहर लाल खट्टर समेत बीजेपी के कई नेता शामिल थे. इसके अलावा कई राज्यों के सीएम और पार्टी के वरिष्ठ नेता भी मंच पर मौजूद थे. इसके लिए पंचकूला में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे. नायब सिंह सैनी दूसरी बार हरियाणा के सीएम बने हैं. इससे पहले 12 मार्च 2024 को वह पहली बार हरियाणा के मुख्यमंत्री चुने गए थे. पिछले 10 साल से सत्ता पर काबिज बीजेपी ने इस बार हरियाणा में अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. राज्य की 90 में से 48 सीटों पर अपना परचम लहराया. वहीं, कांग्रेस को 37 सीटों पर जीत मिली.

## बहराइच हिंसा : एनकाउंटर के बाद पुलिस ने 5 को दबोचा

एजेंसी

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के बहराइच में हिंसा के आरोपी सरफराज समेत पांच को पुलिस ने एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया है. नेपाल के रूपैडीहा बॉर्डर के पास ये एनकाउंटर हुआ है. इस मुठभेड़ में सरफराज घायल हो गया. बताया जा रहा है कि सरफराज नेपाल भागने की फिराक में था.पुलिस ने सरफराज के करीबी दानिश को गिरफ्तार किया था. यूपी पुलिस ने बॉर्डर इलाके में सर्च ऑपरेशन तेज किया और सरफराज को लोकेट कर एनकाउंटर में गिरफ्तार कर लिया. घायल हालत में सरफराज को बहराइच के नानपारा अस्पताल ले जाया गया. यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ में पांच लोग पकड़े गए हैं. इनमें सरफराज उर्फ़ रिंकू और तालिम उर्फ़ सबलू को गोली लगी है. उन्होंने साथ ही बताया कि राम गोपाल की हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है.पुलिस ने बताया कि पहले दो की निशानदेही पर मर्डर में प्रयुक्त हुए हथियार की बरामदगी के लिए जब पुलिस टीम वहां गई तो इनके द्वारा वहां रखे हथियारों से पुलिस पर फायरिंग की गई.

Asarfi Hospital

असर्फी हॉस्पीटल

आपका अपना सुपरस्पेशलिटी हॉस्पीटल

Super Specialist Cardiology & Electrophysiology



Dr. Sachin Yalagudri

Consultant Cardiologist

Consultant Electrophysiologist

AIG Hyderabad

दिनाँक :- 19th Oct. 2024

दिन :- शनिवार

समय :- सुबह 10 बजे से 5 बजे तक

7808368888

Electrophysiologic study, Radiofrequens ablation will be perforon for Patient Suffering from SUT

Baramuri, P.O.: Bishunpur Polytechnic, Dhanbad- 828130

# आयुक्त ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का किया भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** विधानसभा आम चुनाव, 2024 के दृष्टिगत प्रमंडलीय आयुक्त बाल किशुन मुंडा ने पलामू जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में अवस्थित मतदान केंद्रों का भ्रमण किया। आयुक्त ने मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए उपलब्ध आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं का आकलन और मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध होने से चुनावी प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए की जाने वाली गतिविधियों यथा उनके निबंधन, मतदान दिवस के दिन परिवहन की सुविधा, रैंप, मतदान केन्द्रों पर व्हील चेयर, चेयर की व्यवस्था, मतदाताओं के लिए लगे कतार के बीच उनकी सुविधा हेतु बेंच या कुर्सी लगाने, बारिश या धूप से बचाव के लिए शेड, मतदाताओं के सहयोग के लिए वोलेंटियर का सहयोग लेने की व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय, मतदान कक्ष में समुचित प्रकाश व्यवस्था, पंखा आदि न्यूनतम सुविधाएं होने से मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाता बेहतर महसूस करेंगे। इसके पूर्व आयुक्त ने निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मापदंडों के तहत संबंधित विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्रों पर कार्यरत बीएलओ से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो, दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं की संख्या एवं उनकी स्थिति तथा मतदान केन्द्रों पर पहुंचकर वे मतदान करने में सक्षम हैं या नहीं! आदि बिन्दुओं की अद्यतन स्थिति की सूक्ष्मता से जानकारी ली। साथ ही मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया। आयुक्त ने पुरूषों एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था करते हुए उसे क्रियाशील बनाने, ब्लीचिंग पाउडर डालकर शौचालय को स्वच्छ रखने, उसमें रनिंग वाटर की व्यवस्था, शौचालय जाने वाले रास्तों के लिए साइनेज लगाने संबंधी निदेश दिया। साथ ही मतदान कक्ष में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं रैंप का मरम्मती कराते हुए उसे दुरुस्त कराने का निदेश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। वहीं मतदान केंद्रों पर उपलब्ध कराये जाने वाले आवश्यक न्यूनतम सुविधाओं के संबंध में क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करने का भी निदेश दिया।

# विधानसभा चुनाव को लेकर बीडीओ सह सीओ ने राजनितिक दलों के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** गुरुवार को विशुनपुरा प्रखंड मुख्यालय परिसर में वीडियो सह अंचलाधिकारी प्रमोद कुमार ने उपस्थिति कर्मियों तथा राजनितिक दलों के साथ गुरुवार को बैठक कर आगामी 13 नवंबर को पहले चरण का हो रहे विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वही उन्होंने सभी राजनितिक दलों को आदर्श अचार संहिता पालन करने तथा बिना आदेश लगाए गए बैनर पोस्टर को हर हाल मे हटाने निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं के बीच जागरूकता अभियान चलाकर हर हाल में मतदान का प्रतिशत बढ़ाना हम लोगों का लक्ष्य हैं। जिसमे हम सभी को मिलकर काम करना होगा. वही चुनाव से पहले प्रखंड में बनाए गए 32 बूथों का निरीक्षण कर हर संभव सुविधा बहाल करने कि बात कही।बैठक मे कांग्रेस पार्टी से शैलेन्द्र प्रताप देव, भाजपा से अजय पाल, अशोक पासवान, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के भर्दुल चंद्रवंशी, धर्मेंद्र सिंह, मानिक सिंह, संजय चंद्रवंशी, बहुजन समाज पार्टी के दायाशंकर गुप्ता, सुदामा राम सहित प्रखंड सह अंचलकर्मी उपस्थिति थे।

# सीओ राकेश श्रीवास्तव ने हटवाया बैनर-पोस्टर




**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आचार संहिता व बिधानसभा चुनाव को लेकर पाटन सीओ राकेश कुमार श्रीवास्तव ने पाटन के विभिन्न क्षेत्रों में घूम कर राजनीतिक दल के पोस्टल बैनर को उतरवाया। इस संबंध उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता का पालन करना है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि कोई भी राजनीतिक दल या पार्टी के झंडा बैनर पोस्टर चौक चौराहे पर नहीं लगाएंगे। पोस्टल झंडा बैनर लगाए जाने पर चिन्हित कर लोगों को निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही प्रखंड के सभी राजनीतिक पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष और सचिव के साथ बैठक कर निर्देशित किया कि आदर्श आचार संहिता चुनाव के नियमों का पालन करना सुनिश्चित करेंगे। साथी उन्होंने सभी राजनीतिक दल को आचार संहिता उल्लंघन से बचने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग के आदेश के अनुसार चुनाव में कार्य करना है।

# विधानसभा चुनाव को लेकर केतार बीडीओ ने किया बूथों का निरीक्षण



**केतार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार के द्वारा गुरुवार को प्रखंड अंतर्गत बूथ का निरिक्षण किया गया। इस दौरान मूल-भूत सुविधा पानी, शौचालय, विद्युत, रैंप के सम्भन्ध में प्रधानाध्यापक को ठीक कराने को लेकर निर्देशित भी कीया गया। उक्त बुथ 49, 50, 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 63, सहित अन्य का निरीक्षण किया गया।

# 7 वर्षीय छात्रा की पिटाई से बेहोश होने का मामला, शिक्षक पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** मझिआंव प्रखंड के नव प्राथमिक विद्यालय चिरकुटही में 7 वर्षीय छात्रा की पिटाई का मामला सामने आया है। आरोप है कि पारा शिक्षक सह हेड मास्टर राजेंद्र प्रजापति ने छात्रा को गिनती भूल जाने पर खजूर की छड़ी से बुरी तरह पीटा, जिससे वह बेहोश हो गई। छात्रा की मां, अनिता देवी, ने थाना में प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है और न्याय की गुहार लगाई है।अनिता देवी के अनुसार, शिक्षक ने गिनती के दौरान छोटी सी गलती पर उनकी बेटी को बुरी तरह पीटा, जिसके कारण छात्रा की पीठ पर गहरी चोटें आईं। पिटाई के बाद मासूम छात्रा बेहोश हो गई और शिक्षक उसे वहीं छोड़कर घर चला गया। घटना की जानकारी अन्य बच्चों ने छात्रा की मां को दी। होश आने पर छात्रा ने अपनी मां को पूरी घटना बताई, जिसके बाद उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल भेजा गया।बुधवार दोपहर करीब 2 बजे यह घटना घटी। इलाज के बाद बुधवार देर रात घर पहुंचने पर लड़की फिर से बेहोश हो गई, जिससे परिवार में हड़कंप मच गया। पुनः उसे रात में ही अस्पताल ले जाया गया। अनिता देवी का कहना है कि यह पहली बार नहीं है जब शिक्षक ने बच्चों के साथ इस तरह की मारपीट की है। उन्होंने चार अन्य मामलों का जिक्र किया, जहां बच्चों को मारपीट के बाद डराया-धमकाया गया था ताकि वे थाना न जा सकें।अनिता देवी ने चेतावनी दी कि अगर पुलिस से उन्हें न्याय नहीं मिलता तो वे पुलिस अधीक्षक और न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगी। आरोपी पारा शिक्षक राजेंद्र प्रजापति ने छात्रा की पिटाई की बात स्वीकार किया है।

# श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर निकला भव्य कलश यात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** पलामू जिले के उंटारी प्रखंड स्थित प्रसिद्ध प्राचीन देव स्थल शिव संपत धाम प्रांगण में आयोजित 25 कुण्डीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर गुरुवार को भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई.कलश यात्रा की शुरुआत यज्ञशाला से हुआ.बाजे गाजे के साथ जयकारे के बीच श्रद्धालु तीन किमी दूर नंगे पांव कोयल नदी तट पर गए,जहां धार्मिक अनुष्ठान के बीच कलश में जल भरा गया.लक्ष्मी नारायण नारायण नारायण का जयघोष करते श्रद्धालु वापस यज्ञ स्थल पर पहुंचे. जिसके बाद यज्ञशाला में पूरे विधि विधान के साथ कलश की स्थापना कराई गई.कलश स्थापना के साथ ही पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू हो गया.शोभा यात्रा में रथ पर सवार राम दरबार की झांकी श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहा. शोभा यात्रा में शामिल वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह ने कहा कि धर्म के मर्म को समझने की जरूरत है.सनातनियों को धार्मिक ग्रंथों के बताए मार्ग पर चलना चाहिए.यहां बताते चलें कि यह महायज्ञ भारत के महान मनीषी संत श्रीत्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की उपस्थिति में संपन्न होगा। महायज्ञ में अनेकानेक वैदिक धार्मिक अनुष्ठानो सहित कथाओं का दिव्य आयोजन किया गया है. महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अक्तूबर को महाभंडरे के साथ होगी.महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सह जिला पार्षद अरविंद सिंह ने बताया कि महायज्ञ में सैकड़ों साधु संतों का समागम होगा। अनेकानेक वैदिक धार्मिक अनुष्ठान होगा।

# रमना में अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, भारी मात्रा में शराब बरामद



**बंशीधर नगर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होते ही पुलिस प्रशासन ने अवैध गतिविधियों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। रमना थाना क्षेत्र के मानदोहर में अशोक राम के किराना दुकान से पुलिस ने गुरुवार को भारी मात्रा में अवैध देशी और विदेशी शराब बरामद की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 20 लीटर महुआ शराब, बियर केन, बियर बोतल, बैड मंकी, विस्की और अन्य शराब जब्त की। पुलिस ने इस मामले में अशोक राम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO) सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई थी। पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दुकान से अवैध शराब की तस्करी का खुलासा किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अनिमेष शांतिकारी, इंस्पेक्टर रत्न कुमार सिंह, और अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

# सोन नदी में डूब कर सगे भाई-बहन की हुई मौत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार :** प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत लोहरगड़ा गांव निवासी उपेंद्र चौधरी के 10 वर्षीय पुत्र अंकुश कुमार एवं 7 वर्षीय पुत्री खुशबू कुमारी की मौत गुरुवार को सोन नदी में डूब कर हो गई। मिली जानकारी के अनुसार भाई-बहन दोनों स्कूल में छुट्टी के बाद बच्चों के रीझ में नहाने को लेकर सोन नदी में गए थे। परंतु सोन नदी में अधिक पानी होने के कारण दोनों बच्चे डूब गए। साथ में नहा रहे बच्चों ने परिजनों को खबर दिया खबर सुनते ही परिजन एवं स्थानीय लोग सोन नदी में उतरकर खोजबीन किया इसके पश्चात दोनों का शव बाहर निकला गया। यह खबर पूरे गांव में आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। सूचना पाकर स्थानीय हरिहरपुर ओपी की पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंची और अग्रेतर कार्रवाई में छूट गई है।

## भाजपा में टिकट बंटवारे की सरगर्मी तेज

# बिश्रामपुर से रामचंद्र चंद्रवंशी, भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही, गढ़वा से सत्येंद्र नाथ तिवारी लड़ेंगे चुनाव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में टिकट बंटवारे की प्रक्रिया ने रफ्तार पकड़ ली है। मंगलवार को संपन्न हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में उम्मीदवारों के नामों को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए हैं। सूत्रों के अनुसार, बिश्रामपुर से पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही, गढ़वा से सत्येंद्र नाथ तिवारी, डाल्टनगंज से आलोक चौरसिया, और हुसैनाबाद से कमलेश सिंह को चुनावी मैदान में उतारने का निर्णय लिया गया है। पलामू प्रमंडल में पुरानों पर भरोसा कर टिकट दिया जा रहा है।भाजपा इस बार पलामू प्रमंडल में किसी नए चेहरे पर दांव लगाने के बजाय पुराने और अनुभवी नेताओं पर ही विश्वास जता रही है। बिश्रामपुर से पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। जबकि गढ़वा से सत्येंद्र नाथ तिवारी और भवनाथपुर से भानु प्रताप शाही पर भी भरोसा कायम रखा गया है। अन्य सीटों पर भी भाजपा ने ज्यादातर पुराने प्रत्याशियों को ही मैदान में उतारा है, जिनमें हुसैनाबाद से कमलेश सिंह, डाल्टनगंज से आलोक चौरसिया, छतरपुर से पुष्पा देवी, लातेहार से प्रकाश राम, मानिका से हारेकृष्णा सिंह, और पांकी से शशि भूषण मेहता शामिल हैं। आजसू के साथ तालमेल से सूची जारी करने में विलंब भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने सूची फाइनल कर ली है, लेकिन आजसू (ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन) के साथ तालमेल बैठाने के कारण सूची की औपचारिक घोषणा में विलंब हो रहा है। पहले मंगलवार को सूची जारी होने की संभावना था। लेकिन अब उम्मीद की जा रही है कि आज शाम तक भाजपा झारखंड के अधिकांश उम्मीदवारों की सूची घोषित कर सकती है। झारखंड विधानसभा चुनाव इस बार कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। भाजपा का यह उम्मीदवार चयन पार्टी को कितना फायदा दिलाता है, यह देखने वाला विषय हैं।

# बीडीसी के आरोप को ग्रामीणों ने बताया बेबुनियाद



**विशुनपुरा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** अमहर पंचायत बीडीसी भरदूल चंद्रवंशी द्वारा न्यूज पेपर के माध्यम से अवैध तरीके से जलमिनार और नाली निर्माण के नाम पर पैसे निकासी का आरोप प्रखंड प्रमुख और प्रखंड के अधिकारी और कर्मी पर लगाया था। जिसे ग्रामीणों ने बेबुनियाद बताया है। उनका कहना है की कुछ लोग प्रमुख की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान होकर इस तरह के आधारहीन आरोप लगा रहे है। जिन योजनाओं को लेकर प्रमुख और प्रखंड कर्मी पर पैसा निकासी का आरोप लगाए गए है, सभी योजना धरातल पर है। इसका जांच किया जा सकता है ।सारंग पंचायत में लगे जल मीनार का स्थान परिवर्तन करने के बारे में प्रमुख दीपा कुमारी से बात करने पर बताया गया की यह योजना रघु सिंह के घर के पास था। जो व्यक्ति विशेष से जुड़ा था और वहां पर पहले से एक चापाकल था और उससे थोड़ी दूरी पर एक घनी आबादी है जिसे हरिजन टोला के नाम से जाना जाता है। वहां पर पिछले वर्ष भीषण गर्मी में लोग पानी को तरस रहे थे। करीब 500 मीटर दूर स्थित एक सरकारी स्कूल के पास चापाकल से पानी ला कर पीने को विवश थे। पानी की इस समस्या को लेकर कई बार लोगो का आवेदन प्रखंड और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को मिला था। इस लिए लोगो की पेय जल की समस्याओं को देखते हुए जल मीनार का स्थान बदल दिया गया था।

# खेल को करियर बनाए : डीसी

## 24 वीं झारखंड स्टेट टेबल टेनिस प्रतियोगिता




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के मेजबानी में खेले जा रहे 24 वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के दूसरे दिन प्रतियोगिता के दौरान डीसी शेखर जमुआर ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल जिसे पहले लोग एक शौक के रूप में देखते थे,आज युवाओं के बीच इसे करियर विकल्प के रूप में गंभीरता से लिया जा रहा है।आप लोग सही समय पर खेल को खेल रहे हैं। आप लोग इसे सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं बल्कि इसे कैरियर के रूप में अपनाने के लिए खेले। सरकार आपको सिर्फ सामान आपूर्ति कर सकता है पर आपका संघ आपको आगे ले जाने में मदद करेगा। झारखंड टेबल टेनिस एसोसिएशन के सचिव सर्वजीत सिंह ने कहा कि गढ़वा जिला कम समय में टेबल टेनिस में काफी तेज गति से आगे बढ़ रहा है। जिला में राज्य स्तर के प्रतियोगिता कराने के बाद यहां और खिलाड़ियों की संख्या बढ़ेगी।मैच के दूसरे दिन चैंपियनशिप में महिला वर्ग में ईस्ट सिंहभूम ने गढ़वा को तीन दो से, यूथ अंडर 15 बालक वर्ग में रांची ने गढ़वा को और बालिका अंडर 15 वर्ग आयु वर्ग में ईस्ट सिंहभूम ने रांची को तीन दो से हराया। झारखंड राज्य टेबल टेनिस संघ के सचिव समरजीत सिंह ने कहा कि गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के तत्वावधान में आयोजित यह प्रतियोगिता अच्छी तरह से चल रही है। खिलाड़ी अनुशासन का पालन करते हुए खेलें 7 अनुशासित व्यक्ति अपने जीवन के हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करता है।

# पुत्र का हत्यारा पिता प्रेमिका के साथ गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** अवैध संबंध में रोड़ा बन रहे पुत्र को पिता ने मौत के घाट उतार दिया। घटना के 24 घंटे के भीतर पुलिस ने आरोपी पिता और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में साथ देने वाले दो आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापामारी कर रही है।बता दें कि दो दिन पहले पलामू जिले के सतबरवा थाना क्षेत्र अंतर्गत खामडीह के पूर्णाडीह टोला में सकेन्द्र साव (24) की धारदार हथियार से हत्या कर दी गयी थी। इस संबंध में मृतक की मां रविंदा देवी ने लेस्लीगंज के रजहरा की रहने वाली बेबी देवी (31) के खिलाफ सकेन्द्र की हत्या करा देने की एफआइआर दर्ज करायी थी। इस हत्याकांड में पिता पर भी संदेह था। पुलिस ने मौके से पिता को हिरासत में लिया था और पूछताछ के बाद 24 घंटे के भीतर हत्या मामले का खुलासा किया।पुलिस अधीक्षक कार्यालय में मेदिनीनगर सदर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने गुरूवार को पत्रकारों को इस संबंध में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15 अक्टूबर की सुबह सकेन्द्र साव की हत्या की जानकारी होने पर थाना प्रभारी अंचित कुमार के नेतृत्व में टीम गठित कर कार्रवाई शुरू की गयी। टीम में पु.अ.नि. विश्वनाथ कुमार राणा, स.अ.नि. बसंत दुबे, सुबोध कुमार, जवान संजय तिग्गा एवं वीरेन्द्र कुमार को शामिल किया गया। छानबीन और एफआइआर के आधार पर हत्या की गुत्थी सुलझाई गई।

**पांच वर्ष से था अवैध संबंध**

एसडीपीओ ने कहा कि सरेश साव और बेबी देवी के बीच पांच वर्ष से अवैध संबंध था। बेबी भी शादीशुदा है और उसके बच्चे भी हैं। उसके पति का पिछले पांच साल से कोई अतापता नहीं है। इस अवैध संबंध का सकेन्द्र विरोध करता था। कई बार मारपीट भी हुई थी। घटना वाली रात भी सकेन्द्र और उसके पिता के बीच विवाद हुआ था। लगातार विवाद और विरोध के कारण बेबी और सरेश ने मिलकर सकेन्द्र की हत्या की योजना बनायी। इस घटना में दो अन्य लोगों को भी शामिल किया गया। घटनास्थल पर तीन लोगों की मौजूदगी रही। टांगी से सकेन्द्र की हत्या की गयी।

# राशन डीलर की मनमानी, कम राशन देने पर ग्रामीणों ने किया विरोध, बर्खास्तगी की मांग



**चैनपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** चैनपुर प्रखण्ड क्षेत्र के पतरिया कला पंचायत का ग्रामीणों ने दुर्गा महिला स्वयं सहायता समूह व माता महिला स्वयं सहायता समूह के द्वारा संचालित जनवितरण प्रणाली की दुकान में अनियमितता का आरोप लगाया है। वहीं राशन वितरण में भारी अनियमितता बरतने के खिलाफ़ प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार को आवेदन दिया। मौके पर ग्रामीण शंभू चौधरी,चतनी देवी,सीमा देवी, ललन चौधरी,कृष्ण चौधरी,मनीष चौधरी,सूबेदार सिंह,बीरेंद्र चौधरी,मनोज चौधरी सहित दर्जनों लोगों ने बताया कि दुर्गा स्वयं सहायता समूह व माता स्वयं सहायता समूह का डीलरो ने पिछले छह माह से हम सभी कार्डधारियों को साढ़े तीन केजी कभी साढ़े चार केजी देती आ रहीं हैं और जब इसका विरोध हम सभी कार्डधारियों ने किया तो डीलर ने मनमानी तरीके से कहा कि जहां जाना हैं जा सकते हों हमारा तुमलोग कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे हम जो राशन दे रहें हैं वह लेना हैं तो लो और नहीं लेना हैं तो घर जाव जबकि सरकार गरीब व असहायों के लिए प्रत्येक माह एक यूनिट पर पांच केजी राशन देने का काम करती हैं जिससे कि गरीब व असहायों का उधार हो सकें लेकिन डीलर गरीब व असहायों का मनमानी तरीके से हक़ डकारने में लगें हैं। इधर इस संबंध में प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि डीलर अगर मनमानी कर रहें हैं तो जांच कर वैसे डीलरो के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

**संक्षिप्त खबरें**

### राज्यपाल से बिनोबा भावे विवि के प्रभारी कुलपति सहित अन्य लोगों ने की मुलाकात

**रांची :** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को बिनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति प्रो. पवन कुमार पोद्दार ने राजभवन में भेंट की। इस दौरान प्रभारी कुलपति ने विश्वविद्यालय के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों से राज्यपाल को अवगत कराया। दूसरी ओर राज्यपाल से सामाजिक कार्यकर्ता 'ऊर्जा मैन' रंजीत साहू ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की। साथ ही राज्यपाल से पलामू के प्रगतिशील कृषक उद्यमी वीकेएस एग्रीफार्म प्रोड्यूसर कंपनी के निदेशक प्रिय रंजन सिंह ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

### राजद संसदीय बोर्ड की बैठक में 22 सीटों पर चुनाव लड़ने का लिया गया निर्णय

**रांची :** प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल संसदीय बोर्ड की आवश्यक बैठक संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सुरेश पासवान की अध्यक्षता में प्रदेश कार्यालय में गुरुवार को हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि झारखंड में हो रहे विधानसभा चुनाव में राजद 22 सीटों पर चुनाव लड़ने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि सभी सीटों का चयन और प्रत्याशियों का चयन राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव करेंगे ।संसदीय दल के बैठक में सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष को निर्णय लेने के लिए अधिकृत किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार सिंह यादव,संसदीय बोर्ड के सदस्य और झारखंड सरकार के मंत्री सत्यानंद भोक्ता, संसदीय बोर्ड के सदस्य डॉ मनोज कुमार,राजकुमार यादव सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

# अब सिमडेगा में जेएससीए स्टेडियम का होगा निर्माण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जेएससीए में आये अधिकारियों ने किया 7 एकड़ भूमि का अवलोकन किया। स्टेडियम निर्माण कोई लेकर एजीएम जमशेदपुर में पहले ही लग चुकी है मुहर। खेल की नगरी सिमडेगा में अब हॉकी के साथ साथ क्रिकेट को भी एक नई मुकाम देने की तैयारी शुरू कर दी है जेएससीए परिवार ने। जेएससीए और जिला प्रशासन मिलकर जिले में क्रिकेट को एक आयाम देने की दिशा में कदम बड़ा दिया है। खेल की नगरी सिमडेगा जिसने आज तक हॉकी खेल में अपना दबदबा बना कर रखा था अब क्रिकेट के खिलाड़ियों को भी जेएससीए देगा स्टेडियम में खेलने की सुविधा। जल्द होगा सिमडेगा में स्टेडियम निर्माण। स्टेडियम निर्माण को लेकर आज सिमडेगा पहुँचे थे जेएससीए के लोग। जेएससीए की सोच सिमडेगा के गांव से निकले आने वाले समय में क्रिकेट के धुरंधर। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से जिले में एक क्रिकेट स्टेडियम सह एकेडमी बनाने की कवायद की जा रही है जो आने वाले समय में सिमडेगा को क्रिकेट के क्षेत्र में एक नई उच्चाई देगा। जिला प्रशासन ने इसके लिए बाकायदा जमीन उपलब्ध करा दी है। आज झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के एस सिंह, राजेश वर्मा और एके सिंह सिमडेगा पहुंचे और सिमडेगा क्रिकेट एसोसिएशन के सदस्यों के साथ जमीन का अवलोकन किया। इस दौरान जिला खेल पदाधिकारी भी साथ थे।

उन्होंने स्टेडियम का स्थल निरीक्षण कराया। सिमडेगा जिला के सचिव श्रीराम पुरी ने आग्रह किया जल्द हो इस स्थल में स्टेडियम का निर्माण ताकि खिलाड़ियों को मौका मिले अच्छे से खेलने का। जेएससीए से आये राजेश वर्मा बॉबी ने कहा की इस खूबसूरत स्थल में जल्द बच्चे खेलते नजर आयेंगे यही सपना को साकार करने के लिए हम लोग सिमडेगा आये है।स्थल जांच के बाद सभी लोगों ने उपायुक्त से मुलाकात कर उनका आभार जताया। साथ ही प्रशासन द्वारा दिए गए जमीन पर स्टेडियम के खाका तैयार किया गया। डीसी अजय कुमार सिंह ने जेएससीए की टीम को हर संभव सहयोग देने की बात कही है।इस मौके पर प्रवीण कुमार जिला खेल पदाधिकारी एवं जिला क्रिकेट संघ के राजेश शर्मा,तौकीर उस्मानी, जवाहर चौधरी,दिलीप तिर्की,धनंजय कुमार और सिमडेगा अंचल के सीआई और कर्मचारी भी मौजूद थे।

# बड़ी घटना को अंजाम देने से पहले ही पुलिस ने 6 अपराधियो को किया गिरफ्तार




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** चेन छीनताई करने वाले आरोपी की खोज करते-करते पुलिस पहुंची चेन छीनताई करने वाले गिरोह के पास। समय से नहीं पकड़े जाते तो देते बड़ी घटना को अंजाम।बता दें कि झारखंड विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रांची जिला अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्रों को देखते हुए रांची पुलिस भी पूरी तरह से रेस हो गई है । अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रखी है । इसी अभियान के तहत बीआईटी मेसरा ओपी अंतर्गत अपराधियों के खिलाफ छापेमारी अभियान चला रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने संयुक्त रुप से पत्रकारों को संबोधित किया। मौके पर वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बी आई मेसरा ओपी अंतर्गत ग्राम चुट्टू में अशरफ अंसारी के मकान में कुछ अपराध कर्मी जमा होकर कहीं डकैती करने की योजना बना रहे। इसी सूचना के आधार पर नगर पुलिस अधीक्षक राजकुमार मेहता को पूरी जानकारी दी गई। उनके निर्देश पर सदर पुलिस उपाधीक्षक संजीव बेसरा के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। जिसमें बीआईटी मेसरा ओपी प्रभारी संजीव कुमार कि सूज बुझ से सही समय पर छापेमारी अभियान चलाकर छह युवकों की गिरफ्तारी की गई है । गिरफ्तार आरोपियों में इमरान अंसारी, आफताब अंसारी, सत्यम कुमार महतो , अरशद आलम, सनु अंसारी शामिल हैं। इन सबके पास से एक देसी पिस्टल, 3 7.6 5 मिमि मीटर का जिंदा गोली, दो मोटरसाइकिल एवं 10220 भी बरामद किया गया है। इन सबकी गिरफ्तारी वहीं अहमद उर्फ अरमान जो चेन छीनताई करता है। वसी अहमद ने स्वीकार किया है कि वे कई जगहों पर चेन छीनताई की घटना को अंजाम दिया है। छापेमारी तल में डीएसपी संजीव, बीआईटी मेसरा ओपी प्रभारी संजीव कुमार , पुअनि वसंत कुमार , स अनि पिंटू हांसदा, संजीव सिंह कुन्तियां आदि शामिल थे।

## समाहरणालय का ए ब्लॉक के तीसरे तल्ले पर आवारा कुत्ता करते हैं भ्रमण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** रांची समाहरणालय का ए ब्लॉक में सुरक्षा के पुख्ते इंतेजाम होने के बावजूद समाहरणालय ए ब्लॉक के तीसरे तल पर आवारा कुत्ते घूमते हुए सीढ़ियों से ऊपर तल की ओर चढ़ते हुए तीसरी मंजिल पर पहुंच जाता है। लेकिन इसे रोकने वाला कोई नहीं होता है । समाहरणालय में प्रशासनिक अधिकारियों से लेकर आम जन तक का आना जाना होता है। यह भीड़भाड़ वाला जगह होता है, यहां सभी लोग अपने जरुरी काम से आते हैं यदि आवारा कुत्ता किसी को काट ले तो यह खतरनाक साबित हो सकता है। इन सब की चिंता प्रशासनिक पदाधिकारी एवं सुरक्षा कर्मियों को नहीं है ।

# सरकार को पांच सालों में जनता की याद नहीं आई : सुदेश महतो



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि हेमंत सरकार ने जनादेश का अपमान कर जनता को सिर्फ छलने का काम किया है। इन्हें पिछले पांच सालों में जनता की याद तक नहीं आई और चुनाव सामने देख फिर लोगों को भ्रामित करने में जुट गए हैं। जनता इनकी वादाखिलाफियों का जवाब अपने मताधिकार से देगी। सुदेश कुमार महतो गुरुवार को अपने कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह में बोल रहे थे। इस दौरान मांडू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत डाड़ी प्रखण्ड के रिझु चौधरी और दिवाकर महतो के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं और माण्डू मुखिया अनिता देवी और छोटेलाल भुइयां के नेतृत्व में भुइंया समाज के कई लोगों ने पार्टी के सदस्यता ग्रहण की। जेएमएम और कांग्रेस की जोड़ी ने राज्य का हाल बेहाल कर दिया। युवा, महिला, किसान, बुजुर्ग समेत समाज का हर वर्ग इस सरकार से परेशान है। सरकार के आचरण से त्रस्त जनता अब बदलाव के लिए तैयार है। सैकड़ों वादों की पोटली लेकर सत्ता में आई इस सरकार ने अपने एक भी वादे को पूरा नहीं किया। राजनीति एक जवाददेह विषय है। सरकार इस जवाबदेही का निर्वहन नहीं कर पाई। युवाओं को नौकरी के नाम पर बरगला कर इन्होंने उनका मत हासिल किया और सत्ता पर काबिज हो गए लेकिन पांच साल से युवा अपने हक अधिकार के लिए सड़कों पर है।

## झारखंड राज्य-स्तरीय बालक-बालिका मलखंब प्रतियोगिता 19 से रांची में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन से पंजीकृत रांची जिला मलखंब एसोसिएशन के तत्वाधान में झारखंड राज्य स्तरीय बालक - बालिका मलखंब प्रतियोगिता का आयोजन 19 एवं 20 अक्टूबर 2024 को बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय , सेक्टर-2,धुर्वा, राँची के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता 3 आयु वर्गो में आयोजित की जाएगी,जिसमें सब जूनियर 14 वर्ष से कम ,जूनियर 18 वर्ष से कम ,सीनियर 18 वर्ष से ऊपर।

बालक वर्ग के लिए पोल मलखंब,रोप मलखंब, हैंगिंग मलखंब और पिरामिड प्रतियोगिता जबकि बालिका वर्ग के लिये रोप मलखंब ,पोल मलखंब और पिरामिड की प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।इसी प्रतियोगिता के आधार पर जूनियर एवं सीनियर झारखंड बालक-बालिका टीम का चयन किया जाएगा जो आगामी माह दिनांक 14 से 18 नवम्बर 2024 तक विलासपुर, छत्तीसगढ में आयोजित जुनियर एवं सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

सभी जिला अध्यक्ष/महासचिव से आग्रह है कि सभी वर्गो में कम से कम छह खिलाड़ी का प्रवेश जरूर कराना सुनिश्चित करेंगें। प्रतियोगिता का उद्घाटन शनिवार को पूर्वाह्न 11 बजे किया जाएगा ।

यह जानकारी झारखंड राज्य मलखंब एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

## करवा चौथ दांपत्य जीवन में लेकर आता है अपार खुशियां : संजय सर्राफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि सनातन धर्म में सुहागिनों द्वारा रखे जाने वाला करवा चौथ का पर्व बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। हर वर्ष करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखने का विधान है। इस दिन विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती है। वही कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की कामना के लिए करवा चौथ का व्रत करती है यह व्रत निर्जला रखा जाता है। रात के समय चांद देखकर इस व्रत का पारण किया जाता है। इस दिन महिलाएं चांद निकलने तक अन्न, जल का त्याग करती है उसके बाद शाम को छलनी से चांद देखकर और पति की आरती उतार कर अपना व्रत खोलती है। साथ ही मां पार्वती, भगवान शिव और गणेश जी की पूजा की जाती है। इस वर्ष कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि 19 अक्टूबर को शाम 6 बजकर 17 मिनट पर आरंभ हो रहा है। और 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में करवा चौथ का व्रत रविवार 20 अक्टूबर को किया जाएगा। करवा चौथ का व्रत की परंपरा सदियों पुरानी है। शास्त्रों के अनुसार माता पार्वती ने शिव को पाने के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था इस व्रत के बाद ही उनका विवाह शिवजी से हुआ। इसके बाद से ही करवा चौथ व्रत की शुरुआत हुई। एक अन्य मान्यता के अनुसार एक बार जब देवताओं का राक्षसों के साथ युद्ध चल रहा था तो उस समय सभी राक्षस देवताओं पर भारी पड़ रहे थे। तो सभी देवी ब्रह्मा देव के पास पहुंचते हैं और उन्हें सारी बात बताई और उनसे कहा कि वह अपनी पतियों की रक्षा के लिए क्या कर सकती है। तब ब्रह्मा देव ने उन्हें करवा चौथ का व्रत रखने का सुझाव दिया। ब्रह्मा देव के बताए अनुसार सभी महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा जिस वजह से देवताओं की रक्षा हो सकी। तभी से करवा चौथ का व्रत रखने की परंपरा चली आ रही है। करवा चौथ के दिन चंद्रमा से अमृत की वर्षा होती है इसलिए सुहागिन महिलाएं चंद्रमा से अपनी पति की सुख, समृद्धि और लंबी आयु की कामना करते हुए चंद्रमा की पूजन करती है यह व्रत दांपत्य जीवन में अपार खुशियां लेकर आता है।

## फ़िज़िक्स वाला पीडब्लू लॉन्च करेगा 77 नए टेक-इनेबल्ड विद्यापीठ ऑफलाइन सेंटर्स




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** फ़िज़िक्स वाला (पीडब्लू), भारत की प्रमुख एडटेक कंपनी, उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा देने के लिए शैक्षणिक वर्ष 25-26 में 77 नए ऑफलाइन टेक-इनेबल्ड लर्निंग सेंटर्स खोलने का ऐलान किया है। ये नए सेंटर्स तमिलनाडु, गुजरात, जम्मू-कश्मीर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कई अन्य राज्यों में खोले जाएंगे। इस विस्तार से पीडब्लू के ऑफलाइन सेंटर्स की कुल संख्या 126 से बढ़कर 203 हो जाएगी, जो 141 शहरों में होंगे। इस कदम का मकसद खासकर टियर 2 और टियर 3 शहरों के बच्चों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुँचाना है, ताकि देश के दूर-दराज़ के इलाकों तक भी इसका लाभ मिल सके। शैक्षणिक वर्ष 24-25 में पीडब्लू के विद्यापीठ और पाठशाला सेंटर्स में 2 लाख से ज़्यादा छात्रों ने एडमिशन लिया, जो पीडब्लू के मिशन पर लोगों के बढ़ते भरोसे को दर्शाता है। अगले शैक्षणिक वर्ष में पीडब्लू का लक्ष्य 2.5 लाख छात्रों को पढ़ाना है और कंपनी इस बात पर पूरी तरह से ध्यान देती है कि हर स्टूडेंट को उसकी पढ़ाई के लिए जरूरी गाइडेंस और संसाधन मिलें। आज लगभग हर IIT और हर AIIMS में पीडब्लू का कोई न कोई छात्र पढ़ रहा है। पीडब्लू के ऑफलाइन सेंटर्स दो मॉडल्स में बंटे हुए हैं ङ्क विद्यापीठ और पाठशाला । विद्यापीठ सेंटर्स टेक-इनेबल्ड हैं, जहाँ छात्र क्लासरूम में आकर अनुभवी टीचर्स से पढ़ाई करते हैं। वहीं पाठशाला मॉडल में दो-टीचर सिस्टम है, जहाँ एक टीचर वर्चुअली पढ़ाते हैं और दूसरा टीचर क्लासरूम में रहकर स्टूडेंट्स के सवालों के जवाब देता है।

# संत जेवियर्स कॉलेज में स्नातकोत्तर के नए छात्रों का हुआ स्वागत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में नए सत्र 2024-26 में नामांकित स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जेसुइट शिक्षा प्रणाली एवं विरासत पर चर्चा की गयी। तत्पश्चात कॉलेज के विजन एवं मिशन के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यार्थियों को कॉलेज में उपलब्ध सारी सुविधाओं, दिशा-निर्देशों एवं कॉलेज के विभिन्न कमिटियों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन. लकड़ा, एसजे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि चरित्र निर्माण, शिक्षा के उद्देश्य को पहचानिए और समाज को समर्थ बनाईये। उन्होंने जेसुइट सोसाइटी के स्वर्णिम इतिहास के बारे में भी छात्रों को बताया।

कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. फादर प्रदीप रोबर्ट कुजूर, एसजे ने स्पष्ट दिशा-निर्देश देकर बताया कि कॉलेज अनुशासन के कारण ही अग्रणी संस्थान के रूप में खुद को स्थापित किया है।

छात्रों को बताया कि वे अपने शैक्षिक जीवन को गंभीरता से लें और कठिन मेहनत कर अपना सर्वांगीण करें। मौके पर कॉलेज के रेक्टर फादर सुधीर मिंज, एसजे, उप-प्राचार्य(इवनिंग) डॉ. फादर अजय अरुण मिंज,एसजे, रजिस्ट्रार डॉ. फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, एसजे, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. फादर फ्लोरेंस पूर्ति, एसजे, तीनों संकाय के डीन, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा, आईक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, सभी विषय के विभागाध्यक्ष, बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर,एसजे, अन्य प्राध्यापकगण सहित नए छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### राज्यपाल से सामाजिक संस्था आरोहण के सदस्यों ने की मुलाकात

**रांची :** राज्यपाल संतोष गंगवार से राज भवन में गुरुवार को सामाजिक संस्था आरोहण के सदस्यों ने मुलाकात की। इस दौरान आरोहण के सदस्यों ने राज्यपाल से मुलाकात कर उन्हें अपनी संस्था के कार्यों के बारे में बताया। राज्यपाल ने उन्हें अच्छे कार्य करने के लिए शुभकामनाएं दिया। साथ ही साथ समाज को सुधारने के लिए नए नए विचारों को समाज के सामने लाने को कहा। मौके पर आरोहण के राजकुमार पोद्दार और अदिति प्रिया शामिल थे।

# मंईयां सम्मान योजना बनी, मंईयां अपमान योजना : बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना मंईयां अपमान योजना बन गई है। पिछले 5 साल से महिलाओं को सिर्फ ठगने वाले हेमंत सोरेन ने चुनाव नजदीक आते देख दिखावे की राजनीति के चलते मंईयां सम्मान योजना चालू तो की गई, लेकिन मंईयां सम्मान योजना, मंईयां अपमान योजना बनकर सामने आ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन मंईयां सम्मान योजना के नाम पर चल रही ठगी का खुलासा हो रहा है। कभी फॉर्म के नाम पर पैसा लिया जा रहा है तो कभी लिस्ट में नाम चढ़ाने के नाम पर, तो कभी खाते में पैसा भेजने के लिए भी पैसे लिये जा रहे हैं।

मरांडी ने कहा कि माताओं-बहनों का अपमान करना झामुमो-कांग्रेस की पुरानी परम्परा रही है। इसी को आगे बढ़ाते हुए हेमंत सरकार हर वह कदम उठा रही है, जिससे महिलाओं का अपमान किया जा सके। माताओं-बहनों को ठगा जा सके। उनके अधिकारों को छीना जा सके और उनके मान सम्मान अभिमान पर ठेस पहुंचाया जा सके। प्रदेश अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से कहा कि अब और नहीं। अब परिवर्तन की बेला आ गई है। प्रदेश की माताओं-बहनों ने आपके बेईमान इरादों को बखूबी जान लिया है। माताओं बहनों के नाम पर योजनाएं चलाकर पैसे वसूलने के आपके इरादों को भी



जनता ने समझ लिया है, जिसका परिणाम आगामी चुनाव में आपको देखने को मिलेगा।

## निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये सभी दिशा-निर्देशो का करें पालन : उपायुक्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, वरुण रंजन के द्वारा -17 अक्टूबर 2024 को आगामी विधानसभा निर्वाचन, 2024 हेतु गठित कोषांग के सभी वरीय पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में कोषांगो के द्वारा किए जा रहें कार्यो के सम्बन्ध में चर्चा की गई एवं विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में सभी कार्यो को ससमय सम्पादित करने का निर्देश दिया गया।बैठक में, उप विकास आयुक्त रांची, दिनेश कुमार यादव, सहायक समाहर्त्ता सह सहायक दंडाधिकारी, रांची आदित्य पांडेय, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, अखिलेश कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी रांची, उर्वशी पांडे, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रांची, सुरभि सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, बिवेक कुमार सुमन, जिला शिक्षा अधीक्षक रांची, बादल राज जिला पंचायती राज पदाधिकारी रांची, राजेश कुमार साहू, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रांची, प्रदीप भगत, जिला विज्ञान पदाधिकारी रांची, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रांची, रविशंकर मिश्रा एवं विभिन्न कोषांगो के पदाधिकारी एवं सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, वरुण रंजन के द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव 2024 की तैयारियों के निमित्त गठित किए गए विभिन्न कोषांगो के प्रभारी पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक में क्रमवार चर्चा करते हुए सभी सम्बंधित कोषांग के प्रभारी पदाधिकारियों को कहा गया की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों के अन्तर्गत दिये गये प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन की सभी प्रक्रिया ससमय सारणी के अनुसार पूरा करें। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में विधानसभा निर्वाचन 2024 के सफल क्रियान्वयन विभिन्न कोषांगो द्वारा जो भी कार्यभार एवं दायित्व दिए गए है उसका ससमय पालन करना सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी कोषांग अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन अच्छे तरीके एवं ससमय कराना सुनिश्चित करें।

## राज्यपाल से फेडरेशन ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का एक शिष्टमंडल मिला, सौंपा ज्ञापन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से गुरुवार को फेडरेशन ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की और विभिन्न विषयों से संबंधित ज्ञापन समर्पित किया। राज्यपाल को शिष्टमंडल ने राज्य में नए उद्योगों की स्थापना के लिए भूमि की सहज उपलब्धता और रुग्ण उद्योगों के पुनरुद्धार के लिए पहल करने, औद्योगीकरण को प्रोत्साहित करने के लिए मजबूत कानून-व्यवस्था के लिए कार्रवाई करने, एचईसी के पुनरुद्धार के लिए व्यापक प्रयास करने, ड्रग्स तस्करों पर कड़ी कार्रवाई करने, मतगणना कार्यो के लिए बाजार समिति की दुकानों,गोदामों के अधिग्रहण से हो रही परेशानी का समाधान करने को कहा। साथ ही, शिष्टमंडल के जरिये राज्य में उच्च और तकनीकी शिक्षण संस्थानों की एवं स्थापना तथा चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता के लिए पहल करने का आग्रह किया गया।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
झारखण्ड
रांची, शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024 | पेज


## पिपरवार क्षेत्र के नए एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर हेमचंद महतो ने दिया योगदान



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के नए एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर के रूप मे हेमचंद महतो ने अपना योगदान दे दिया है।योगदान देने के साथ ही उन्होंने अपना कार्यभार संभाल लिया है।जानकारी के अनुसार गुरूवार को पिपरवार महाप्रबंधक कार्यालय के सुरक्षा विभाग कार्यालय मे निवर्तमान एरिया सिक्युरीटी ऑफिस अरूण कुमार महतो ने उन्हें एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर का कार्यभार सौंपा।इधर योगदान देने के बाद नये एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर हेमचंद महतो ने सिक्युरीटी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की।इस बैठक मे उन्होंने क्षेत्र मे तैनात सुरक्षा कर्मियो एवं जवानो के बारे मे जानकारी ली।इस दौरान बैठक में उन्होंने सुरक्षा विभाग के अधिकारियों एवं जवानों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए।साथ ही सुरक्षा संबंधी बातो पर विचार विमर्श किया।इस मौके पर अरूण कुमार महतो,संजय कुमार,रविन्द्र कुमार,चरित्र सिंह,पपेन्द्र कुमार सहित कई अधिकारी और जवान मौजुद थे।ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व ।पिपरवार क्षेत्र के एरिया सिक्युरीटी ऑफिस अरुण कुमार महतो का पिपरवार जीएम ऑफिस के कार्मिक विभाग में तबादला किया गया था,जबकि पिपरवार युनिट के कार्मिक प्रबधंक हेमचन्द महतो को पिपरवार क्षेत्र का नया एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर बनाया गया है।वही पूर्व एरिया सिक्युरीटी ऑफिसर अरूण कुमार महतो ने पिपरवार जीएम ऑफिस के कार्मिक विभाग में अपना योगदान दे दिया है।

## 13 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** श्री धर्मस्थला मंजूनाथेश्वर शिक्षण ट्रस्ट एवं केनरा बैंक द्वारा संचालित रूडसेट संस्थान सिल्ली में 13 दिवसीय कमर्शियल हॉर्टिकल्चर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह किया गया। मुख्य अतिथि केनरा बैंक सिल्ली के शाखा प्रबंधक श्री राजू उरांव उपस्थित हुए,राज्य के विभिन्न प्रखंड से आए 30 महिलाओं को प्रमाण पत्र देकर स्वरोजगार और बैंक से जुड़ने का संदेश दिया। रुडसेट संस्थान के निदेशक संजीत कुमार ने यह संदेश दिया कि आप अपने जीवन को कैसे बेहर बना सकते येआप के ऊपर निर्भर करता है , आप अपना कार्य ईमानदारी और आत्मविश्वास के साथ करे। मौके पर वरिष्ट संकाय अनिल कुमार, वरिष्ठ संकाय जगदीश चंद्र महतो,महेश रोहिदास, सुनील मुंडा उपस्थिति रहे।

## आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चेकिंग अभियान चलाया गया



**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** आगामी विधानसभा चुनाव का तारिख घोषित होते ही पुलिस उपाधीक्षक महोदय सिल्ली अनुज उरांव के निर्देशानुसार गुरुवार को बंगाल झारखंड के बोर्डर में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग अभियान में मुरी ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार मौजूद थे। बंगाल की ओर से झारखंड प्रवेश करने वाले सभी छोटे बड़े वाहनों का बारिकी से जांच किया गया। चुनाव को देखते हुए किसी प्रकार का बड़ी घटना ना हो इसको लेकर प्रशासन काफी अलर्ट है। ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया की चेकिंग अभियान अभी लगातार जारी रहेगा। आचार-संहिता का उल्लघंन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## साइंस फेयर प्रतियोगिता में साहिल प्रथम, सोहेल द्वितीय व आदिल को मिला तीसरा स्थान

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शहर के सिंधीपाड़ा में संचालित जेनरेशन जेड क्लासेज कोचिंग सेंटर में एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती के शुभ अवसर पर साइंस फेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कोचिंग सेंटर के छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों ने विज्ञान से संबंधित तरह-तरह के प्रोजेक्ट बनाएं और उन प्रोजेक्ट्स का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के साथ-साथ हिस्सा लेने वाले सभी विद्यार्थियों को कोचिंग सेंटर की ओर से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में साहिल अंसारी ने प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मो. सोहेल अंसारी द्वितीय तथा मो. आदिल अंसारी तृतीय स्थान पर रहे। इस संबंध में कोचिंग सेंटर के संचालक शुभम मध्यान ने बताया कि कोचिंग सेंटर में हर साल एपीजे अब्दुल कलाम के जन्मदिन पर विशेष तौर पर विज्ञान से जुड़े प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस दिन को जहां विद्यार्थी दिवस के रूप में मनाया जाता है, वहीं कोचिंग सेंटर में इसका पूरी तरह से पालन होता है। उन्होंने बताया कि साइंस फेयर प्रतियोगिता में सारे विद्यार्थियों ने मिलकर बेहद ही शानदार प्रदर्शन किया।

# खलारी के बड़कीटांड में बूढ़ी पूर्णिमा जतरा का आयोजन

# हम सभी को अपनी संस्कृतिक धरोहर को बचाए रखने की जरूरत : बिगन सिंह भोगता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खलारी :** खलारी के बड़कीटांड में गुरुवार को बूढ़ी पूर्णिमा जतरा (मेला) हर्षोल्लास के साथ आयोजन हुई। जहां सर्वप्रथम बड़कीटांड़ स्थित जतरा स्थल पर गणेश पाहन, दुलार गंझु एवं बालजीत गंझू के द्वारा मुर्गे की बलि देकर पारंपरिक तरीके से पूजा-अर्चना करवाई गई। इसके बाद दोपहर में जतरा मेला का आयोजन किया गया। जतरा (मेला) का बतौर मुख्य अतिथि रैयत विस्थापित मोर्चा के एनके एरिया अध्यक्ष बिगन सिंह भोगता एवं विश्रामपुर मुखिया



दीपमाला कुमारी सहित अन्य अतिथियों ने संजुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का उदघाटन किया। इस बीच जिप सदस्य सरस्वती देवी, तुमांग मुखिया संतोष कुमार महली, लपरा मुखिया पुतुल देवी, मायापुर मुखिया पुष्पा खलखो, रंथू उरांव, विश्वनाथ गंझु, रामलखन गंझु, रतिया गंझु, देवपाल मुंडा, कन्हाई पासी, नरेश गंझु, अमृत भोगता, अनिल पासवान एवं सुनील कुमार सिंह उपस्थित थे।



मौके पर बिगन सिंह भोगता ने कहा कि जतरा हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। हम सभी को अपनी संस्कृतिक धरोहर को बचाए रखने की जरूरत है। इसके बाद जतरा में आए नागपुरी कलाकारों महावीर नायक, कयूम अब्बास, चिंता देवी, अनिल मुंडा ने एक से बढ़कर एक नागपुरी गीत प्रस्तुत किया। ग्रामीणों को झूमने पर मजबूर कर दिया। जतरा में खिलौने, पारंपरिक मिठाई, ईख सहित कई दुकानें लगी हुई थी। साथ ही बच्चों के मनोरंजन के लिए भी कई झूले लगे हुए थे। ग्रामीणों ने देर शाम तक जमकर खरीदारी की। इस मौके पर मुकद्दर लोहरा, प्रभाकर गंझू, दामोदर गंझू, जयराम गंझू, बाबूलाल गंझू, राजेंद्र उरांव, विनय उरांव, शिवनारायण लोहरा, सोनू गंझू, गुड्डु गंझू, किसुन गंझू, अनिकेत गंझू, बबलू अंसारी, रवि गंझू, देवनंदन लोहार, सुनील यदाव, वीरू सिंह,बालदेव गंझू, पप्पू सिंह, बालेसर भोगता, रामलाल उरांव, जोगेसर मुंडा, चन्द्रदीप भोगता आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# पिपरवार के बचरा मे स्व. भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में गुरूवार को स्व.भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया।समारोह के मुख्य अतिथि पिपरवार थाना के अवर निरीक्षक अंजनी कुमार और विशिष्ट अतिथि मे बचरा उतरी पंचायत की मुखिया गुजंन कुमारी सिंह मौजुद थी।टुर्नामेन्ट का उदघाटन स्व.भोला साव के चित्र पर माल्यार्पण कर और खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया।इस प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच बुड़मु बनाम पतरातु के बीच खेला गया।कार्यक्रम में स्व. भोला साव



के जीवनी पर प्रकाश डाला गया।वक्ताओं ने कहा कि स्व. भोला साव का खेल के क्षेत्र मे काफी योगदान रहा है।कोयलांचल क्षेत्र में होने वाले सभी प्रकार के खेल प्रतियोगिताओं में वह बढ़-चढ़कर भाग लेते थे।वही खिलाड़ियों को हर संभव मदद कर उनका मनोबल बढ़ाने का काम करते थे।मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर अंजनी कुमार ने कहा कि खेल हमारे जीवन मे हार और जीत की प्रेरणा देता है।खेल हमारे जीवन के लिए काफी अहम है।खेल से शारारिक और मानसिक विकास होता है।विशिष्ट अतिथि गुंजन सिंह ने कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद से स्वास्थ शरीर और स्वस्थ मन रहता है।उन्होने सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने गांव राज्य और देश का नाम रोशन करने की अपील की।इस मौके पर समाजसेवी गीता एक्का,कृष्णा यादव, रवि भारद्वाज,संतोष कुमार, अनिल यादव आयोजन समिति के सुनील प्रसाद, दीपक कुमार महतो, लखनलाल महतो,नरेश रावत,सेवा उरांव,संतोष राम,पप्पू सोनी,मनोज कुमार,सुरैश महतो,संतोष महतो,ब्रह्मदेव उरांव,दीन दयाल नोनिया,रामकुमार भुईयां,राजेश कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।पूरे कार्यक्रम का संचालन तारकेश्वर महतो के द्वारा किया गया।

## बचरा काली मंदिर में हुई सार्वजनिक काली पूजा समिति की बैठक



**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा काली मन्दिर के प्रागंण मे सार्वजनिक काली पूजा समिति की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता गिरजा प्रसाद और संचालन विनय कुमार सिंह ने किया।बैठक मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बचरा मे काली पूजा धूमधाम के साथ मनाने का निर्णय लिया गया।बैठक मे पिछले वर्ष का आय-व्याय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया।साथ ही इस वर्ष एक नवम्बर को बचरा मे काली पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में काली पूजा को लेकर इसकी तैयारी पर विचार विमर्श किया गया। पूजा के अवसर पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाने, श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण करने सहित अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई।आयोजन समिति के लोगों ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की।बैठक मे विनय कुमार सिंह, रविन्द्र कुमार सिंह,भीम प्रसाद मेहता,रीना देवी, राजेन्द्र गुप्ता,रवि भारद्वाज, प्रमोद कुमार,अनिल यादव, अनिल सोनी,गणेश महतो, नंदकिशोर कुमार,लक्ष्मण मंडल,हीरालाल शर्मा,सनी प्रसाद,मुकेश कुमार,रविंद्र सिंह यादव,धनेश करमाली, श्रवन उरांव,धर्मेंद्र कुमार, अजय कुमार,मिथिलेश कुमार,सत्येंद्र सिंह,अनिल सिंह,प्रेमचंद मेहता सहित कई लोग मौजुद थे।

## विधानसभा आम चुनाव-2024 को लेकर बैंकों के जिला समन्वयक के साथ डीईओ ने की बैठक

**पाकुड़ (प्रभात मंत्र संवाददाता):** समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला अंतर्गत सभी बैंकों के जिला समन्वयक के साथ बैठक आहूत की गई।बैठक में विधानसभा चुनाव को लेकर बैंक प्रतिनिधियों को आवश्यक दिशा-निर्देशा दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि बैंक यह सुनिश्चित करेंगे कि बाह्यय स्त्रोत एजेंसियों व कंपनियों से नकदी ले जानेवाली गाड़ियां किसी भी परिस्थिति में बैंक की नकदी के अतिरिक्त किसी अन्य पक्ष की नकदी अपने साथ वाहन में नहीं रखेंगे। बाह्यय स्त्रोत एजेंसी व कंपनी के पास बैंकों द्वारा जारी पत्र व दस्तावेज इत्यादि होने चाहिए। जिसमें उन्हें बैंकों द्वारा दी गई नकदी की विवरणी व किसी प्रयोजन के लिए राशि उपलब्ध कराया गया है (जैसे-एटीएम मशीनों में भरने/अन्य शाखाओं अथवा बैंकों में रखने आदि) का उल्लेख होगा। बाह्यय स्त्रोत एजेंसियों व कंपनियों के कार्मिक (जो नकदी ले जाने वाली गाड़ी के साथ जा रहे हैं) के पास संबंधित एजेंसी द्वारा जारी किया गया पहचान पत्र उपलब्ध रहना चाहिए। साथ ही निर्वाचन प्रकिया के दौरान प्रतिनियुक्त किए गए उड़नता दल व स्थैतिक निगरानी दल के द्वारा इन गाड़ियों को रोका जाता है तो उनके द्वारा सत्यापन किया जायेगा। बैंक प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि 10 लाख रू या इससे ऊपर का कैश ट्रांजेक्शन किसी बैंक खाता में हो तो इसकी सूचना व्यय लेखा कोषांग को दें। निष्पक्ष व त्रुटिरहित विधानसभा चुनाव संपन्न कराने में सभी से सहयोग की अपील की गई। बैठक में बताया गया कि चुनाव लड़नेवाले अभ्यर्थियों के द्वारा नया बैंक एकाउंट खोला (बैंक/पोस्ट ऑफिस / कॉपरेटिव बैंक) जाना है। यह बैंक खाता अभ्यर्थी के नाम से अथवा उसके निर्वाचन अभिकर्ता के साथ संयुक्त रूप से हो सकता है। संबंधित बैंक के द्वारा प्राथमिकता देते हुए उस व्यक्ति का खाता खोला जायेगा। साथ ही चुनाव प्रकिया के दौरान अभ्यर्थी व उसके अभिकर्ता के द्वारा उक्त खाते से किये जाने वाले ट्रांजेक्शन में बैंक के द्वारा प्राथमिकता दिया जायेगा। इसके अलावा बैठक में ईएसएमएस और सी विजिल एप के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम से किस प्रकार चुनाव में अनैतिक गतिविधियों पर रोकथाम लगाया जा सकता है इसकी विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही सभी बैंकों में चुनाव से संबंधित स्टीकर चिपकाने का निर्देश दिया गया।

## इनमोसा की बैठक मे विधानसभा चुनाव ड्युटी को लेकर हुई चर्चा




**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा बंसत विहार कॉलोनी स्थित इनमोसा के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे इनमोसा की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई।इस बैठक की अध्यक्षता एसके चौधरी एंव संचालन एसके सिंह किया।इस बैठक में विधानसभा चुनाव ड्युटी को लेकर विचार विमर्श किया गया।बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओ ने कहा कि विधानसभा चुनाव मे इनमोसा से जुड़े कई माईनिंग सरदार और ओभरमैन को चुनाव ड्युटी मे भेजा जा रहा है,जिसको लेकर बैठक मे चर्चा की गई।वक्ताओ ने कहा कि लोकसभा चुनाव मे चुनाव डयुटी पर गये कर्मियों को अभी तक चुनाव पैकेज का भुगतान नही किया गया है और अब विधानसभा चुनाव डयुटी पर भेजा जा रहा है।वक्ताओ ने चुनाव डयुटी पर जाने वाले कर्मियो को चुनाव पैकेज देने की मांग की है।बैठक मे एरिया सचिव अनिल कुमार कुंवर,एरिया उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, निवास प्रसाद,रूपलाल महतो,एसएन सिंह,सुरैश कुमार,भुनेश्वर उरांव,रवि कुमार,मोजाहीद ईमाम, जयप्रकाश तिग्गा,धनजंय मुंडा,उमेश उरांव, सुबोधकान्त वर्मा,शत्रुघन विश्वकर्मा,सुरेन्द्र प्रसाद, मनोज सिंह,आरपी राय, दीपक कुमार सहित कई लोग मौजुद थे।

## विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर गठित कोषांगों की बैठक कर जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** समाहरणालय स्थित सभागार में आज जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त लोकेश मिश्रा द्वारा विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर गठित कोषांगों के कार्यो को लेकर समीक्षा बैठक किया। बैठक में मुख्य रूप से प्रशिक्षण कोषांग, कार्मिक कोषांग एवं पोस्टल बैलट कोषांग के कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी एसओपी का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया गया।

प्रशिक्षण कोषांग को सक्रिय होकर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी गाईडलाइन के आधार पर महिला मतदान कर्मियों एवं पुरूष मतदान कर्मियों को गहन प्रशिक्षण देने का निर्देश दिया गया। जिससे




चुनाव की सभी प्रक्रियाओं को जारी एसओपी के तहत निर्धारित समय पर पूर्ण कराते हुए सफलता पूर्वक चुनाव सम्पन्न कराया जा सके। वहीं अनिवार्य सेवा के सभी नोडल पदाधिकारी से पोस्टल बैलट के विषय पर चर्चा करते हुए पोस्टल बैलट से मतदान करने वाले मतदाताओं को फॉर्म 12 ष भरवाने एवं पोस्टल बैलट से मतदान संबंधित सम्पूर्ण तैयारियों को पूर्ण कराने समेत अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से अपर समाहर्ता, परियोजना निदेशक आईटीडीए, जिला स्थापना उप समाहर्ता, जिला योजना पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जनता मजदुर संघ ने अशोका पीओ के साथ किया परिचय बैठक, कई समस्या पर हुई चर्चा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के अशोक परियोजना कार्यालय में गुरुवार को अशोक परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह के साथ जनता मजदूर संघ पिपरवार क्षेत्रीय कमेटी ने परिचय बैठक की।इस बैठक मे यूनियन के द्वारा अशोक परियोजना के नए परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।जिसके बाद यूनियन के सदस्यों ने बारी-बारी से अपना परिचय दिया।बैठक मे कोयला मजदूरों की कई ज्वलंत समस्याओं पर भी विस्तार से चर्चा



की गई।बैठक मे मुख्य रूप से मजदूरों के आवास आवंटन,आवास मरम्मति, कॉलोनी की साफ सफाई, शुद्ध पेयजल,नियमित विद्युत आपूर्ति,कोयला मजदूरों के प्रमोशन सहित कई अन्य बातों पर चर्चा की गई।जिस पर प्रबंधन के द्वारा सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया गया।बैठक मे दीपावली से पूर्व सभी कॉलोनियो की साफ-सफाई कराने,कॉलोनी मे स्ट्रीट लाईट लगाने का आश्वासन दिया गया।इस बैठक मे अशोक परियोजना परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह,खान प्रबधंक एसके सिंह,कार्मिक प्रबधंक शिशिर गर्ग के अलावे युनियन की ओर से यूनियन के सचिव सह सीसीएल सेफ्टी बोर्ड के सदस्य रविन्द्रनाथ सिंह, निर्मल सिंह,बिजेन्द्र कुमार सिंह,अरुण कुमार सिंह, अजीत कुमार सिंह,जैनुल अंसारी,आरएन पण्डित सहित यूनियन के कई लोग मौजूद थे।

# चान्हो मांडर ट्रक ओनर एसोसिएशन की हुई बैठक, कोयला लोडिंग रोके जाने का किया विरोध

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चान्हो :** चान्हो प्रखंड के करकट लाइन होटल में गुरुवार 2 बजे चान्हो मांडर ट्रक ऑनर एसोसिएशन की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शंकरा अचार्य के द्वारा किया गया। इस बैठक में पिपरवार के विभिन्न कोल परियोजनाओं पर चान्हो और मांडर के ट्रकों पर कोयला लोडिंग रोके जाने पर विरोध जताया गया। शंकराचार्य ने बताया कि 23 तारीख को चान्हो मांडर ट्रक ऑनर एसोसिएशन पिपरवार के विभिन्न कोल परियोजनाओं के प्रबंधन से मुलाकात करेंगे और कोयला लोडिंग दिए जाने की मांग किया जाएगा। वहीं उन्होंने कहा कि अगर फिर भी कोयला लोडिंग में परेशानी आएगी तो इसका विरोध आने वाले समय में किया जाएगा।बैठक में तफज्जुल अंसारी अमित कमार नौशाद



अंसारी लखन साहू हाजी एहसान शमीम अंसारी समीउल्लाह अंसारी बबलू इज़हार अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## खेत से हाथी भगाने में गई एक किसान की जान



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सरायकेला जिला के चांडिल थाना क्षेत्र रसुनिया गांव में एक जंगली हाथी ने अहले सुबह ग्रामीण सामल मुर्मू को कुचलकर मार डाला. घटना गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे का बताया जा रहा है. घटना उस वक्त घटी जब धान खेत में मौजूद गजराज को गांव के लोग भाग रहे थे. इसी दौरान गजराज ने सामल मुर्मू को कुचलकर मार डाला. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गजराज ने करीब 100 मीटर दूर तक सामल मुर्मू को खदेड़कर और उसे खेत में ही कुचलकर मार डाला. घटना की सूचना मिलने पर चांडिल फॉरेस्टर राधा रमन ठाकुर घटनास्थल पहुंचे और मामले की छानबीन की तथा शव को आपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया. वनपाल ने बताया कि मृतक के आश्रित को फिलहाल नगद 50 हजार रुपया तथा कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद बाकी के साढ़े तीन लाख रुपया दिए जाएंगे. इधर, घटना के बाद रसुनिया गांव में मातम पसरा हुआ है। वही ग्रामीण वन विभाग ऊपर नाराजगी भी जाहिर कर रहे है.

## पदमपुर काली मंदिर में पूजा अर्चना के बाद शुभारंभ हुआ मां काली मूर्ति का निर्माण



**खरसावां (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : कुंवार पुर्णिमा व शरद पूर्णिमा के अवसर पर खरसावां के पदमपुर में स्थित प्रसिद्ध मां काली मंदिर में मेला के अध्यक्ष सुब्रत सिंह देव के नेतृत्व में विधिवत पूजा अर्चना किया गया। पूजा अर्चना के बाद मां काली के माथे पर मिट्टी पकाकर मां काली प्रतिमा निर्माण कार्य की शुभारंभ किया गया। मालूम हो कि खरसावां के पदमपुर में काली पूजा पर सात दिवसीय मेला का आयोजन किया जाता है। शरद पूर्णिमा पर बुधवार को विधि विधान से पूजा अर्चना कर तैयारी शुरू किया गया। पंडित बिमला षड़ंगी के द्वारा मंत्रोचार के साथ पूजा पाठ कर काली मंदिर में मां काली मुर्ति की निर्माण कार्य शुरू किया गया। साथ ही कमिटी के द्वारा मंदिर की भव्य रंग रंगाव साफ सफाई व प्रसिद्ध सात दिवसीय मेला की तैयारी में अभी से जुट गए। इस दौरान मुख्य रूप से पंडित बिमला षड़ंगी अध्यक्ष सुब्रत सिंह देव,मनमीत सिंह देव अनीरूद सिंह देव,अक्षय मंडल,सुकरू मंडल, अशोक बघेल,अजीत सिंह देव,आदि मौजूद थे।

## एम ओ एकेडमी में फ्री कोचिंग, कक्षा 8, 9 और 10 के छात्र ले सकते है लाभ



**जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सामाजिक संस्था हेल्प एजुकेशन के द्वारा कक्षा 8, 9 और 10 के छात्रों को मैट्रिक परीक्षा के लिए मुफ्त में कोचिंग एम ओ एकेडमी स्कूल में दिया जा रहा है। जिसमें छात्रा को मंगलवार बृहस्पतिवार और रविवार 3:30 से 5:00 बजे शाम तक कोचिंग दी जाएगी वहीं छात्र को सोमवार बुधवार और शनिवार को 3:30 से 5:00 बजे तक। इन छात्रों को जमशेदपुर के अनुभवी शिक्षकों हेडमास्टर शमी अहमद खान, प्रोफेसर साजिद इकबाल, फुजैल अहमद, मिन्हाज फरहा, जहीरूद्दीन तमन्ना मालिक, प्रोफेसर अब्दुल रहमान, तौसीफ अहमद के द्वारा पढ़ाया जा रहा है। इसकी जानकारी हेल्प एजुकेशन के प्रेस सचिव मुख्तार आलम खान, अध्यक्ष मकबूल आलम, प्रोफेसर लइक उर रहमान चौधरी इरफान तारिक ने दी। कोचिंग सेंटर का संचालन के लिए एमओ अकादमी के डायरेक्टर जामी उस्मानी ने भवन बिजली और क्लासरूम का इंतजाम किया है और कोचिंग क्लासेज के पूरी देखरेख मास्टर समी अहमद खान करेंगे।

## जिला भर के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने चलाया मतदान जागरूकता अभियान



**चाईबासा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : पश्चिमी सिंहभूम जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कुलदीप चौधरी के निर्देशानुसार विधानसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर जिला अंतर्गत स्वीप गतिविधि के तहत जागरुकता अभियान गुरुवार को चलाया गया। मतदाताओं की वृहद भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु को जिले के विभिन्न विद्यालयों और कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने प्रभात फेरी के माध्यम से पश्चिम सिंहभूम जिले में 13 नवंबर को मतदान करने की अपील की। छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रभात फेरी में स्लोगन और पोस्टर होर्डिंग के माध्यम से भी आमजनों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

## मोबाइल दुकानदार पर जानलेवा हमला मामले में देशी कट्टा के साथ एक गिरफ्तार



**चांडिल (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : सरायकेला जिला के कपाली ओपी अंतर्गत टीओपी चौक स्थित अमन मोबाइल रिपयैरिंग दुकान में गत 04 अक्टूबर 2024 को मो तौशिफ एंव काले रंग के मोटरसाइकिल पर सवार दो अन्य लोगो के द्वारा मोबाइल दुकानदार मोहम्मद हमीद अली पर जानलेवा हमला मामले में कपाली ओपी पुलिस ठ्ठद्द अपराधकर्मी मोबारक अंसारी को गिरफ्तार किया है एंव इनके पास से लोहे का बनी देशी पिस्टल जब्त किया है। वहीं पुलिस ने कांड में इस्तेमाल किए मोटरसाइकिल और एक मोबाइल फोन को भी बरामद किया गया है। इस मामले की पुष्टि चांडिल सीडीपीओ कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसपी मुकेश लूनायत ने किया। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान चांडिल सीडीपीओ अरविन्द कुमार बिन्हा, इंस्पेक्टर अजय कुमार, कपाली ओपी प्रभारी सोनू कुमार,चांडिल थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव आदि पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## पटमदा - बोड़ाम के विभिन्न गांवों में हुई कोजागरी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना



**पटमदा (प्रभात मंत्र संवाददाता)** : शरद पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार की देर रात पटमदा व बोड़ाम प्रखंड के विभिन्न गांवों में कोजागरी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना विधिवत रूप से की गई। लक्ष्मी पूजा को लेकर बाजारों में चहल पहल बढ़ गई थी। पूजा को लेकर मंदिर व आसपास जगहों को विद्युत रोशनी से सुसज्जित किया गया था। पटमदा के बेलटांड़ में सार्वजनिक लक्ष्मी पूजा कमेटी द्वारा आयोजित लक्ष्मी पूजा में देर रात तक भक्तों ने पूजा अर्चना की। इस दौरान महाभोग का वितरण भी किया गया। इस संबंध में जोड़सा गांव के सुबल चंद्र दास ने बताया कि कोजागरी पूर्णिमा के दिन ही मां लक्ष्मी का अवतरण हुआ था। उन्होंने बताया कि कोजागरी लक्ष्मी पूजा के दिन मां लक्ष्मी को जो लोग खीर भोग लगाता है उसे आर्थिक संकटों का सामना करना नही पड़ता है। मां लक्ष्मी उसकी हर मनोकामना पूरी करती है। मां लक्ष्मी धन और समृद्धि की प्रतीक हैं। हिन्दू धर्म में मां लक्ष्मी की पूजा केवल धन- धान्य में बृद्धि के लिए ही नही , बल्कि समृद्धि और सौभाग्य के लिए होती है।

# अन्तर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेकनाका में वाहनों की चेकिंग तेज, 7.28 लाख जप्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराने के मद्देनजर अन्तर्राज्यीय एवम अंतरजिला चेकनाकाओं पर सभी छोटे-बड़े वाहनों की सघनता से चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में पोटका से 16 अक्टूबर को 1,42,600 रु., वहीं 17 अक्टूबर को घाटशिला प्रखंड अंतर्गत गालुडीह थाना के केशरपुर पिकेट के समीप चेकनाका से वाहन चेकिंग के क्रम में आज एक पिकअप गाड़ी से 2,39,600 रु. रुपया एवं दूसरे पिक अप गाड़ी से 2,36,500 रु.- कुल 476100 रूपया जप्त किया गया है। एक अन्य वाहन से 1,10,000 रु. बरामद हुए जिसे दंडाधिकारी के द्वारा सत्यापन के पश्चात विमुक्त किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा दो-पहिया, चार पहिया, मालवाहक व वीआइपी वाहन आदि सभी की सघनता से जांच के निर्देश दिए गए हैं। जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध शराब, पैसा, ड्रग्स या किसी प्रकार के उपहार की वस्तु का अवैध परिवहन नहीं होने पाये जिससे चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सके, इसके मद्देनजर 24×7 चेकनाका सक्रिय कर दिए गए हैं तथा सघनता से सभी वाहनों की जांच की जा रही है।

## सर सैयद ने आधुनिक शिक्षा पर दिया जोर : डॉ शाहनवाज

- **करीम सिटी कॉलेज में उर्दू विभाग ने मनाया सर सैयद दिवस**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : करीम सिटी कॉलेज, साकची प्रांगण में उर्दू विभाग ने सर सैयद दिवस मनाया। इस अवसर पर ई क्लास रूम-1 में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने की तथा अतिथि वक्ता के तौर पर इतिहास विभाग के प्राध्यापक डॉ मोहम्मद शाहनवाज ने कहा कि सर सैयद ने मुल्क और नागरिकों के उत्थान के लिए जो कुछ किया उसे ही हम अलीगढ़ तहरीक कहते हैं जिसने देश के नौजवानों को प्रभावित किया और आधुनिक शिक्षा की ओर अग्रसर किया। प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज ने कहा कि सर सैयद अहमद खान देश के महान समाज सुधारक होने के साथ-साथ एक महान व्यक्ति भी थे। उन्होंने न सिर्फ आधुनिक शिक्षा का बीज बोया बल्कि भारतीय समाज को हिंदू- मुस्लिम एकता का संदेश दिया। उर्दू के प्राध्यापक डॉ शाहबाज अंसारी ने अतिथियों का स्वागत किया, विभागाध्यक्ष अफसर काजमी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा का संचालन प्रोफेसर मोहम्मद ईसा ने किया। सभा में डॉ उधम सिंह तथा प्रो साकेत कुमार की उपस्थिति विशेष रही।

## अब स्थानीय जांच के आधार पर बनेगा जाति प्रमाण पत्र, सरकार के ऐतिहासिक निर्णय से जनता को होगा लाभ : डा. अजय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डा.अजय कुमार ने गुरुवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार ने स्थानीय जांच के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया है. इसका लाभ प्रदेश के लाखों लोगों को मिलेगा. इसके लिए मैं विशेष रुप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद देना चाहता हूं. उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में एससी, एसटी और पिछड़ा वर्ग का जाति प्रमाण पत्र जमीन के दस्तावेज अभाव में नहीं बन पा रहे थे. जिसके कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था. इस मामले को लेकर मैंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा और उनसे बातकर मामले की गंभीरता के संबंध में बताया था. मुख्यमंत्री भी इस मामले में गंभीर थे. मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया था कि सरकार जल्द ही इस मामले में निर्णय लेगी. सरकार द्वारा एक अधिसूचना जारी कर स्थानीय सत्यापन के आधार पर अंचल कार्यालय से जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्देश दिया गया है. स्थानीय जांच के आधार पर जाति प्रमाण पत्र बनाने का सरकार का यह निर्णय मिल का पत्थर साबित होगा. इसका लाभ प्रदेश की जनता को मिलेगा. डा. अजय ने कहा कि स्थानीय जांच के आधार पर जाति प्रमाण पत्र के बनने से नौकरी के लिए आवेदन करने वाले युवाओं, स्कूल, कॉलेज में प्रवेश के लिए छात्रों को अपना जाति प्रमाण पत्र प्राप्त करने में कोई परेशानी नहीं होगी.

## पोस्टल बैलेट मतदान को लेकर बैठक, अब्सेंटी वोटर्स की सूची बनाने का दिये निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल ने विधानसभा चुनाव में निर्वाचन कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं कर्मी तथा आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स को पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर बैठक किया। बैठक में संबंधित विभाग के नोडल पदाधिकारी को अब्सेंटी वोटर्स की सूची तैयार करने का निर्देश दिया गया। ज्ञातव्य हो कि विद्युत, पेयजल, बीएसएनएल, दूरदर्शन, रेडियो, विमानन सेवा, रोडवेज व रेलवे, डेयरी, फायर फाइटर, यातायात पुलिस, एम्बुलेंस सर्विसेज, चिकित्सा, डाक, कारा, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया, मीडिया व प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो से जुड़े प्रतिनिधियों को अब्सेंटी वोटर्स में शामिल किया गया है जो पोस्टल बैलेट से वोट करेंगे। साथ ही चुनाव के दिन ड्यूटी पर रहनेवाले भी पोस्टल बैलेट से वोट देंगे। पोस्टल कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह पीडी आईटीडीए दीपांकर चौधरी एवं प्रभारी पदधिकारी सह जिला भू अर्जन पदाधिकारी गुंजन सिन्हा द्वारा पोस्टल बैलेट संबंधित सभी बारीकियों की जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि आवश्यक सेवाओं में तैनात व्यक्तियों की श्रेणी में अनुपस्थित मतदाताओं के लिए चुनावी कर्तव्य प्रमाण पत्र (ईडीसी) एवं डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों/प्रतिनिधियों को इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, मतपत्र के पूर्व एवं मतपत्र के साथ दिये जाने वाले फॉर्म 12डी आदि की जानकारी दी गयी।

## भाजपा महिला मोर्चा की सीमा जायसवाल कांग्रेस में शामिल, मंत्री बन्ना गुप्ता ने किया स्वागत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : भाजपा जिला शोशल मिडिया प्रभारी (महिला मोर्चा) सीमा जायसवाल मंत्री बन्ना गुप्ता के आवास पहुँच उनके नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए कॉंग्रेस में शामिल होने कि घोषणा की। मंत्री बन्ना गुप्ता ने सीमा जायसवाल को फूल का माला और शॉल ओढ़ा कॉंग्रेस में स्वागत किया तथा मजबूती के साथ चुनाव में लग जाने को कहा। सीमा जायसवाल ने कहा कि मैंने पिछले बीस वर्षो से भाजपा के लिए तन-मन-धन से कार्य करती आ रही हूँ जमशेदपुर पश्चिम में भाजपा संगठन के लोग को नजरअंदाज कर सरयू राय जैसे भगोड़े, निकम्मे और कुठे व्यक्ति को यह सीट दिए जाने से मैं मर्माहत है, जिस कारण मैंने विकास पुरुष बन्ना गुप्ता के लिए कार्य करने का निर्णय लिया। सीमा जयसवाल ने आगे कहा कि सरयू राय जी के नजर में कार्यकर्ताओं की हैसियत बंधवा मजदूर जैसी है। हमेशा क्षेत्र के विकास को रोकना पिछड़े वर्ग का विरोध करना शोषण करना सरयू राय की मुख्य कार्य है।

## सरायकेला-खरसावां में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला** : झारखण्ड विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर सरायकेला-खरसावां जिले के विभिन्न इलाकों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत आज गुरूवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय, सरायकेला-खरसावां के तत्वाधान में गीत-संगीत,नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सरायकेला प्रखंड के पांडरा गांव,खरसावां प्रखंड के बुरुडीह ,समेत आरकेएफएल प्लांट 3 एवं 4, स्टील प्लांट गम्हरिया समेत औद्योगिक संस्थान एवं सरायकेला, खरसावां, कुचाई, राजनगर, कुकडु, ईचागढ़ प्रखंड के विभिन्न पंचायत में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोकतंत्र के निर्माण में मतदान की भूमिका, प्रत्येक मतदान के महत्व, मतदान की तिथि समेत विभिन्न बिन्दुओ के सम्बन्ध में जानकारी साझा कर लोगों को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया गया। स्वीप के तहत जागरूकता उद्देश्य से जिला अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों , आंगवाड़ी केंद्र तथा बूथों पर छात्र-छात्राओं,महिला समूह की दीदियों तथा बीएलओ दीदियों के द्वारा रंगोली-चित्रहार,खेल-कूद, क्विज, मतदाता शपथ ग्रहण, बैनर पोस्टर का वितरण समेत अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया।

## नव जीवन ज्योति ईस्टर्न रीजन गोल्फ टूर्नामेंट जमशेदपुर में 19- 20 अक्टूबर को




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर** : रांची के प्रसिद्ध एनजीओ नव जीवन ज्योति 16 वर्षो से झारखंड में खेल विकास को बढ़ावा दे रहा है। सचिव सुमित कुमार महतो के नेतृत्व में, संगठन ने फुटबॉल, गोल्फ, खोखो, और पारंपरिक ग्रामीण खेलों जैसे गुल्ली डंडा और गुलेल निशाना में विभिन्न टूर्नामेंट आयोजित किए हैं। नव जीवन ज्योति जमशेदपुर में अपना पहला गोल्फ टूर्नामेंट आयोजित करने की घोषणा करता है, जो 19 और 20 अक्टूबर 2024 को होगा। यह दो दिवसीय आयोजन जमशेदपुर, रांची, पटना और उसके बाहर के प्रतिभाशाली गोल्फर्स को एक साथ लाएगा। इस मौके पर संजय सेठ, रक्षा राज्य मंत्री कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और पैट्रन बनने के लिए आमंत्रण स्वीकार किया है। पी एम प्रसाद, कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक समारोह में अतिथि होंगे। टूर्नामेंट महिला, जूनियर और सज्जन श्रेणी में होगा। इसके अलावा असाधारण गोल्फिंग के लिए स्पॉट पुरस्कार साथ ही मुख्य पुरस्कार में हुआ-हिन, थाईलैंड और हनोई, वियतनाम में इंटरनेशनल गोल्फ हॉलिडे वाउचर (3 रात, 2 राउंड गोल्फ ) और ट्रॉफी दिया जाएगा। टूर्नामेंट के मुख्य प्रायोजक कोल इंडिया लिमिटेड सह-प्रायोजक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, अदानी ग्रुप, बार्को, गोल्फ एशियन हैं। यह टूर्नामेंट पूर्वी क्षेत्र के गोल्फर्स में प्रतिभा, साथीभाव और खेल भावना को बढ़ावा देता है। नव जीवन ज्योति इसे वार्षिक आयोजन बनाने की योजना है, जो हर साल अधिक विस्तार और उत्साह के साथ होगा।

## समर्थकों संग रांची पहुंचे जगत माझी, मनोहरपुर सीट से झामुमो प्रत्याशी का प्रस्तुत किया दावेदारी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता व सांसद जोबा माझी के पुत्र जगत माझी मनोहरपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से ताल ठोंकने चुनावी समर में कूद गए हैं। गुरुवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ रांची पहुंचे जगत माझी ने मनोहरपुर सीट से बतौर झामुमो उम्मीदवार अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर दी है। उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय कार्यालय में आवेदन पत्र जमा कर 51 हजार रुपये की पर्ची कटाई। बता दें कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में जिन प्रत्याशियों को टिकट की चाह होती है, उन्हें सबसे पहले पार्टी कार्यालय में एक निर्धारित फॉर्म भरकर आवेदन देना पड़ता है। आवेदन जमा करने के साथ ही 51 हजार रुपये की फीस भी पार्टी फंड में जमा करनी पड़ती है। दावेदारी पेश करने के बाद जगत माझी ने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव लड़ने का सबको समान अधिकार है। मैंने मनोहरपुर से अपना आवेदन पार्टी कार्यालय में दे दिया है। पार्टी का निर्णय सर्वमान्य होगा। मनोहरपुर से पार्टी जिसे भी टिकट देगी उसकी जीत सुनिश्चित करेंगे। दावेदारी पेश करने के बाद जगत माझी ने पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मिलकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर गोइलकेरा झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनसुख गोप, गुदड़ी प्रखंड अध्यक्ष सुनील बुढ, बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के अध्यक्ष अकबर खान, रोलेन बरजो, संजीव गंताईत, सुरेश सुरीन, बंधना उरांव, उदय माझी, संतोष मिश्रा, हेमचंद महतो, दिनेश गुप्ता, प्रिंस खान, सागर महतो, बजरंग प्रसाद, बिट्टू महतो, दुनु लोमगा, राजेंद्र चाम्पिया, पवन गुप्ता, गोयरा रुगु, देवेन चातर, इमरान खान, अजय कच्छप, अशोक प्रधान, पवन गुप्ता समेत दर्जनों समर्थक पहुंचे थे।

## आदित्यपुर ऑटो क्लस्टर में दो दिवसीय लिटरेचर फेस्टिवल छाप आज से

**- 10 भाषाओं के 42 साहित्यकार, आलोचक और वक्ता लेंगे हिस्सा**

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला** : द लैंड ऑफ़ छऊ के नाम से देश दुनिया में चर्चित झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिला में आगामी 18 और 19 अक्टूबर को सरायकेला खरसावां लिटरेचर फेस्टिवल छाप का आयोजन किया जा रहा है। सरायकेला खरसावां जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किए जा रहे इस लिटरेचर फेस्टिवल का उद्देश्य जिले की गौरवशाली परंपरा को कायम रखने के साथ युवाओं और बच्चों को कला संस्कृति और किताबों से जोड़ना है। आयोजन की रूपरेखा तैयार करने में साहित्य कला फाउंडेशन की अहम भूमिका रही है। इस आयोजन में 10 अलग-अलग भाषाओं के कुल 42 विषय विशेषज्ञ, साहित्यकार,आलोचक और वक्ता अपनी-अपनी भाषाओं में बात रखेंगे। कार्यक्रम का आयोजन ऑटो क्लस्टर, आदित्यपुर के सभागार में किया जा रहा है। दो दिवसीय आयोजन में कुल 18 अलग-अलग विषयों पर चर्चा होगी। इसमें ग्रामीण इलाकों में पुस्तकालय की आवश्यकता से लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने में किताबों की भूमिका जैसे विषय शामिल हैं। इसके अलावा दोनों दिन सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारतीय फ़िल्म जगत के मशहूर अभिनेता अखिलेंद्र मिश्रा स्वामी विवेकानंद का पुनर्पाठ के नाम से एकल नाटक प्रस्तुति करेंगे। इसके अलावा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही युवा साहित्यकार नीलोत्पल मृणाल और सत्या व्यास नई पीढ़ी को किताबों का महत्व समझाएंगे। वरिष्ठ स्तंभकार पुष्पेश पंत और हिंदी के चर्चित साहित्यकार उदय प्रकाश महोत्सव में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में संताली, हो सहित दूसरी जनजातीय भाषाओं, उड़िया, बांग्ला, अंग्रेजी, उर्दू, हिंदी, मैथिली, भोजपुरी जैसी भाषाओं में मौजूदा समय में लिखी जा रही रचनाओं पर बात होगी। इसके अलावा फिल्मी दुनिया में लिखी जा रही कहानियों पर भी बात होगी।

**आप भी बन सकते हैं आयोजन का हिस्सा**

यह आयोजन समाज के सभी वर्गों को एक साथ किताबों की तरफ लौटने की प्रेरणा देने के अभिनव प्रयास का एक हिस्सा है। इसमें कोल्हान प्रमंडल के शिक्षा जगत, साहित्य जगत के साथ-साथ सामाजिक,सांस्कृतिक संगठन को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है। कोई भी आम नागरिक इस आयोजन का हिस्सा बन सकता है।

## भाजपा नेता विमल बैठा ने किया पटमदा क्षेत्र का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा** : जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता विमल बैठा ने गुरुवार को पटमदा क्षेत्र में दौरा करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं से मिले। जानकारी देते हुए विमल ने बताया कि इस दौरान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पटमदा के बेलटांड़ में कार्यकर्ताओं से मिलकर विचार विमर्श किया गया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का निर्देश दिया। मौके पर विमल मंडल, देवेंद्र कुंभकार, तपन तंतुवाई, शाशंख प्रमाणिक, सुभाष महतो, कृष्णा महतो, कन्हाई प्रमाणिक समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

विचार प्रवाह

संपादकीय

# पलस्तर गिर रहा

हालांकि सरकारी इमारतों के इस्तेमाल की समीक्षा इस बार पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर कर रहे हैं, लेकिन यह सत्य है कि हम बजट फूंक कर तमाशा देखते हैं। नेता प्रतिपक्ष शिमला के ट्रॉमा सेंटर के बंद दरवाजों के भीतर हुई नियुक्तियों पर अंगुली उठा रहे हैं। बिना कुछ किए धरे, ट्रॉमा सेंटर की शिकायत अब आरोपों तक पहुंच गई है, तो 'तमाशबीन विकास' की आंखों में धूल झोंकने के लिए सभी दोषी हैं। उपर्युक्त ट्रॉमा सेंटर डेढ़ साल पहले शुरू हो सकता था, लेकिन इसी तरह टीएमसी में चाइल्ड-मदर केयर सेंटर सिर्फ एक रैंप न होने की वजह से अपनी कत्र्तव्यपरायणता भूल चुका है। हाय रे बजट कितना कोढ़ी और कितना असहाय हो जाता कि सरकारें बदलते ही पलस्तर गिर जाता है। उदाहरण के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में कई अधूरे काम आधे रास्ते पर खड़े होंगे, तो इसलिए कि राजनीति की आंख में सदैव कोई बाल फंसा है जो प्रतिद्वंद्विता में प्रदेश के विकास को कसूरवार बना देता है। विकास की गाथा का चित्रण करते कई सरकारी होटल नीलाम हो गए, तो स्कूल से कालेज तक बंद होने के कगार पर खड़े हैं। यहां एक रोचक किस्सा धर्मशाला के कचहरी अड्डा में 56 लाख की लागत से स्थापित ओवरहेड ब्रिज का है, जो अपने निर्माण के चार सालों बाद भी सिर्फ एक ढांचा, विकास का उपहास और उद्देश्य का मजाक बना दिखाई देता है। यह योजनाकारों, नेताओं के उपकारों और बजट के डकारों का जीता-जागता उदाहरण है, जो काम नहीं करता, बल्कि शहर को बदनाम करता है। न इससे कोई गुजरा और न गुजर सकता है, फिर भी स्मार्ट सिटी की परियोजना मुस्करा रही है और निर्माण का पीडब्ल्यूडी महकमा अहंकार में है। कोई तो इंजीनियर होगा, किसी ने तो निर्णय लिया होगा, लेकिन जनता के सामने विकास का भूत बना यह ओवरहेड ब्रिज अब डरा रहा है। आश्चर्य यह होता है कि हिमाचल के मंदिरों की कमाई से स्कूल-कालेज चलाए जाते हैं या ट्राइबल इलाकों में जिम खोले जाते हैं। यहां प्रवासी पक्षियों को निहारने के लिए टावर ऐसी जगह खड़े किए जाते, जहां पंछियों की उड़ान होती नहीं। हमीरपुर में एक ऐसी जगह पर्यटक सूचना एवं स्वागत केंद्र बना दिया गया था, जहां सैलानी या तो आते नहीं या कुछ पूछते नहीं, नतीजतन वहां बनते ही यह इमारत कब्र बन गई। विकास को मात्र ईंट-पत्थर मानकर हिमाचल ने अपनी जरूरतें गंवा दीं या गुणवत्ता एवं नवाचार के लिए सोच ही नहीं पनपा। हमने एशिया का पहला वानिकी एवं बागबानी विश्वविद्यालय बनाया, लेकिन सियासी पूजा के लिए इससे बागबानी के दो कालेज छीन लिए, नतीजतन शिक्षा की उन्नत प्रणाली का बंटवारा मुख्य परिसर से ही टकराने लगा है। इसी तर्ज पर क्षेत्रीय कार्यालयों को विकास का सरगना बनाने की उम्मीदों ने बंटाधार कर दिया। हैरानी यह कि जो कार्यालय ढंग से एक पुल नहीं बना पा रहा है, वह किसी जोन का मुख्य कार्यालय हो गया। छोटे से प्रदेश में पीडब्ल्यूडी के चार जोन-चार मुख्य अभियंता, लेकिन नवनिर्माण का दिल व बजट कमजोर। इस पर तुर्रा यह कि हिमाचल की सरकारी कार्य संस्कृति में कामचोरी इतनी कि सुदूर क्षेत्रों में भाड़े पर नौकरी की सबलेटिंग होने की शिकायतें हैं। कुर्सी पर टंगा कोट कई मुख्यालयों की प्लानिंग में मशरूफ दिखाई देता है। किसी शख्स को फुर्सत नहीं कि जांचे कि लैब में जांच कैसी हो रही है। किसी को दर्द नहीं कि नवनिर्माण का पलस्तर क्यों गिर रहा। बस भाग रहा है विकास इमारतों की कतार बनकर और घोषणाओं का इश्तिहार बनकर।

नेता प्रतिपक्ष शिमला के ट्रॉमा सेंटर के बंद दरवाजों के भीतर हुई नियुक्तियों पर अंगुली उठा रहे हैं। बिना कुछ किए धरे, ट्रॉमा सेंटर की शिकायत अब आरोपों तक पहुंच गई है, तो 'तमाशबीन विकास' की आंखों में धूल झोंकने के लिए सभी दोषी हैं। उपर्युक्त ट्रॉमा सेंटर डेढ़ साल पहले शुरू हो सकता था, लेकिन इसी तरह टीएमसी में चाइल्ड-मदर केयर सेंटर सिर्फ एक रैंप न होने की वजह से अपनी कत्र्तव्यपरायणता भूल चुका है। हाय रे बजट कितना कोढ़ी और कितना असहाय हो जाता कि सरकारें बदलते ही पलस्तर गिर जाता है। उदाहरण के लिए हर विधानसभा क्षेत्र में कई अधूरे काम आधे रास्ते पर खड़े होंगे, तो इसलिए कि राजनीति की आंख में सदैव कोई बाल फंसा है जो प्रतिद्वंद्विता में प्रदेश के विकास को कसूरवार बना देता है। विकास की गाथा का चित्रण करते कई सरकारी होटल नीलाम हो गए, तो स्कूल से कालेज तक बंद होने के कगार पर खड़े हैं। यहां एक रोचक किस्सा धर्मशाला के कचहरी अड्डा में 56 लाख की लागत से स्थापित ओवरहेड ब्रिज का है, जो अपने निर्माण के चार सालों बाद भी सिर्फ एक ढांचा, विकास का उपहास और उद्देश्य का मजाक बना दिखाई देता है।

### बड़ी फार्मास्युटिक्लस कंपनी की दवाएं भी शामिल हैं और इनको सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है

# दवा कारोबार की अनैतिकता से बढ़ता जीवन संकट

ललित गर्ग

विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी होने से उन मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने दवाइयों के क्वालिटी टेस्ट में 53 दवाओं को फेल कर दिया गया है। उनमें कई दवाओं की क्वालिटी खराब है तो वहीं दूसरी ओर बहुत सी दवाएं नकली भी बिक रही हैं। इन दवाओं में बीपी, डायबिटीज, एसिड रिफलक्स और विटामिन की कुछ दवाइयां भी शामिल हैं। इसके अलावा सीडीएससीओ ने जिन दवाओं को गुणवत्ता में फेल किया हैं उसमें बुखार उतारने वाली पैरासिटामोल, पेन किलर डिक्लोफेनेक, एंटीफंगल मेडिसिन फ्लुकोनाजोल जैसी देश की कई बड़ी फार्मास्युटिक्लस कंपनी की दवाएं भी शामिल हैं और इनको सेहत के लिए नुकसानदायक भी बताया गया है। निश्चित ही यह खबर परेशानी एवं चिन्ता में डालने वाली है। कैसी विडंबना है कि काफी समय से सरकारों की नाक के नीचे ये दवाइयां धड़ल्ले से बिकती रही हैं। गुणवत्ता के मानकों पर खरा न उतरने वाली दवाओं की सूची जारी होने से उन मरीजों की स्वास्थ्य सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गयी हैं जो इन दवाओं का इस्तेमाल कर रहे थे। दुर्भाग्य से इस सूची में हाइपरटेंशन, डाइबिटीज, कैल्शियम सप्लीमेंट्स, विटामिन-डी3 सप्लीमेंट्स, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स, विटामिन-सी, एंटी-एसिड, एंटी फंगल, सांस की बीमारी रोकने वाली दवाएं भी शामिल हैं। इसमें दौरे व एंग्जाइटी का उपचार करने वाली दवाएं भी शामिल हैं। ये दवाएं बड़ी कंपनियों द्वारा भी उत्पादित हैं। रोगी इस उम्मीद में दवा लेते हैं कि इससे उनकी बीमारी ठीक होगी। लेकिन यह पता लगे कि जिन दवाइयों का वे सेवन कर रहे हैं वे दवा नहीं बल्कि जहर के रूप में बाजार में आ गई हैं तो क्या बीतेगी? हिंदुस्तान में आज लाखों लोगों को ये दवाएं जीवन-रक्षा नहीं दे रही है बल्कि मार रही है, इंसान का लोभ एवं लालच इंसान को मार रहा है। ऐसे स्वार्थी लोगों एवं जीवन से खिलवाड़ करने वालों को राक्षस, असुर या दैत्य कहा गया है जो समाज एवं राष्ट्र में तरह-तरह से स्वास्थ्य सुरक्षा के नाम पर मौत बांट रहे हैं। अमानक एवं गुणवत्ता में दोषपूर्ण पाई गई इन दवाओं में कई नामी कंपनियों की दवाएं भी शामिल हैं। अमानक पाई गई दवाइयों के ये मामले तो तब आए हैं जब पहले से ही दवाओं की गुणवत्ता तय करने के लिए कई सख्त प्रक्रियाएं होती हैं। इनमें कच्चे माल की जांच और निर्माण प्रक्रिया का निरीक्षण तक शामिल होता है। इसके बावजूद नामी दवा




निर्माता कंपनियों के उत्पाद भी मानकों पर खरे नहीं उतरें तो यह माना जाना चाहिए कि कम लागत में ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में ये कंपनियां नैतिकता एवं मानवीयता को ताक पर रखने लगी है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब दवाइयां गुणवत्ता के पैमानों पर खरी नहीं उतरी हैं। आम लोगों के मन में सवाल बाकी है कि यदि ये दवाएं मानकों पर खरी नहीं उतरती तो इनके नकारात्मक प्रभाव किस हद तक हमारी सेहत को प्रभावित करते हैं। यह भी कि जो लोग घटिया दवाइयां बेच रहे थे क्या उनके खिलाफ कोई कार्रवाई की पहल भी हुई है? फिलहाल इस बाबत कोई जानकारी आधिकारिक रूप से सामने नहीं आई है। निस्संदेह, यह शर्मनाक है और तंत्र की विफलता को उजागर करता है कि शारीरिक कष्टों से मुक्त होने के लिये लोग जो दवाएं खरीदते हैं, वे घटिया हैं? बहुत संभव है ऐसी घटिया दवाओं के नकारात्मक प्रभाव भी सामने आते होंगे। इस बाबत गंभीर शोध-अनुसंधान की जरूरत है। चिंता यह भी कि यदि रैंडम सैम्पलिंग में ये दवाइयां पकड़ी नहीं जाएं तो इनकी खुलेआम बिक्री लोगों की सेहत पर खतरा बन कर मंडराती रहती हैं। एक तरफ सीडीएससीओ ने दवाओं की सुगम आपूर्ति के लिए अमरीका, ऑस्ट्रेलिया, जापान, कनाडा व यूरोपीय संघ के कुछ चुनिंदा देशों से आयातित दवाओं को नियमित नमूना परीक्षण से छूट दी है, वहीं देश के बाजारों में पहुंची दवा निर्माता कंपनियों की दवाओं में मिलने वाली यह खोट हमारी छवि पर विपरीत असर डालने वाली है। दवा परीक्षण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अक्षम्य ही है क्योंकि दवा कारोबार में हेराफेरी का खेल लोगों की जान का दुश्मन बन सकता है। विडंबना देखिए कि ताकतवर और धनाढ्य वर्ग द्वारा संचालित इन दवा कंपनियों पर राज्य सरकारें भी जल्दी हाथ डालने से कतराती हैं। जिसकी कीमत आम लोगों को ही चुकानी पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि मानवीय मूल्यों में इस हद तक गिरावट आई है कि लोग अपने मुनाफे के लिये पीड़ित मरीजों के जीवन से खिलवाड़ करने से भी नहीं चूक रहे हैं। व्यथित करने वाली बात है कि गुणवत्ता एवं मानक में फेल होने वाली दवाओं में पेट में इंफेक्शन रोकने वाली एक चर्चित दवा भी शामिल है। उल्लेखनीय है कि इसी साल अगस्त में केंद्र सरकार ने 156 फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन यानी एफडीसी दवाओं की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। दरअसल, ये दवाइयां आमतौर पर सर्दी व बुखार, दर्दनिवारक, मल्टी विटामिन और एंटीबायोटिक्स के रूप में इस्तेमाल की जा रही थी। मरीजों के लिये नुकसानदायक होने की आशंका में इन दवाइयों के उत्पादन, वितरण व उपयोग पर रोक लगा दी गई थी। सरकार ने यह फैसला दवा टेक्निकल एडवाइजरी बोर्ड की सिफारिश पर लिया था। जिसका मानना था कि इन दवाओं में शामिल अवयवों की चिकित्सकीय गुणवत्ता संदिग्ध है। दरअसल, एक ही गोली को कई दवाओं से मिलाकर बनाने को फिक्स्ड डोज कॉम्बिनेशन ड्रग्स यानी एफडीसी कहा जाता है। बहरहाल, सामान्य रोगों में उपयोग की जाने वाली तथा जीवनरक्षक दवाओं की गुणवत्ता में कमी का पाया जाना, मरीजों के जीवन से खिलवाड़ ही है। जिसके लिये नियामक विभागों की जवाबदेही तय करके घटिया दवा बेचने वाले दोषियों को कठोर दंड दिया जाना चाहिए। असल में इस तरह की दानवी सोच वाले लोग सिर्फ अपना स्वार्थ देखते हैं। ऐसे लोग धन-संपत्ति आदि के जरिए सिर्फ अपना ही उत्थान करना चाहते हैं, भले ही इस कारण दूसरे लोगों और पूरे समाज ही मौत के मुंह में जा रहे हो, यह मानवीय संवेदनाओं के छीजने की चरम पराकाष्ठा है। यह कैसी विडम्बना एवं विसंगतिपूर्ण दौर है जिसमें जिसको जहां मौका मिल रहा है, वह लूटने में लग हुआ है, यहाँ कोई भी व्यक्ति सिर्फ तब तक ही ईमानदार है जबतक उसको चोरी करने का या लूटने का मौका नहीं मिलता। हद तो तब है जब कई जगह जीवनरक्षक इंजेक्शनों की जगह नकली इंजेक्शन तैयार करने की खबरें भी आती रहती हैं। हम कितनें लालची एवं अमानवीय हो गये हैं, हमारी संवेदनाओं का स्रोत सूख गया है, तभी अपना ईमान बेच कर इंजेक्शन में पैरासिटामोल मिलाकर बेचने लगते हैं, हम तो अपनी तिजोरियां भरने के लिए जिंदा इंसानों को ही नोच रहे हैं।

दृष्टि कोण

# देव संस्कृति का जीवंत दस्तावेज कुल्लू दशहरा

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव देवभूमि हिमाचल प्रदेश की देव संस्कृति की एक सशक्त एवं जीवंत पहचान है। दशहरा पर्व देवभूमि के आराध्य देव रघुनाथ (भगवान श्रीराम) के प्रति आस्था, स्थानीय देवताओं की पूजा, स्थानीय परम्पराओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से हिमाचल की समृद्ध विरासत को प्रस्तुत करता है। यह पर्व हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक और धार्मिक आस्था का प्रतीक है, जो सात दिनों तक चलता है। जब देश के अन्य हिस्सों में दशहरा समाप्त होता है, तब कुल्लू में इसका शुभारंभ होता है। इस दौरान कुल्लू में भव्य शोभायात्रा निकाली जाती है, जिसमें विभिन्न देवी-देवता अपने देवालयों से आकर भाग लेते हैं। यहां की स्थानीय लोक संस्कृति, लोक कला, हस्तशिल्प और व्यंजन भी इस उत्सव का अभिन्न हिस्सा होते हैं। कुल्लू दशहरा के दौरान देव समाज और आम जनमानस रघुनाथ जी के समक्ष नतमस्तक होता है। इसलिए कुल्लू दशहरा केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह स्थानीय निवासियों के लिए एक गहन आध्यात्मिक अनुभव भी है, जो उनके धार्मिक विश्वासों और अनुभूतियों को मजबूती प्रदान करता है। इस उत्सव के दौरान, लोग अपने पारंपरिक रीति-रिवाजों और अनुष्ठानों का पालन करते हैं, जो उनकी आस्था और संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं। देवी-देवताओं की भक्ति में लीन होकर लोग मानसिक शांति और संतोष का अनुभव करते हैं। वहीं, यह उत्सव उन्हें अपने धार्मिक कत्र्तव्यों को निभाने, एकजुट होने और साझा अनुभवों के माध्यम से एक मजबूत बंधन बनाने का अवसर प्रदान करता है। इस प्रकार कुल्लू दशहरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि यह आध्यात्मिक जागरूकता और सांस्कृतिक समर्पण का भी माध्यम बनता है। कुल्लू दशहरे की कहानी भगवान श्रीराम से जुड़ी हुई है। रघुनाथ मंदिर के मुख्य छड़ीबरदार महेश्वर सिंह के अनुसार, विजयदशमी के दिन भगवान राम ने रावण की नाभि पर तीर मारा था और उसकी विशाल सेना पर विजय प्राप्त की थी। हालांकि, रावण की मृत्यु विजयदशमी के सात दिन बाद हुई थी, इसलिए कुल्लू में इस त्योहार को सात दिनों तक मनाने की परम्परा है। इस प्रकार कुल्लू दशहरा न केवल धार्मिक विश्वासों का प्रतीक है, बल्कि यह क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं का भी जीता-जागता उदाहरण है। कुल्लू दशहरा की परम्परा अपने आरम्भ से लेकर अब तक एक लंबी यात्रा तय कर चुकी है। इस साल कुल्लू दशहरे को शुरू हुए 364 साल हो जाएंगे। वर्ष 1660 में पहली बार कुल्लू दशहरा मनाया गया था। बताया जाता है कि तब कुल्लू में राजा जगत सिंह का राज हुआ करता था। 17वीं शताब्दी में कुल्लू दशहरे की शुरुआत करने का श्रेय भी राजा जगत सिंह को ही जाता है। साहित्यकार डा. सूरत ठाकुर बताते हैं कि इस संदर्भ में 1637 के एक प्रसंग का उल्लेख मिलता है। कुल्लू के राजा जगत सिंह से डरकर एक ब्राह्मण ने आत्महत्या कर ली थी। इससे राजा को ब्रह्म हत्या का दोष लगा। राजा जगत सिंह को भारी ग्लानि हुई और इस दोष के कारण राजा को एक असाध्य रोग भी हो गया था। इस बीमारी से मुक्ति के लिए पयोहारी बाबा किशन दास ने राजा को सलाह दी कि वो अयोध्या के त्रेतानाथ मंदिर से भगवान राम, माता सीता और रामभक्त हनुमान की मूर्तियां लाएं। इन मूर्तियों को कुल्लू के मंदिर में स्थापित करके अपना राजपाठ भगवान रघुनाथ को सौंप दें तो उन्हें ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्ति मिल जाएगी। राजा जगत सिंह ने श्री रघुनाथ जी की प्रतिमा लाने के लिए बाबा किशनदास के चेले दामोदर दास को अयोध्या भेजा था। दामोदर दास जब अयोध्या से मूर्ति को चुराकर हरिद्वार पहुंचे तो पीछा कर रहे अयोध्या के पुजारियों ने उन्हें पकड़ लिया और उनकी पिटाई के बाद उनसे मूर्तियां छीन लीं। जब अयोध्या के पंडित मूर्ति को वापस ले जाने लगे तो वो इतनी भारी हो गई कि कई लोग मिलकर भी इन मूर्तियों को नहीं उठा सके। वहीं, जब इन्हें पंडित दामोदर ने उठाया तो मूर्ति फूल के समान हल्की हो गई। ऐसे में पूरे प्रकरण को स्वयं भगवान रघुनाथ की लीला जानकर अयोध्या के पुजारियों ने मूर्तियों को कुल्लू लाने दिया। स्वस्थ होने के बाद राजा ने अपना जीवन और राज्य भगवान रघुनाथ को समर्पित कर दिया और इस तरह से यहां दशहरे की शुरुआत हुई। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बहुत से देवता करीब 150 से 200 किलोमीटर की पैदल दूरी तय करने के बाद देवता कुल्लू दशहरा में भाग ले रहे हैं। इसके लिए देवी-देवताओं के रथ सजकर तैयार हो चुके हैं। देवता के कारकूनों, हरियानों और देवलुओं ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। सफर लंबा होने से देवता दशहरा से करीब चार से पांच दिन पहले देवालय से कुल्लू दशहरा मैदान के लिए रवाना हो गए हैं। इस बार बाह्य सराज से देवता शमशरी महादेव और जागेश्वर महादेव करीब दो दशक बाद दशहरा में आ रहे हैं।

कुछ अलग

# महंगाई की फिक्र

ऐसे वक्त में जब भारतीय बाजार त्योहार की रंगत में रंगने लगे हैं और कारोबारियों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है, भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर फिक्रमंद है। उसे चिंता है कि महंगाई बढ़ी तो त्योहार की रौनक प्रभावित हो सकती है। तभी मौद्रिक नीति की घोषणा करते वक्त केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को यथावत बनाये रखा है। बहरहाल, ये आने वाला वक्त बताएगा कि रिजर्व बैंक किस हद तक महंगाई पर नियंत्रण रखने में सफल हो पाता है। दरअसल, केंद्रीय बैंक का लक्ष्य है कि महंगाई की दर को चार फीसदी से नीचे रखी जाए। चिंता जतायी जा रही है कि आने वाले दो वर्ष में यह दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। जब दो साल पहले खुदरा महंगाई की दर सात फीसदी के करीब पहुंच गई थी तो केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक उपायों से महंगाई पर काबू पाने का प्रयास किया। बैंक ने धीरे-धीरे रेपो दर में वृद्धि की थी। फिलहाल छह बार की बढ़ोतरी से फिलहाल इस दर में करीब ढाई फीसदी की वृद्धि हो चुकी है। अब महंगाई बढ़ने की फिक्र में केंद्रीय बैंक ने दसवीं बार रेपो दर को यथावत रखा है। जो फिलहाल साढ़े छह फीसदी है। दरअसल, बैंक का आकलन है कि आने वाले दो वर्षों में महंगाई की दर चार फीसदी से ऊपर रह सकती है। केंद्रीय बैंक यदि उद्यमियों के दबाव के बावजूद बैंक दरों में कमी नहीं कर रहा है तो उसकी वजह महंगाई की फिक्र में थमे कदम हैं। बैंक का आकलन है कि यदि हम महंगाई की दर को अपने लक्ष्य चार फीसदी से कम लाने में कामयाब हो जाते हैं तो देश की विकास दर के ऊंचे लक्ष्य हासिल किये जा सकते हैं। इतना ही नहीं, विकास दर दो अंकों का आंकड़ा छू सकती है। वैसे जिस तरह कोविड संकट से उबरती दुनिया को रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिम एशिया के संकट से जूझना पड़ रहा है, भारत उससे अपनी अर्थव्यवस्था को बचाने में कामयाब रहा है। यह एक हकीकत है कि जहां दुनिया के अन्य विकसित देश मंदी के संकट से जूझ रहे हैं, भारत मंदी के दुष्प्रभाव से अर्थव्यवस्था को बचा पाया है। निस्संदेह, हमारी मौद्रिक नीतियां आर्थिकी को स्थायित्व प्रदान करने में किसी हद तक सफल रही हैं। यही वजह है कि संवेदनशील आर्थिकी के वैश्विक परिदृश्य में केंद्रीय बैंक ने मौद्रिक नीतियों में बदलाव से परहेज किया है। निस्संदेह, भारत इस समय दुनिया में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है। इस स्थिति को बनाए रखने के लिये खासी सावधानी भी जरूरी है। लेकिन ऊंची रेपो दर का नुकसान देश के उन उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है, जो घर-वाहन लोन की ईएमआई कम होने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। हालांकि, देश के बुजुर्गों को बचत खाते में अधिक ब्याज मिलने से लाभ जरूर हो रहा है। लेकिन महंगाई का प्रभाव तो समाज के हर वर्ग पर पड़ रहा है। वहीं थोक व फुटकर की महंगाई के आंकड़े भले ही इसके कम होने की बात कर रहे हों, लेकिन व्यवहार में फल-सब्जी व खाद्य पदार्थों की महंगाई उपभोक्ताओं के बजट को प्रभावित कर रही है। दूसरी ओर कर्ज लेने वाले लोगों को बढ़ी किस्तें भी परेशान कर रही हैं। कारोबारी और कामकाजी लोग काफी समय से आस लगाए बैठे थे कि यदि रिजर्व बैंक रेपो दरों में कुछ कमी करता है तो ऋण सस्ते होने से उनके कर्ज की किस्त कुछ हल्की हो जाएगी। लेकिन महंगाई की चिंता कर रहा केंद्रीय बैंक ऐसे किसी कदम को उठाने से परहेज कर रहा है। लेकिन एक बात तो तय है कि महंगाई दर में कमी के दावों का अहसास आम आदमी को भी होना चाहिए।

देश दुनीया से

# शोध और नवाचार में भारत की ऊंचाई

भारत जीआईआई रैंकिंग में 2015 में 81वें स्थान पर था, अब वह 39वें स्थान पर पहुंच गया है। जीआईआई रैंकिंग में भारत की प्रगति दुनियाभर में रेखांकित हो रही है। इस ऊंची रैंकिंग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वाइब्रेंट इनोवेटिव इकोसिस्टम की उपलब्धि बताया है। गौरतलब है कि जीआईआई 2024 के तहत भारत निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है। भारत मध्य और दक्षिणी एशिया क्षेत्र की 10 अर्थव्यवस्थाओं में भी पहले स्थान पर है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एसएंडटी) क्लस्टर रैंकिंग में चौथे स्थान पर है।

हाल ही में विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2024 की रैंकिंग में 133 अर्थव्यवस्थाओं में भारत ने 39वां स्थान हासिल किया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जो भारत जीआईआई रैंकिंग में 2015 में 81वें स्थान पर था, अब वह 39वें स्थान पर पहुंच गया है। जीआईआई रैंकिंग में भारत की प्रगति दुनियाभर में रेखांकित हो रही है। इस ऊंची रैंकिंग को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के वाइब्रेंट इनोवेटिव इकोसिस्टम की उपलब्धि बताया है। गौरतलब है कि जीआईआई 2024 के तहत भारत निम्न-मध्यम आय वाली अर्थव्यवस्थाओं में पहले स्थान पर है। भारत मध्य और दक्षिणी एशिया क्षेत्र की 10 अर्थव्यवस्थाओं में भी पहले स्थान पर है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (एसएंडटी) क्लस्टर रैंकिंग में चौथे स्थान पर है। भारत के प्रमुख शहर मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु और चेन्नई दुनिया के शीर्ष 100 विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्लस्टरों में सूचीबद्ध हैं और भारत अमूर्त संपत्ति तीव्रता में वैश्विक स्तर पर सातवें स्थान पर है। जीआईआई 2024 के अनुसार, स्विट्जरलैंड, स्वीडन, अमेरिका, सिंगापुर और यूके दुनिया की सबसे अधिक नवोन्मेषी अर्थव्यवस्थाएं हैं, जबकि चीन, तुर्की, भारत, वियतनाम और फिलीपींस पिछले एक दशक में सबसे तेजी से ऊपर आने वाले देश हैं। यदि हम बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार से जुड़े अन्य वैश्विक संगठनों की रिपोर्टों को भी देखें तो पाते हैं कि भारत इस क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रहा है। अमेरिकी उद्योग मंडल 'यूएस चैंबर्स ऑफ कॉमर्स' के ग्लोबल इनोवेशन पॉलिसी सेंटर के द्वारा जारी वैश्विक बौद्धिक संपदा (आईपी) सूचकांक 2024 में भारत दुनिया की 55 प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में 42वें स्थान पर है। निःसंदेह शोध एवं नवाचार तथा बौद्धिक सम्पदा की दुनिया में भारत की रैंकिंग यह दर्शा रही है कि भारत इनोवेशन का हब बनता जा रहा है। भारत में शोध एवं नवाचार को बढ़ाने में डिजिटल ढांचे और डिजिटल सुविधाओं की भी अहम भूमिका है। भारत आइटी सेवा निर्यात और वेंचर कैपिटल हासिल करने के मामले में लगातार आगे बढ़ रहा है। विज्ञान और इंजीनियरिंग ग्रेजुएट तैयार करने में भी भारत दुनिया में सबसे आगे है। भारत के उद्योग-कारोबार तेजी से समय के साथ आधुनिक हो रहे हैं। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के मुताबिक कृषि से संबंधित चुनौतियों के समाधान के लिए भारत ने जिस तरह विज्ञान और प्रौद्योगिकी का प्राथमिकता के आधार पर उपयोग किया, उससे भारत कृषि विकास की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा है। विगत अगस्त माह में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के खेतों में जाकर जारी की गई 61 फसलों की 109 नई एवं उन्नत किस्मों से कृषि नवाचार का नया अध्याय लिखा गया है। निश्चित रूप से शोध एवं नवाचार के मद्देनजर भारत ने कारोबारी विशेषज्ञता, रचनात्मकता, राजनीतिक और संचालन से जुड़ी स्थिरता, सरकार की प्रभावशीलता जैसे विविध क्षेत्रों में अच्छे सुधार किए हैं। साथ ही भारत में घरेलू कारोबार में सरलता, विदेशी निवेश जैसे मानकों में भी बड़ा सुधार दिखाई दिया है। भारत की शोध एवं नवाचार ऊंचाई में अपार ज्ञान पूंजी, स्टार्टअप और यूनिकॉर्न, पेटेंट वृद्धि, घरेलू उद्योग विविधीकरण, हाइटेक विनिर्माण और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए प्रभावी कार्यों के साथ-साथ अटल इनोवेशन मिशन ने भी अहम भूमिका निभाई है। भारत बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, रक्षा सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति कर रहा है। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुपरकंप्यूटिंग मिशन (एनएसएम) के अंतर्गत स्वदेश में विकसित लगभग 130 करोड़ रुपए की लागत के तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर राष्ट्र को समर्पित किए। मौसम और जलवायु अनुसंधान के लिए तैयार एक उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग (एचपीसी) प्रणाली का भी उद्घाटन किया गया है। सुपरकंप्यूटिंग प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने की प्रतिबद्धता के अनुरूप तीन परम रुद्र सुपरकंप्यूटर तैयार किए गए हैं। इन सुपरकंप्यूटरों को अग्रणी वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए पुणे, दिल्ली और कोलकाता में लगाया गया है। यह बात महत्वपूर्ण है कि बौद्धिक सम्पदा, शोध एवं नवाचार के बहुआयामी लाभ होते हैं। इनके आधार पर किसी देश में विभिन्न देशों के उद्यमी और कारोबारी अपने उद्योग-कारोबार शुरू करने संबंधी निर्णय लेते हैं। पूरी दुनिया के विभिन्न देशों की सरकारें भी ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स को ध्यान में रखकर अपने वैश्विक उद्योग-कारोबार के रिश्तों के लिए नीति बनाने की डगर पर बढ़ती हैं। भारत में इंटरनेट ऑफ थिंग्स, कृत्रिम बुद्धिमता और डेटा एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में शोध एवं विकास और जबरदस्त स्टार्टअप माहौल के चलते अमेरिका, यूरोप और एशियाई देशों की बड़ी-बड़ी कंपनियां अपने ग्लोबल इन हाउस सेंटर (जीआईसी) तेजी से शुरू करते हुए दिखाई दे रही हैं।

आप का नजरीया

# 'रावण' आज भी जिंदा है...

सदियों से रावण मर रहा है। यह सिलसिला त्रेता युग से जारी है। हर साल भारत और दुनिया के कई हिस्सों में रावण समेत मेघनाद और कुंभकर्ण के भी पुतले जलाए जाते हैं। 'विजयादशमी' पर्व मनाया जाता है। अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की जीत के जश्न दीपावली तक जारी रहते हैं। तसल्ली रहती है कि हमने धर्म, बुराई, राक्षसत्व, पापाचार, अत्याचार आदि का दहन कर दिया। उनका अस्तित्व ही मिटा दिया, लेकिन ये जश्न और सोच बाहरी और दिखावटी हैं। दरअसल रावण हमारे भीतर की कामनाओं और राक्षसत्व का ही प्रतीक है, लिहाजा बार-बार उसका दहन कर हम उल्लास और पर्व मनाते हैं। रावण ने साधु के वेश में माता सीता का अपहरण किया था, लेकिन उनकी पवित्रता और पतिव्रता स्वरूप को छुआ तक नहीं था। रावण ने अपहरण के जरिए अपनी नियति तय की थी। आज अपहरण ही नहीं, 3-4 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म किए जाते हैं। उनके साथ बर्बरता की जाती है और अंततः उनकी हत्या भी कर दी जाती है। हमारे दौर की यह एक आम प्रवृत्ति बन गई है। ऐसे बलात्कारियों के भीतर कौनसा रावण बैठा है? रावण तो ऐसा नहीं था। वह प्रकांड पंडित, वेद-पुराण ज्ञाता, महापराक्रमी योद्धा, ब्रह्म-महादेव का अंतरंग भक्त, त्रिकालदर्शी आदि, न जाने क्या-क्या था, लेकिन उसे असुर, दैत्य, राक्षस समुदाय का माना गया। यह भी सवालिया है, क्योंकि रावण महान ऋषि विश्रवा और असुर कैकसी की संतान था, लिहाजा भारतीय सांस्कृतिक व्यवस्था के अनुसार, उसे किस वर्ण की संतान माना जाना चाहिए? बहरहाल हम रावण के ऐतिहासिक और पारिवारिक पृष्ठभूमि को यहीं छोड़ते हैं। दरअसल हमारा सरोकार 'रावणत्व' भाव से है, जो कई शक्लों, किस्मों, नस्लों, दुर्भावनाओं, पापाचार, अत्याचारों आदि के रूप में आज भी जिंदा है। रावण का पार्थिव शरीर मारा जा चुका है, लेकिन उसके प्रतीक-स्वरूप पुतले आज भी जलाए जा रहे हैं। फिर भी रावण जिंदा है। हम जो आतंकवाद, अलगाववाद, धर्म और जातिवाद, नफरती हिंसा, नफरती राजनीति, नफरती आह्वान और सर कलम कर देने के फतवे आदि देख-सुन और महसूस कर रहे हैं, वे आखिर क्या हैं? वे 'रावणत्व' ही हैं। जो मानवीय भाव होने चाहिए, वे मर चुके हैं, लेकिन आज इनसान, दूसरे इनसान को, मार रहा है, राख कर रहा है, मानवता का ही हत्यारा बन चुका है। यह क्या है? बांग्लादेश में सरेआम जो कुछ हो रहा है, क्या उसका कोई बुनियादी कारण या तर्क है? कट्टरपंथ के उकसावे में आकर, कुछ कठमुल्लाओं के भडक़ाने पर, कथित मुसलमानों की एक जमात हिंदुओं की हत्या कर रही है। उनके पूजास्थलों को अपवित्र कर रही है, तोड़-फोड़ भी की जा रही है। इन हिंसक हरकतों का हासिल क्या है? बांग्लादेश के हालात के समानांतर भारत में प्रधानमंत्री मोदी, उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, सरसंघचालक मोहन भागवत को 'बंटेंगे, तो काटे जाएंगे' सरीखे बयान देने पड़े हैं। हिंदुओं के एकजुट होने के आह्वान किए जा रहे हैं। यह विभाजन क्या है? भारत में भी हिंदू-मुसलमान के आधार पर सियासत की जा रही है।

झामुमो का सच्चा सिपाही हूं झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ूंगा : मनोज चंद्रा

# भाजपा के कार्यकर्ताओं द्वारा भाजपा में आने की फैलाई है झूठी अफवाह : मनोज चंद्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** झामुमो नेता मनोज कुमार चंद्रा ने गुरुवार को सोशल मीडिया में चल रहे अफवाहों का खंडन अपने समर्थकों एवं पार्टी पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं के साथ किया है। उन्होंने अपने समर्थकों के साथ प्रेस वार्ता आयोजित कर कहा है कि मैं झामुमो का सच्चा सिपाही हूं और मैं जीवन भर झामुमो कार्यकर्ता का सिपाही बना रहूंगा। विधानसभा चुनाव भी मैं झामुमो के टिकट पर हीं लड़ूंगा। उन्होंने कहा कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर अफवाह फैला कर मेरे समर्थकों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं जो बिलकुल बेबुनियाद है किंतु उनकी यह साजिश सफल नहीं होगी। हमारे समर्थन में कार्यकर्ता एकजुट हैं और ऐसे साजिशों से निपटना बखूबी जानते हैं। मैं आगामी विधानसभा चुनाव की जोर-शोर से तैयारी कर रहा हूं। दिशोम गुरु शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आशीर्वाद भी लगातार प्राप्त हो रहा है। उनके मार्गदर्शन के अनुसार मैं अपने कार्यकर्ताओं के साथ लगातार क्षेत्र भ्रमण कर रहा हूं और पार्टी को मजबूत कर रहा हूं। उन्होंने कार्यकर्ताओं और समर्थकों को एक जुट रहकर मजबूती के साथ झामुमो को सशक्त करने की अपील की है। गौरतलब है कि विगत कुछ दिनों से कुछ खास सोशल मीडिया ग्रुप में झामुमो नेता मनोज चंद्रा को भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने तथा भाजपा से सिमरिया विधान सभा के लिए चुनाव लड़ने की सूचना प्रचार प्रसार की जा रही थी ।जिसे लेकर उन्होंने पुरजोर तरीके से खंडन किया है। मौके प्रमुख रोहन साहू, जिप सदस्य देवनन्दन साहू, चंद्रदेव गोप, श्याम सिंह, नेमधारी महतो, जागेश्वर दास, प्रखंड अध्यक्ष मालेश्वर साहू, भूपेंद्र ठाकुर, चंद्रदेव साहू, अलोक रंजन, सलीम अख्तर, संदीप कुमार, बिनोद महतो, रमन कुमार साहू, बिनोद साव, श्याम सुंदर साहू, प्रेमलता चंद्रा, विकास पांडेय सहित विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अफीम उन्मूलन को लेकर पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कुंदा :** अफीम के खेती रोकथाम को लेकर बुधवार को थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव में जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना क्षेत्र के मरगड्डा, एकता व गेंदरा में विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अफीम उन्मूलन अभियान के दौरान अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बातचीत की और उन्हें अफीम के दुष्प्रभाव के बारे में बताया।शामिल अधिकारियों ने कहा कि अफीम का दुष्प्रभाव न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ् को नुकसान पहुंचाता है बल्कि यह समाज के लिए भी एक बड़ा खतरा है। उन्होंने लोगों से अपील की और कहा की वे अफीम के खिलाफ लड़ने में पुलिस को सहयोग करें। जागरूकता अभियान में कुंदा थाना प्रभारी प्रिंस कुमार सिंग, एएसआई अनेश्वर सिंह, प्रभारी वनपाल व सभी वनरक्षी समेत थाना के जवान शामिल थे।

## जेएसएलपीएस के तहत सी सी लिंकेज को लेकर कैंप का आयोजन



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड पंचायत सचिवालय में बृहस्पतिवार को जेएसएलपीएस के तहत सिसी लिंकेज को लेकर कैंप का आयोजन किया गया। जहां सात समूह को लोन देने की निर्णय बैंक ऑफ़ इंडिया के द्वारा किया गया। यह कार्य जेएसएलपीएस से जुड़े महिलाओं को लोन दिया जाएगा।समूह का रजिस्टर जांच कर रहे एस के भी के गोविंद काले ने बारी-बारी से सभी रजिस्टर का जांच किया। मौके पर सीसी निशांत कुमार सरदार जितेंद्र सिंह सुमित्रा देवी रणजीत यादव आईपीआर अजय सिंह सुनीता देवी के साथ दर्जनों समूह के महिलाएं उपस्थित थी।

## सर सैय्यद अहमद खान ने आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में देश में महत्वपूर्ण योगदान दिया जिसे भुलाया नहीं जा सकता है



**चतरा प्रभात मंत्र संवाददाता):** चतरा शहर के वादी ए ईरफाँ स्थित ए एमश सिद्दिक पब्लिक स्कूल में सर सैय्यद अहमद खां और शैक्षणिक क्रांति पर एक भव्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरुआत तिलावत ए कुरान पाक से किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रोश उमर फारूक ने सर सैयद अहमद खां की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 17 अक्टूबर 1817 को दिल्ली में हुई थी 7 22 वर्ष की उम्र में उनके पिता का निधन हो गया 71841 में उत्तर प्रदेश के मैनपुर में वो जज बने 1872 में नौकरी छोड़ राष्ट्र को आधुनिक से जोड़ने के लिए तालीम मिशन में लग गए। श्री खान कहा करते थे कि जब तक हमारे राष्ट्र के बच्चों को आधुनिक शिक्षा नहीं दी जाएगी तब तक देश तरक्की नहीं कर सकता। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहम्मद मुजम्मिल ने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र प्रेम और शिक्षा के क्षेत्र जो कुर्बानी उनके द्वारा दिया गया वह इतिहास के पन्नो में देखा जा सकता है। सर सैयद कहते थे मेरी किस्मत में भीख मांगना लिखा था मगर शुक्र है अपने लिए नहीं बल्कि सैयद कॉलेज के लिए वह कहते थे जब मुझे कोई निमंत्रण करके खाने पर बुलाता था तो मैं उनकी निमंत्रण कबूल करके कहता था जो मेरे खाने में खर्च करोगे वह पैसा कॉलेज फंड में दे दो इस दौरान स्कूल के बच्चों ने नात तराना, भाषण, राइम्स, कलमा, नज्म, सहित वाद विवाद प्रतियोगिता में स्कूल के छात्र छात्राओं बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम को कक्षा नवम की छात्रा मनतशा जन्नत ने बहुत ही बेहतर ढंग से संचालित किया, वहीं आज के इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक/ शिक्षिका मोश आरीफ, मोश एजाज, मोश सूफियान, मोश काशिफ, निर्मल कुमार, हाफिज अब्दुल राशिद, हाफ़िज़ अली, हाफिज फैजान, मोश खालीद, सीमा, शाहीन, मुदस्सिरा, आरजू, मुस्कान, साइमा, शम्मा, नगमा, सिद्दीका इत्यादि ने अहम राल अदा किया।

## मां भद्रकाली ज्वेलर्स का हुआ उद्घाटन मुख्य अतिथि संचालक के माता-पिता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत गिद्धौर से ब्रहमपुर के मुख्य सड़क मैन चौक में मां भद्रकाली ज्वेलर्स गोल्ड एवं डायमंड ज्वेलरी का दुकान का उद्घाटन बृहस्पतिवार को किया गया।जिसका मुख्य अतिथि संचालक के माता कपली देवी पिता चन्द्र देव साव के साथ पंचायत के मुखिया सुमिरा देवी उपस्थित थे। दुकान का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर फीता काटकर विधि विधान से किया गया। संचालक शुभम कुमार सोनी ने बताया कि यहां लेटेस्ट डिजाइन की ज्वेलरी कलेक्शन उपलब्ध है।ज्वेलरी खरीद पर ग्राहक को विशेष 20 प्रतिशत की छूट दिया जाएगा। सोने का गहने की मेकिंग चार्ज पर 5 से 10प्रतिशत की छूट ग्राहक को दियाजाएगा।और डायमंड ज्वेलरी की एमआरपी पर 20त्न तक की छूट दी जाएगी। मौके पर वार्ड सदस्य रजनी देवी सहायक शिक्षक रामजीवन साहू विवेक कुमार साहु एवं दर्जनों अतीत गण उपस्थित थे।

# सबानों पंचायत में पीएम आवास में किया गया बड़ा खेल

**पंचायत सेवक, कॉर्डिनेटर, और मुखिया के मिलीभगत से दीया गया अंजाम**

**आवास बना नहीं, सारे रुपये की हुई निकासी, कागज आवास कार्य पूर्ण**

**दूसरी किस्त में जियो टैग के माध्यम से दिखाया गया है आवास निर्माण सेट्रिंग का है फोटो**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के सबानों पंचायत में सनसनी खेज मामला समाने आया है। सबानों पंचायत के आरायातु गांव के राम कुमार पासवान पिता पुरन पासवान का 2019/2020 में पीएम आवास पास किया गया था। आवास एकरार नामा के बाद राम कुमार पासवान के खाते में दिनांक 29 सितम्बर 2019 को पहला किस्त 40 हजार रुपए डाल दिया गया। वहीं दूसरी किस्त 19 मार्च 2023 को 85 हजार डाला गया। यहां दूसरी किस्त में प्रखंड कॉर्डिनेटर मुकेश राम द्वारा निर्माणधीन पीएम आवास जियो टैग कर सेट्रिंग करते दिखाया जाता है। वहीं अंतिम किस्त 10 अप्रैल 2024 को 5 हजार रुपए रामकुमार पासवान के खाते में डाला जाता है और मुकेश राम द्वारा फाइनल आवास में जियो टैग के माध्यम से पूर्ण दिखाते हुए किसी क्रकेट गोशाला शेड का मकान में मुखिया नरेश साहू का फोटो दिखाया गया है। इस बीच निर्माणाधीन मकान में लाभुक राम कुमार पासवान का फोटो जियो टैग में कहीं नहीं दिखाया गया है। इसकी सत्यता जांच जब पत्रकारों द्वारा की गई तो लाभुक रामकुमार पासवान का पुस्तैनी मकान आरायातू में मौजूद है जो पूर्व से पक्का मकान बना हुआ है। किंतु रामकुमार पासवान अपने ससुराल टंडवा में रह कर अपना जीवन गुजर बसर करते वर्षो से आ रहा है। जबकि आरायातु गांव में बने पूर्व पक्का मकान में रामकुमार पासवान के भाई महेश पासवान निवास कर रहा है। ऐसे में आखिर इतनी बड़ी विभागीय खेल किया गया है। आपको बता दें कि इस तरह का मामला पूरे सबानो पंचायत में पंचायत सेवक सुरेश साव,प्रखंड कॉर्डिनेटर मुकेश कुमार, मुखिया नरेश साहू के अलावे वार्ड सदस्यों की मिलीभगत से इस तरह दर्जनों कारनामे किया गया है। आवास बना हीं नहीं किसी दूसरे का का मकान का जियो टैग दिखा कर सरकारी रुपया निकाल कर बंदरबांट कर सरकार को चुना लगाया गया है। लाभुकों को मात्र 40 हजार रुपए देकर पंचायत सेवक, मुखिया, कॉर्डिनेटर, वार्ड सदस्यों के मिलीभगत से आवास को कागज पर हीं पूर्ण कर दिया गया है। जो जांच का विषय है। लाभुक रामकुमार पासवान से पूछे जाने पर बताया कि हमको मुखिया द्वारा बोला गया था कि तुम घर मत बनाना केवल तुमको 40 हजार दिया जाएगा और हमको मात्र 40 हजार रुपया दिया गया है। बाकी सभी रुपया खाते से निकाल कर मुखिया को सौंप दिया हूं। सारा कागजी काम काज जियो टैग वगैरह मुखिया के हिसाब से किया गया है। यदि हमको पूरा रुपया मिलता तो हम घर बनाते । इसी तरह का मामला सबानो पंचायत में एक नहीं अनेक है जांच करने पर परत दर परत खुल कर सामने आ जाएगा।

## बालूमाथ डीएसपी ने किया पदभार ग्रहण



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बालूमाथ के नए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद डीएसपी विनोद रवानी ने बालूमाथ पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत आने वाले बारियातु, बालूमाथ, हेरहंज थाना प्रभारी एवं सर्किल इंस्पेक्टर के साथ बैठक की और विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर चर्चा किया। मौके पर डीएसपी विनोद रवानी ने कहा कि विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना उनकी पहली प्राथमिकता है। शांतिपूर्ण व भय मुक्त वातावरण में विधानसभा चुनाव संपन्न कराना है। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर परमानंद बिरुआ बालूमाथ थाना प्रभारी अमरेंद्र कुमार, बारियातु थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार, हेरहंज थाना प्रभारी केपी सिंह उपस्थित थे।

## जिला निर्वाची पदाधिकारी ने अनुमंडल कार्यालय में निर्वाचन संबंधित तैयारी का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** अनुमंडलीय कार्यालय में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जिला उपायुक्त शेखर जमुआर ने गुरुवार को निरीक्षण किया। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने उत्तर प्रदेश सीमा पर बने बिलासपुर एवं बाजरमरवा चेकनाका का भी भ्रमण किया।आगामी 18 अक्टूबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होनी है। जिसके तहत उम्मीदवार अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। उपायुक्त जमुआर ने चुनाव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि सभी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और चुनाव आयोग (ECI) की गाइडलाइन के अनुसार काम किया जाएगा। उपायुक्त ने कार्यालय में की गई बैरिकेटिंग और अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, जिससे उम्मीदवारों को नामांकन के दौरान गुजरना होगा। इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा, भूमि उपसमाहर्ता, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रौशन कुमार, अंचल अधिकारी विकास कुमार सिंह समेत कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## ईश्वरत्व शक्ति का दूसरा रूप है डॉक्टर : राहुल चौरसिया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के डिवीजन चेयरमैन राहुल चौरसिया ने अपने समाज के होनहार डॉक्टर ऋषभ चौरसिया को अंग वस्त्र और मिठाई खिलाकर बधाई दिया। डॉक्टर ऋषभ चौरसिया एक मध्यम परिवार से आते है और इनके पिता रंजीत चौरसिया दादा बालदेव प्रसाद चौरसिया जो गाड़ीलौंग, टंडवा के स्थानीय निवासी है, डॉ ऋषभ ने नीट पीजी में अपनी कोटि में ऑल इंडिया रैंक 60 हासिल कर अपने परिवार, समाज,जिला और राज्य का नाम रौशन किया। साथ ही राहुल चौरसिया ने डॉ ऋषभ को उज्ज्वल भविष्य की कामना देते हुए कहा कि ईश्वरीय शक्ति का दूसरा रूप है डॉक्टर,इस धरती पर सिर्फ दो भगवान् हैं, एक माँ और दूसरा डॉक्टर। ईश्वर सबके जीवन की रक्षा खुद से नही कर पाते इसलिए उन्होंने इस धरती पर अपने रूप में डॉक्टर को भेज दिया। डॉ ऋषभ अपना पैत्रिक जन्म भूमि पर कुलदेवता, देवी मंदिर,का पूजा की एवं दादा दादी, चाचा चाची, भैया भाभी, भाई बहन, गांव, समाज के माननीय, आदरणीय समाज सेवक से पैर छूकर आशिर्वाद एवं स्नेह सदैव सफल होने का लिया।बधाई देने वाले, कुलदीप दास रामनरेश चौरसिया, संदीप चौरसिया, निरंजन चौरसिया, राज कुमार, कंचन चौरसिया, किरण चौरसिया, अंजु चौरसिया, बालदेव चौरसिया, चिंता देवी, महेश चौरसिया, रणजीत चौरसिया, संजय चौरसिया, जया चौरसिया, सरिता चौरसिया, निशा प्रिया, अजय चौरसिया, अंजनी चौरसिया ,सतेंद्र चौरसिया, उपेंद्र चौरसिया, जितेंद्र चौरसिया, ऋषि राज, अरनव, आरव, रिया, ऋषिका, ईशिका, आनवी, शानवी एवं समस्त ग्राम वासियों ने दिया।

## डीसी और एसपी ने दिलाई मतदाताओं को मतदान की शपथ



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** गुरुवार को प्रखंड के कुटमु चौक पर आगामी विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह लातेहार उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और एसपी कुमार गौरव ने आयोजित स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाताओं को स्वच्छ एवं शत-प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई। वहीं कार्यक्रम के दौरान कई बूथों का निरीक्षण किया। बताया गया कि चुनाव एक लोकतान्त्रिक व्यवस्था का पर्व है जो जाति धर्म, भाषा, समुदाय के भेदभाव से ऊपर उठकर बिना किसी प्रलोभन के निष्पक्ष मतदान करने की आवश्यकता है। वहीं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बताया कि सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम पूरी तरह से अलर्ट है और सोशल मीडिया को लेकर एक टीम भी बनाई गई जिसपर कड़ी निगाहे है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट पर अविलम्ब पुलिस को सूचना दें ताकि त्वरित कार्रवाई किया जा सके। बताते चलें कि विधानसभा चुनाव 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर लातेहार जिला प्रशासन ने पूरे जिले में स्वीप मतदाता जागरूकता अभियान चलाया है।

## एम्बुलेंस चालकों को अविलम्ब बकाया वेतन का भुगतान किया जाए : रवि डे



**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झाविस नेता सह समाजसेवी रवि डे ने मांग की है कि एम्बुलेंस चालकों का वेतन जल्द से जल्द भुगतान किया जाए। श्री डे ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि 108 नंबर एम्बुलेंस सेवा के चालकों को पिछले तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं होना बहुत ही दुभाग्यपूर्ण है। यह सेवा भारतवासियों के लिए जीवन रेखा है, इसे ठप्प होने से सभी लोग परेशान हैं। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए उन्हें इस स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि चालक के हड़ताल से यह साफ हो गया है, कि प्रदेश के भ्रष्ट और घुसखोर स्वास्थ्य मंत्री के निकम्मेपन की वजह से आज लोग चिकित्सा के लिए त्राहि-त्राहि कर रहे हैं। यहां कि चिकिस्सा व्यवस्था राम भरोसे है। मंत्री लूट-खसोट और भ्रष्टाचार में व्यस्त है।

## डीसी व एसपी ने विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं का लिया जायजा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** विधानसभा आम निर्वाचन-2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के द्वारा गुरुवार को लातेहार, गारू, महुआडांड प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिए गए।निरीक्षण के क्रम में सर्वप्रथम लातेहार प्रखंड के बूथ संख्या-197 (मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका), बूथ संख्या-198 (उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीएमसी, मकतब तरवाडीह उत्तरी), बूथ संख्या -203, 204 (उत्क्रमित उच्च विद्यालय आश्रम), गारू प्रखंड के बूथ संख्या-215,216,( मध्य विद्यालय सरयू) बूथ संख्या- 218, (राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाइ), बूथ संख्या 223,221, (राजकीय मध्य विद्यालय गोइंदी), (राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, साल्वे) एवं महुआडांडप्रखंड के बूथ संख्या-244 (राजकीय कृत मध्य विद्यालय, बांसकरचा) का निरीक्षण कर बूथों पर पेयजल की व्यवस्था, साफ सफाई ,कर्मियों के रहने की व्यवस्था, कुर्सी टेबल इत्यादि की व्यवस्था का जायजा लेकर सभी उचित व्यवस्थाओं को सुदृढ़ रखने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने बूथों पर (स्न्न) के तहत मूलभूत सुविधाओं को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। केंद्र पर पेयजल, शौचालय आदि की समुचित व्यवस्था की जांच करते हुए केंद्र परिसर की साफ-सफाई कराने का संबंधित पदाधिकारी को दिशा-निर्देश दिया गया।इसके अलावे बूथ निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने बीएलओ, सुपरवाईजर को निदेशित करते हुए कहा कि शत प्रतिशत मतदान के लिए मतदाताओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा बांसकरचा स्थित तंबोली चेकनाका का निरीक्षण के दौरान चेक नाका पर मौजूद दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान से जांच के दौरान की जाने वाली कार्रवाई तथा उसकी संपुष्टि से संबंधित जानकारी लेते हुए वाहन चेकिंग के दौरान सभी प्रकार के वाहनों का सघनता से जांच करने तथा इस क्रम में सभी आपराधिक एवं संदिग्ध गतिविधियों व परिचालन पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया।

# मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** उप विकास आयुक्त सह वरीय पदाधिकारी सुरजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला जनसंपर्क कार्यालय में मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि जिले में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मीडिया प्रमाणन एवं निगरानी समिति (मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमिटी-एमसीएमसी गठित की गयी है। एमसीएमसी के माध्यम से प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, सोशल मीडिया, केबल नेटवर्क एवं अन्य मामलों की गतिविधियों में निगरानी का कार्य किया जा रहा है।बैठक में सभी को विधानसभा निर्वाचन-2024 के दौरान जिला एमसीएमसी के दायित्वों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के तहत पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर निर्बन्धन से सभी को अवगत कराया गया। आदर्श आचार संहिता का पालन किये बगैर उम्मीद्वार अथवा राजनीतिक दल के प्रचार सामग्रियो का प्रसारण करते है या प्रिंटिंग करते है तो उनके विरूद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जायेगी।एमसीएमसी कोषांग को सुचारू रूप से संचालन कर जिले में संचालित न्यूज चैनलों, अखबार में छपी खबरों और अन्य विज्ञापनों पर विशेष नजर रखने का कार्य करने का निर्देश दिया गया है।बैठक में बताया गया कि जिला एम.सी.एम.सी. इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया की निगरानी करेगी और आयोग के निर्देशानुसार पेड न्यूज के प्रकरणों पर कार्यवाही और प्राप्त आवेदनों/विज्ञापनों का परीक्षण कर प्रकाशन/प्रसारण की अनुमति प्रदान करेगी। साथ ही समिति भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोशल मीडिया पर प्रत्याशियों/राजनैतिक दलों द्वारा किये जाने वाले विभिन्न प्रचार संबंधी पोस्ट का परीक्षण कर आदर्श आचरण संहिता के निर्देशों का उल्लंघन, शिकायत आदि की स्थिति में तत्संबंधी कार्यवाही करेगी।बैठक में निदेशक डीआरडीए प्रभात रंजन चौधरी, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी- सोशल मीडिया पदाधिकारी सुधा राज, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## बरियातू के पूर्व उप-प्रमुख लापता, अनहोनी की आशंका, परिजन परेशान



**बालूमाथ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरियातू प्रखंड के पूर्व उपप्रमुख मोहन उरांव उर्फ गौरी शंकर उरांव 47 वर्ष मंगलवार से लापता है। परिजनों ने अनहोनी की आशंका को देखते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी को आवेदन देकर शिकारी गौरी शंकर को सकुशल बरामदी का अनुरोध किया है ।इधर घटना की सूचना पाकर फुलसु पंचायत के मुखिया पति अर्जुन उरांव, लहेरहंज प्रखंड के जेएमएम अध्यक्ष रामवृक्ष गंझु, हेरहंज प्रखंड के पूर्व उप प्रमुख विजय उरांव, चिरू पंचायत केपूर्व मुखिया चंद्रदेव उरांव समेत कई आदिवासी नेता बालूमाथ थाना प्रभारी से मिलने पहुचे।थाना प्रभारी के बाहर रहने के कारन बालूमाथ थाना के एस आई मो.शमीम से मिलकर गौरीशंकर उरांव को शीघ्र खोजने का की मांग की।

# विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के सुगम और शांतिपूर्ण मतदान के लिए जिला प्रशासन तैयारियों को मुक्कमल करने में युद्ध स्तर पर जुट गई है। इसी क्रम में आज 17 अक्टूबर को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में सभी सीओ, बीडीओ के साथ तैयारियों के बाबत समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उन्होंने कहा कि मतदान की तिथि में ज्यादा समय नहीं इसलिए मतदान दिवस के पूर्व चिन्हित किए गए जिन विद्यालयों में सीएपीएफ की टीम निर्वाचन कार्य को लेकर ठहराव करेगी उन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाना अतिमहत्वपूर्ण हैं, जिसके अंतर्गत उन्होंने केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के जवानो के लिए आवासन, स्नानागार,शौचालय, बिजली, पंखा, मोबाईल चार्जर शॉकेट, पानी का टैंकर, जेनरेटर एवं भवन मरम्मती कार्य को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रखंडवार चिन्हित केंद्रों में सभी संबंधित अधिकारीयों को अविलंब भ्रमण कर सुविधाओं का आकलन कर रिपोर्ट समर्पित करने को कहा। उपायुक्त ने बल देते हुए कहा कि सभी केंद्रो में आवश्यक सुविधाओ को लेकर जो भी कार्य




किए जा रहे है उन्हें तत्काल पूर्ण करें। साथ ही उन्होंने सभी मतदान केंद्रों में एएमएफ सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि मतदान केंद्रों में निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक सुविधाओं को पूर्ण किया जाना है। मतदाताओं की सुविधा के लिए व्यवस्थित साइनेज,महिला पुरुष के अलग लाइन,गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गो व दिव्यांग मतदाताओं के लिए वॉलिंटियर्स के माध्यम से सुविधा आदि की व्यवस्था की जायेगी। जिन क्षेत्रों में अनूसूचित जनजाति के लोग रहते है उन क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भी मतदान प्रक्रिया में शामिल करने हेतु प्रेरित करने को कहा। साथ वोटर स्लिप का वितरण जल्द से जल्द हो यह भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारीयों को समन्वय बनाकर प्राथमिकता के साथ कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कई अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, प्रशिक्षु आईएएस लोकेश बारंगे,सभी सीओ, बीडीओ उपस्थित रहे।

## 108 एंबुलेंस सेवा के कर्मचारीयो का हड़ताल समाप्त नहीं होने से, मरीजों की बढ़ रहीं है समस्या

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड में 108 एंबुलेंस सेवा पिछले रविवार से पूरी तरह से ठप हो गई है। जिससे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में संचालित तीन 108 एंबुलेंस का परिचालन पूरी तरह से बंद हो गया है। एंबुलेंस सेवा ठप होने से मरीजो को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, मरीज अस्पताल पहुंचने के लिए लगातार 108 नंबर पर संपर्क कर रहे हैं, लेकिन उनका कोई रिस्पांस नहीं मिल पा रहा है। कई बार फोन भी नहीं उठ रहा है। बरही अनुमंडलीय अस्पताल में तीन 108 एंबुलेंस है, जो चंपाडीह, बरसोत और रसोईया धमना में कार्यरत है, जिसे फोन करने के बाद तुरंत मरीजो को सुविधा उपलब्ध हो जाता था। गुरुवार को अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश



ज्ञानी ने बताया कि 108 एंबुलेंस के कर्मचारियों के हड़ताल पर चले जाने के बाद मरीजो को काफी दिक्कत हो रही है, अस्पताल में एक एंबुलेंस है, उसी से इमरजेंसी पेशेंट को सुविधा दी जा रही है। वहीं उन्होंने कहा कि बरही अनुमंडलीय अस्पताल अंतर्गत पांच ममता वाहन कार्य कर रहे है, जो सभी चालू स्थिति में है जिससे प्रसव महिला को लाया जा रहा है। वही कहा कि बड़ी दुर्घटना घटने के दौरान 108 एंबुलेंस की सुविधा नहीं रहने के कारण लोगों को निजी एंबुलेंस का सहारा लेना पड़ रहा है। इधर मरीजों को अस्पताल तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर 108 एंबुलेंस में सेवा दे रहे कर्मचारियों ने बताया कि वेतन का भुगतान समय पर नहीं होने के कारण हम लोग हड़ताल पर हैं।

## बरकट्ठा से कौन होगा किस पार्टी का उम्मीदवार, बना चर्चा का विषय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्र मे चर्चा का विषय बना हुआ है। चुनाव आयोग द्वारा तिथि निर्धारण के बाद प्रत्याशी अपने-अपने टिकट पाने के लिए जोर आजमाइश करने में लगे हैं। वहीं प्रत्याशी आधिकारिक घोषणा का इन्तजार कर रहे हैं। विदित हो कि निर्दलीय विधायक अमित कुमार यादव बीते माह भाजपा में शामिल हो गये। वहीं पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव बीते कुछ माह पूर्व भाजपा छोड़ जेएमएम में शामिल हुए। कयास लगाया जा रहा है की पार्टियों के द्वारा विधायक और पूर्व विधायक को पार्टी टिकट नहीं दिया तो निर्दलीय चुनाव लड़ सकते है। पूर्व विधाय जानकी प्रसाद यादव को जेविएम से टिकट मिला और चुनाव जीत कर वे भाजपा में शामिल हो गए। 2019 में अमित यादव को भाजपा



ने जब टिकट नहीं दिया तो वे निर्दलीय प्रत्याशी बनकर चुनाव जीत गए । हालांकि बरकट्ठा विधानसभा की जनता इस बार बदलाव चाहती है। वही लोगों का कहना है भाजपा से किसी अन्य को टिकट मिलती है तो भाजपा की सीट खाली नहीं जाएगी। वही बीते कई दिनों से टिकट के लिए भाजपा से भाजपा महिला नेत्री रांची की दौड़ लगा रही है। अब लोगों का इंतजार रहेगा कि भाजपा से टिकट किसे मिलेगा ? और यदि भाजपा से अमित यादव को और जानकी प्रसाद यादव को गठबंधन की ओर से टिकट नही मिलता है तो क्या चाचा भतीजे निर्दलीय चुनाव लडेंगे? बहरहाल यह आने वाला समय ही बताएगा कि किस पार्टी के कौन उम्मीदवार होंगे।

## अवैध कोयला कारोबारियों पर विष्णुगढ़ पुलिस की बड़ी कार्यवाई
## पाँच लोगो के खिलाफ विष्णुगढ़ थाना में मामला दर्ज



**प्रभात मंत्र @ जीवन सोनी**

**विष्णुगढ़ :** चुनाव आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के साथ आदर्श आचार संहिता लागू होने तथा विष्णुगढ़ नवपदस्थापित थाना प्रभारी सपन महथा के कार्यभार संभालते हीं विष्णुगढ़ पुलिस द्वारा गठित टीम में शामिल पु0अ0नि सागेंन मुर्मू,पु0अ0नि दशरथ महतो, पु0अ0नि कृष्णा यादव समेत सशस्त्र बल के साथ पूरी मुस्तैदी से 15 अक्टूबर 2024 की रात्रि करीब 2 बजे विष्णुगढ़ नरकी वन क्षेत्र से भारी मात्रा में करीब 12 टन जमा अवैध कोयला जब्त किया गया। मिली जानकारी के अनुसार अवैध कोयला कारोबारियों के द्वारा बोकारो जिले के बेदकारो प्रतिबंधित क्षेत्र से कोयले का अवैध उत्खनन कराकर नरकी के ग्राम पिपरा स्थित नदी के किनारे जंगल मे भारी मात्रा में अवैध कोयला जमा कर रखा गया था। उक्त अवैध कोयला कारोबार में आरोपी विजय सिंह पिता नामालूम, इटवाटांड़, विजेन्द्र सिंह पिता नामालूम, इटवाटांड़, प्रेमसागर यादव पिता नामालूम, खाटमटांड़, मुस्तफा अंसारी, पिता नामालूम, नरकी, महादेव हेम्ब्रम पिता नामालूम, डूमरबेड़ा सभी विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र निवासी के विरुद्ध विष्णुगढ़ थाना में काण्ड सँख्या 188/24 दिनाँक 16.10.24 धारा 317(5)/(5) भारतीय न्याय संहिता 30(ii) कोल माइंस एवं 33 वनाधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया।

## महामाया बागेश्वरी मंदिर बनासो में तोरण द्वार नवनिर्माण की रखी गई आधारशिला



**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बनासो महामाया माँ बागेश्वरी मंदिर के के मुख्य द्वार पर आज तोरण द्वार निर्माण कार्य की आधारशिला रखी गई। तोरण द्वार का नामकरण लक्षी नारायण पंडा के नाम पर रखा गया। तोरण द्वार निर्माण कार्य की आधारशिला रखने के पूर्व आचार्य पुरेन्द्र पाण्डेय ने पूरे विधिविधान से पूजा अर्चना कर तोरण द्वार के नवनिर्माण कार्य शुभारंभ किया गया। बताया जाता है,कि लक्षी नारायण पंडा माँ महामाया बागेश्वरी मंदिर के पुरोहितों के पूर्वज थे, जिन्होंने काफी लंबे समय तक इस मंदिर में पुरोहित रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से कामेश्वर पांडे, कोलेश्वर पांडे, सुरेंद्रनाथ पांडे, नारायण पाण्डेय ,रामदास पांडे, लक्ष्मीकांत पांडे, संतोष पांडे ,राजकिशोर पांडे , सतीश पांडे, निरंजन पांडे, नीलकंठ पांडे, शंकर पांडे ,महेंद्र पांडे, अनंत लाल पांडे, अभिमन्यु पांडे , सुखदेव पांडे,धनु पांडे, मदन पांडे , लक्ष्मण पांडे, प्रदीप पांडे, संजय पांडे, कर्मवीर पांडे, अलख निरंजन पांडे, प्रीतम पांडे, प्रमोद पांडे समेत बड़ी सँख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## गूगल पे से किया गया 39 हजार की ठगी, भुक्तभोगी ने दिया थाना में आवेदन

**कटकमदाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कटकमदाग थाना क्षेत्र के सुल्ताना निवासी मो.मोजाहिर अंसारी पिता मोबारक हुसैन से साइबर ठगों ने 39000/- उनचालीस हजार रुपए फर्जी तरीके से निकाल लिया। इस संबंध मे कटकमदाग थाना को दिये गये आवेदन मे बताया गया की उनके फोन पे से एचडीएफसी खाता संख्या 50100316522904 से फर्जी तरीके से राकेश नाम से जिसका युपीआईडी 948575473ञगूगल पे एक इसमें सात बार विफल होने के बाद इरशाद अहमद शेख के नाम से ट्रांजेक्शन किया गया, विफल रहा पुनः अंतिम समय ट्रांजेक्शन आईडी 428132317748 जो प्रमोद ड्रीम के नाम से भेजा गया जो सफल रहा। भुक्तभोगी ने लिखित आवेदन देकर अज्ञात दोषियों पर कार्यवाही करने की गुहार लगाया है।

## प्रखण्ड विकास पदाधिकारी ने विधानसभा चुनाव को लेकर विष्णुगढ़ में किया कोषांग का गठन

**विष्णुगढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** विधानसभा चुनाव को लेकर विष्णुगढ़ में प्रखण्ड स्तरीय कोषांग का गठन किया गया,जिसमे निर्वाचन कोषांग के नोडल पदाधिकारी, पंचायती राज पदाधिकारी कारू राणा नियुक्त किये गये।कृषि पदाधिकारी अभय कुमार,लिपिक प्रदीप राणा,कुन्दन कुमार, अंकित कुमार सिन्हा, बासुदेव प्रसाद,गौतम कुमार,विकास कुमार ,द्वारिका रजवार, दिनेश कुमार महतो निर्वाचन कोषांग के सहायक होंगे। कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी प्रवीण कुमार बक्शी तैनात किए गए। अखिलेश कुमार ,राजीव कुमार इंद्र गुरु ,कौलेश्वर यादव,राजकुमार कार्मिक कोषांग के सहायक बनाये गए।प्रशिक्षण कोषांग के चंद्रेश्वर प्रसाद के अलावा उमेश कुमार,दिनेश कुमार उपाध्याय, सुनील कुमार सहायक बनाये गए।आदर्श आचार संहिता कोषांग एवं व्यय कोषांग के नोडल पदाधिकारी पीयूष कुमार एवं अनुज कुमार,अभिजीत कुमार नियुक्त किये गए है।स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी दिव्या सिन्हा एवं सहायक अल्पना तिर्की,सुनीता रानी,मनीषा गुप्ता,शक्ति कुमार दास,मनोज पासवान बनाये गए है।वाहन कोषांग के नोडल पदाधिकारी मनीष कुमार एवं सहायक महेंद्र कुमार नियुक्त किये गए। मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी ममता सिंह एवं सहायक महेश कुमार,अभिषेक कुमार तैनात किए गए है। सी.विजिल कोषांग के नोडल पदाधिकारी शीतल उषा किरण कंडीर एवं सहायक लोकेश कुमार वर्मा,जलेश्वर प्रसाद नियुक्त किये गए । सामग्री कोषांग के नोडल पदाधिकारी बिनोद कुमार एवं सहायक सागर कुमार तैनात किए गए ,यह जानकारी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने दिया।

## देव दयाल कुशवाहा की मनाई गयी पुण्यतिथि



**दारु (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड राज्य के प्रथम कृषि मंत्री व सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे दिवंगत देव दयाल कुशवाहा की 6 वीं पुण्य तिथि मनाई गई । इस मौके पर उनके झुमरा स्थित आवास मे एक कार्यक्रम आयोजित कर उन्हे श्रद्धांजली दी गई और उनके द्वारा गरीब, पिछड़े व जरूरतमंद लोगो के लिए किये गये कार्य को याद करते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने का प्रेरणा लिया गया। इस अवसर पर बड़कागाव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो ने उन्हे गरीबो का सच्चा साथी बताते हुए उनके साथ बिताये गये पलो को याद किया। भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने उन्हे अपना अभिभावक बताते हुए कहा कि उनकी यादे आज भी उनके दिलो मे है। राजनीति के दौरान उनके साथ कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ था । उनसे उन्हे हमेशा एक अभिभावक का प्यार और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। इस मौके पर दिनेश कुशवाहा,इंद्रनारायण कुशवाहा,अजय साहू, बिनोद झुनझुनवाला, जय नारायण प्रसाद,रामचंद्र प्रसाद,केपी ओझा,सुधीर कुशवाहा, जयप्रकाश दयाल, अशोक कुशवाहा, सुरेश प्रसाद, बलदेव बाबू, अरविंद पप्पू,प्रेमचंद देव , राजन सिन्हा, रामनारायण कुशवाहा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## नवरात्रि मे माता को चढ़ाई गई साड़ियों को वृद्धाश्रम की महिलाओं को किया गया भेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** देवी मंडप दुर्गा पूजा समिति, रामनगर रोड शिवपुरी हजारीबाग के द्वारा शारदीय नवरात्र के अवसर पर मां दुर्गा पर भक्त जनों द्वारा जितनी भी साड़ियां चढ़ाई गई उन्हें पूजा की समाप्ति के बाद कमिटी के लोगों के द्वारा विगत बुधवार को ओल्ड एज होम ( वृद्धाश्रम एसपी कोठी के पास) हजारीबाग में जाकर आश्रम में रहने वाली तमाम माताओं-बहनों को भेंट कर एक बड़ा ही सकारात्मक संदेश समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया। कमिटी के पूजा प्रभारी मनोज वर्मा व छोटू बक्शी ने हजारीबाग के अन्य तमाम दुर्गा पूजा कमिटियों से यह आग्रह किया कि जहां-जहां माता रानी की पूजा होती है और माता रानी पर जो साड़ी का चढ़ावा आता है उन साड़ियों का वितरण जहां तक संभव हो सके जरूरतमंदों को प्रेम पूर्वक भेंट किया जाए इससे एक रचनात्मक संदेश समाज को दे सकते हैं। सचिव लखन सिन्हा ने कहा कि हम लोग प्रत्येक वर्ष यह प्रयास करते हैं की माता रानी पर



चढ़ाई हुई साड़ियों का वितरण जरूरतमंद माताओं को किया जाए। कोषाध्यक्ष मनोज करण ने कहा कि हम लोग कई वर्षो से वृद्धाश्रम शारदीय नवरात्र की समाप्ति के बाद आते रहे हैं और माताओं को प्रेम पूर्वक साड़ियां भेंट करते रहे हैं, हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। मौके पर हजारीबाग के जाने-माने सामाजिक कार्यकर्ता बप्पी करण भी मौजूद थे जिन्होंने कहा कि यह समाज को एक बहुत सुंदर संदेश है जो की श्रद्धा, भक्ति, और धर्म की भावना को सेवा से जोड़ता है तमाम पूजा कमेटियों को इन सब कार्यों को अनुकरण करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी पूजा कमेटियों से यह आग्रह किया की जहां तक संभव हो सके इस प्रकार के सेवा भाव के कार्य को आगे बढ़ाएं और ऐसा करने वाले भक्त जनों को प्रोत्साहित करें । कमिटी के लोगों ने यह भी कहा कि अगले वर्ष से उनलोगों का यह प्रयास होगा कि इस संदर्भ में घूम घूम कर सभी पूजा पंडाल में जाएं और सबों को इस हेतु जागरूक करें कि माता रानी पर चढ़ाई हुई साड़ियों का सदुपयोग किया जाए उसे जरूरतमंदों को भेंट दी जाए साथ ही कमेटी के लोगों ने कहा कि अगले वर्ष वे माताओं के साथ-साथ बुजुर्गों के लिए भी धोती या सॉल भेंट करेंगे। मौके पर कमेटी के अध्यक्ष भैया अखिल कुमार, कोषाध्यक्ष विजय वर्मा ,पूजा प्रभारी सुनील सिंह, विनीत सिंह, रोहित वर्मा, संजय झा उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार सिंह ,शिवानंद वर्मा, सुनील जायसवाल आदि लोगो ने कहा हमारा यह कार्य प्रतिवर्ष जारी रहेगा।

## बरही विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने को लेकर किया गया बैठक

- **पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी सुनिश्चित : मनोज यादव**



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** आगामी बरही विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व विधायक मनोज यादव ने अपने आवास पर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में बरही प्रखंड के पंचायत प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, जहां चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता मण्डल अध्यक्ष भगवान केशरी व संचालन विजय यादव ने किया।पूर्व विधायक मनोज यादव ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव के लिए बहुत कम समय बचा है और बरही विधानसभा का चुनाव प्रथम चरण में होना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कम समय के बावजूद, भाजपा की जीत सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किए जाने चाहिए। पंचायत प्रतिनिधियों से उन्होंने अपील की कि वे घर-घर जाकर लोगों से संपर्क करें और भाजपा के मूल उद्देश्यों और नीतियों को जनता तक पहुंचाएं। श्री यादव ने कहा कि यह चुनाव भाजपा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए प्रत्येक पंचायत प्रतिनिधि की भूमिका अहम होगी। उन्होंने कहा कि हालांकि समय कम है, फिर भी उनका लक्ष्य है कि हर गांव और हर व्यक्ति तक भाजपा की विचारधारा को पहुंचाया जाए। पूर्व विधायक ने पंचायत प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि वे अपनी-अपनी पंचायतों में सक्रिय भूमिका निभाएं और भाजपा की विजय के लिए काम करें। उन्होंने विश्वास जताया कि जनसमर्थन के बल पर भाजपा बरही विधानसभा में जीत हासिल करेगी। बैठक में चुनावी अभियान की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई और पंचायत प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी सौंपी गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में भाजपा के पक्ष में माहौल तैयार करें। मौके पर चुनाव प्रभारी विनय सिंह, रमेश हर्षधर, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, मण्डल अध्यक्ष विजय यादव, भगवान केशरी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष अमित साहू, धनवार पंचायत मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, समशेर आलम, मोतीलाल चौधरी, अर्जुन रविदास, मुकेश राम, विशेश्वर यादव, हरेंद्र गोप, राजन ओम, रवि यादव, खिरोधर यादव, नारायण यादव, रामचन्द्र टुड्डू, सकलदेव यादव समेत बरही प्रखण्ड के कई पंचायत प्रतिनिधि मौजूद थे।


## पगार ओपी पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव कुआं से किया बरामद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** केरेडारी थाना क्षेत्र के काबेद गांव के कामत बाग दोहर में स्थित एक कुए से पुलिस ने एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है । युवक का उम्र लगभग 35 वर्ष है। मृत युवक लाल रंग के टी शर्ट एवं काला रंग का पैंट पहने हुए है। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नही हो पाई थी। इस बाबत पगार ओपी प्रभारी बिक्की ठाकुर ने बताया कि चौकीदार ने सूचना दिया कि काबेद गांव के कामत बाग दोहर के एक कुँए में एक युवक का शव तैर रहा है। सूचना पर तत्वरित करवाई करते हुए पगार ओपी प्रभारी बिकी ठाकुर दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे! व शव को कुँए से निकल कर अपने कब्जे में ले लिया। साथ ही शव की पहचान के लिए स्थानीय ग्रामीणों को कहा गया,पर उक्त शव को कोई पहचान नही सका अंततः पुलिस ने शव को पहचान के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया है। जहाँ शव को पहचान के लिए 72 घण्टे सुरक्षित रखा जाएगा उसके पश्चात पोस्टमार्टम किया जाएगा।

## बरही पुलिस ने तीन फरार वारंटियों को पकड़ कर भेजा जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** अगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनज़र पुलिस अधीक्षक हज़ारीबाग के निर्देश पर बरही पुलिस ने तीन फरार वारंटियों को पकड़ कर हज़ारीबाग न्यायालय भेज दिया। ये तीनों वारंटी लंबे समय से फरार चल रहे थे। गिरफ्तार किए गए वारंटियों में पड़रिया निवासी राजू प्रसाद (32 वर्ष), पिता झुमका महतो, कजरा गांव निवासी प्रकाश राम (35 वर्ष) पिता बैजनाथ राम व लोहारटोली गांव निवासी अमरनाथ साव (58 वर्ष), पिता स्वर्गीय महेंद्र साव शामिल हैं। तीनों आरोपियों पर बरही थाना क्षेत्र में पहले से मामले दर्ज थे।

## खेलों के रंग में रंगी कोयला खनन परियोजनाएं, उत्साह और जोश का माहौल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** एनएमएल हजारीबाग कोयला खनन परियोजनाओं द्वारा गुरुवार को आयोजित अंतर क्षेत्रीय खेल मीट का भव्य शुभारंभ हुआ। इस खेल उत्सव का समापन 19 अक्टूबर को होगा, जिसमें खेलों की ऊर्जावान प्रतिस्पर्धा देखने को मिलेगी। इस आयोजन में सात प्रमुख टीमें भाग ले रही हैं : पकरी बरवाडीह, चट्टी बरियातु, केरेडारी, दुलंगा, नॉर्थ डडू-बादाम, कोयला खनन मुख्यालय और तलाईपल्ली कोयला खनन परियोजनाएं। प्रतियोगिता में बैडमिंटन, टेबल टेनिस और वॉलीबॉल जैसे खेलों में रोमांचक मुकाबले होंगे। उद्घाटन समारोह में ढ्ढत्रस्रू ध्वज फहराने और ITSM शुभंकर के अनावरण के साथ खेलों का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर पकरी बरवाडीह के परियोजना प्रमुख फैज तैय्यब और



बादाम कोयला खनन परियोजना के प्रमुख अरुण कुमार सक्सेना ने संयुक्त रूप से मशाल प्रज्वलित कर प्रतियोगिता की शुरुआत की। फैज तैय्यब ने कहा, यह खेल उत्सव हमारे कर्मचारियों के बीच आपसी सहयोग, प्रतिस्पर्धात्मकता और एकता की भावना को और भी प्रगाढ़ करेगा। हमारी परियोजनाएं अद्वितीय प्रदर्शन कर रही हैं और यह आयोजन कर्मचारियों के वर्क-लाइफ बैलेंस को बढ़ावा देने का बेहतरीन अवसर है। सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं। अरुण कुमार सक्सेना ने अपने संबोधन में कहा, खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह टीम वर्क और परस्पर सहयोग की भावना को भी विकसित करते हैं। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का हिस्सा बनना हमारे लिए गर्व की बात है। इस खेल मीट से कर्मचारियों के बीच मजबूत संबंधों का विकास होगा और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा।

# राशि गबन के मामले में की गई कार्रवाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** रेणु कुमारी सहायक शिक्षिका (विषय-गृह विज्ञान), बालिका उच्च विद्यालय, भुरकुंडा, रामगढ़ के विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक के पद पर किए गए कार्यों के विरुद्ध प्राप्त शिकायत की जांच अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, रामगढ़ से करते हुए उपलब्ध कराए गए जांच प्रतिवेदन को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक दिनांक 04.09.2023 में निर्णय लेने हेतु प्रस्तुत किया गया। जिसके आधार पर समिति द्वारा आदेश पारित किया गया कि रेणु कुमारी तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापक सह शिक्षिका को विभागीय कार्रवाई के अधीन रखते हुए उनके विरुद्ध प्रपत्र क गठित किया जाए। तदनोपरांत जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के ज्ञापांक 1442 दिनांक 11.09.2023 के द्वारा प्रपत्र क गठित करते हुए आरोपों की बिंदुवार जांच करने के लिए जांच पदाधिकारी नियुक्त किया गया। जांच पदाधिकारी ने अपने जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया कि रेणु कुमारी तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यपीका सह शिक्षिका, बालिका उच्च विद्यालय, भुरकुंडा, रामगढ़ के विरुद्ध सभी आरोप सही है। फलस्वरूप जिला स्थापना समिति की बैठक दिनांक 21.05.2024 में श्रीमती रेणु कुमारी को निलंबित करने का आदेश पारित किया गया। समिति द्वारा निर्णय लिया गया की शिक्षिका के ऊपर लगाए गए सभी आरोपी को अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ से जांच कराकर साक्ष्य सहित स्पष्ट जांच प्रतिवेदन से जिला शिक्षा स्थापना समिति को संसुचित किया जाए।उपरोक्त के आलोक में जिला शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ के कार्यालय ज्ञापांक 748 दिनांक 28.05.2024 द्वारा रेणु कुमारी तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापीका सह शिक्षिका, बालिका उच्च विद्यालय, भुरकुंडा, रामगढ़ को निलंबित किया गया तथा अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ को मामले की पुनः जांच करने का निर्देश दिया गया। अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ ने अपने पत्राक 48 दिनांक 08.07.2024 द्वारा शिक्षिका के विरुद्ध आरोपों का बिंदुवार जांच कर जांच प्रतिवेदन साक्ष्य सहित उपलब्ध कराया गया जिसमें पुनः सभी आरोप प्रमाणित पाया गया। उक्त जांच प्रतिवेदन को जिला शिक्षा स्थापना समिति की संपन्न बैठक दिनांक 19.09.2024 में प्रस्तुत किया गया। समिति द्वारा सर्वसम्मति से रेणु कुमारी, तत्कालीन प्रभारी प्रधानाध्यापीका सह शिक्षिका, बालिका उच्च विद्यालय, भुरकुंडा, रामगढ़ को निम्नांकित दंड आरोपित करते हुए प्रशासनिक दृष्टिकोण से से बालिका उच्च विद्यालय रामगढ़ में प्रतिनियुक्त करने का निर्णय पारित किया गया है। गबन की राशि 28410 रुपए की वसूली शिक्षिका से की जाएगी।निलंबन अवधि का वेतन आदि देय नहीं होगा। संख्यात्मक रूप से एक वार्षिक वेतन वृद्धि अवरोध रहेगी।

# रामगढ़ में चुनाव आयोग के गाइडलाइन पर जोर, शांतिपूर्ण मतदान के लिये दिये गये निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित टाउन हॉल में सेक्टर दंडाधिकारीयों एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने उपस्थित सभी का बैठक में स्वागत करते हुए सभी को चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुसार ही कार्य करने को कहा। साथ ही उन्होंने सभी सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को वोटिंग के पहले एवं वोटिंग के दिन किये जाने वाले कार्यों से अवगत कराया। वहीं उन्होंने वोटिंग के पहले सभी बूथों का विजिट करते हुए वहाँ के मूलभूत सुविधाओं का आंकलन करते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को अवगत कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी सेक्टर दण्डाधिरियों एवं पुलिस अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति पैसों अथवा बाहुबल से किसी को वोटिंग देने से न रोके या वोटिंग में किसी व तरह का व्यवधान उत्पन्न न करे यह सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही उन्होंने वोटिंग के दिन सही तरीके से मॉकपोल करते हुए सभी प्रकार के प्रपत्रों को सही सही भरने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक रामगढ़ श्री अजय कुमार ने सभी पुलिस अधिकारियों को प्राप्त दिशानिर्देश के अनुसार ही सभी तरह के कार्यों को सम्पन्न करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने उनके अंतर्गत पड़ने वाले सभी चेक पोस्टों का रोजाना विजिट करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने क्षेत्र के लोगों से सही समन्वय स्थापित करते हुए शांतिपूर्ण तरीके से मतदान संपन्न कराने की बात कही और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ अथवा पुलिस अधीक्षक रामगढ़ से साझा करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी ने उपस्थित सभी सेक्टर दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों को अपने क्षेत्र के वोटर के साथ समन्वय स्थापित करने एवं वोटिंग में कोई समस्या ना हो यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने दिए गए शेड्यूल के अनुसार सभी प्रकार के प्रतिवेदन ससमय उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।बैठक के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों, सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों का स्वागत किया एवं उपस्थित सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी को बिंदुवार उनके कार्यों से अवगत कराया तथा उनके समक्ष आने वाली समस्याओं का भी निपटारा किया।बैठक के दौरान डीएसपी हेडक्कार्टर, एसडीपीओ पतरातु, सभी सेक्टर दंडाधिकारीयों एवं पुलिस अधिकारीयों सहित अन्य उपस्थित थे।





# आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने किया सभी बैंको के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिले के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने सभी शाखा प्रबंधकों को अपने ब्रांच के कैशियर के साथ बैठक कर उन्हें इलेक्शन सीजन मैनेजर सिस्टम के संबंध में जानकारी देने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी संदिग्ध खातों पर कड़ी नजर रखते हुए उसकी सूचना देने का भी निर्देश दिया। वहीं उन्होंने प्रत्याशी द्वारा खोले जाने वाले बैंक खाता को सहूलियत के साथ खोलने का भी निर्देश दिया।बैठक के दौरान सर्वप्रथम उप निर्वाचन पदाधिकारी रामगढ़ रविंद्र कुमार गुप्ता ने सभी शाखा प्रबंधकों को इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा चुनाव के दौरान उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यों से उन्हें अवगत कराया।बैठक के दौरान वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रामगढ़, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक रामगढ़, सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों सहित अन्य उपस्थित थे।



# मारवाड़ी महिला समिति का दीपावली मेला संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** जिले की अग्रणी सेवा भावी संस्था मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा स्थानीय शिवम इन होटल में एक दिवसीय दीपावली मेले का आयोजन किया। मेले का शुभारंभ विख्यात शिक्षाविद डॉ उर्मिला सिंह ने दीप प्रचलित कर किया। डॉ उर्मिला सिंह शुभारंभ करने के बाद अपने उद्बोधन में समिति के जन कल्याणकारी तथा लोक कल्याणकारी कार्यों की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि समिति की बहनों के कर्मठ प्रयास आज की सफलता का मूल मंत्र है। आयोजन की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया ऐसे आयोजन का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। महिलाएं ऐसे आयोजन में शामिल होकर व्यवसायिक कार्यों में अपनी भागीदारी साबित कर सकती है। मेले के अंतर्गत झारखंड के विभिन्न शहरों से एक से बढ़कर एक बुटीक बहनें शामिल हुई। समिति की बहनों ने अपने सामूहिक प्रयास से चटपटे व्यंजनों एवं बच्चों के मनोरंजन के स्टाल लगाए। जो कि मेले के मुख्य आकर्षण थे। शुभारंभ के अवसर पर विभिन्न संस्थाओं के प्रमुख तथा समाज सेवियों ने अपनी भागीदारी प्रधान की। सभी आगंतुओं ने समिति की अध्यक्षा एवं उनकी टीम को ऐसे सार्थक प्रयास की शुभकामनाएं प्रधान की। शाम को शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी गोविन्द मेवाड़ ने समिति का लक्की ड्रा संपन्न कराया । बाद में समिति की सचिव में रिद्धि जैन ने आए अतिथियों तथा बूटीक संचालिकाओं को समिति की तरफ से धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्षा एवं सचिव के अलावा समिति की अरुणा जैन ,मंजू अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, निर्मला अग्रवाल, श्वेता बगड़िया, सरिता जैन, सुधा गोयल, स्वाति पंसारी, रेणु मित्तल, आशा जाजू , निकिता गोयल नेहा चौधरी आदि ने अपना योगदान दिया।

# श्री कृष्ण विद्या मंदिर में बाल्मीकि जयंती मनाया गया




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** गुरुवार को श्री कृष्ण विद्या मंदिर रामगढ़ में बाल्मीकि जयंती मनाई गई। प्राचार्य ब्रह्मानंद द्विवेदी ने महर्षि वाल्मीकि के चित्र पर पुष्प अर्पित किया एवम दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने महर्षि वाल्मीकि को महान कवि बताया।छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बाल्मीकि जी के साधारण व्यक्ति से महर्षि बनने की कथा प्रस्तुत की । इस संदर्भ में उन्होंने कहा कि कौंच पक्षी को शिकारी ने तीर मार दिया था। महर्षि वाल्मीकि इस घटना से बहुत दुखी हुए तथा अचानक उनके मुख से संसार का प्रथम श्लोक निकला था। इसके बाद उन्होंने जनमानस को उच्च चरित्र के निर्माण संबंधी शिक्षा देने वाले विश्व प्रसिद्ध बाल्मीकि रामायण की रचना की थी। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की शिक्षिका उषा सिंह ने किया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने महर्षि वाल्मीकि को प्रेरणादाई व्यक्तित्व बताते हुए उनकी कृति वाल्मीकि रामायण को समस्त विश्व के लिए प्रेरणादायक ग्रंथ बताया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# स्व. सरदार बलजीत सिंह सैनी जी की मीठी याद में ट्राई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** साइकल का वितरण स्व. सरदार बलजीत सिंह सैनी जी की मीठी याद में, सैनी परिवार की ओर से सरदार इंदरपाल सिंह सैनी, सचिव रेड क्रॉस सोसाइटी रामगढ़ और कोषाध्यक्ष रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स, ने एक ट्राई साइकल का उपहार गुरुद्वारा साहिब मे एक दिव्यांग को माता मोहिंदर कौर अरोरा द्वारा भेट करवाया। इस अवसर पर सरदार इंदरपाल सिंह सैनी ने कहा, ÷यह ट्राई साइकल उन बच्चों या बूढ़ों के लिए एक सहारा बनेगी, जिन्हें इसकी आवश्यकता है। स्व. सरदार बलजीत सिंह सैनी का समर्पण और सेवाभाव हमें हमेशा प्रेरित करता रहेगा। हम उनके कार्यों और उनकी यादों को संजोकर रखने का प्रयास कर रहे हैं।÷गुरुद्वारा साहिब में उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने इस पहल की सराहना की और स्व. बलजीत सिंह के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।इस तरह के कार्य सामाजिक उत्थान के लिए महत्वपूर्ण हैं और इससे समाज में एकजुटता का संदेश भी जाता है।सैनी परिवार की इस पहल के माध्यम से, हम सभी को मिलकर समाज सेवा करने की प्रेरणा मिलती है। हम आशा करते हैं कि यह ट्राई साइकल जरूरतमंदों के लिए एक उपयोगी साधन साबित होगी।

# मांडू विधानसभा क्षेत्र में बदलाव की पटकथा लिखने के लिए तैयार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** माण्डू विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मांडू प्रखंड के मांडूचट्टी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सह समाजसेवी बालेश्वर भुईया उर्फ छोटे के नेतृत्व में सैकड़ों युवाओं ने सुदेश महतो के समक्ष आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में मांडू से निर्मल उर्फ तिवारी महतो प्रचंड बहुमत से जीत दर्ज करेंगे। पार्टी में शामिल होने वालों में लालमोहन कुमार, जुगेश्वर भुइयां, गोपी भुइयां, छोटन भुइयां, सीटन भुइयां, सोनु कुमार, कुन्दन कुमार, चरका भुइयां, उपेंद्र भुइयां, मनोज महतो, शंकर गंझू, नीतीश कुमार, कृष्णा कुमार, शैलेश महतो, पप्पू कुमार, रामदेव भुइयां, बबलू भुइयां, अजय भुइयां, विकास कुमार, राजेश महतो, राहुल कुमार, रिंकु कुमार, आयुष कुमार, ऋतिक ठाकुर, अमन बिरहोर, करमी देवी, नगिया देवी, अनजान भुइयां, श्याम भुइयां, सहित कई अन्य मौजूद थे ।

# पठवा हनुमान मंदिर के भक्तों के बीच बांटा गया खीर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा :** सीसीएल रजरप्पा प्रोजेक्ट के आवासीय कॉलोनी स्थित पठवा हनुमान मंदिर में शरद पूर्णिमा के उपलक्ष्य पर गुरुवार शाम को भक्तों के बीच खीर प्रसाद का वितरण किया गया। प्रसाद स्वरूप खीर लेने के लिए भक्तों की अच्छी खासी भीड़ यहां पहुंची थी। जिसमें महिलाओं की संख्या ज्यादा देखी गई। पठवा हनुमान मंदिर से जुड़े मुखिया कुलदीप सिंह ने बताया कि पिछले कई वर्षो से यहां हर पूर्णिमा को भक्तों के बीच प्रसाद स्वरूप खीर का वितरण किया जाता है। मान्यता है कि इस रात को चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है। तभी इस दिन खीर बनाकर रातभर चांदनी में रखने का विधान है। मौके पर तारा प्रसाद सहित पठवा हनुमान मंदिर समिति के कई सदस्य मौजूद थें।



# आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर स्वीप के तहत किया गया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो को विभिन्न प्रतियोगिता एवं कार्यक्रमों आदि के माध्यम से मतदाताओ को जागरूक करने हेतु कई दिशा निर्देश दिए ।इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खालको के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बीएलओ दीदियों द्वारा आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया इस दौरान उन्होंने 18 वर्ष से ऊपर सभी मतदाताओं को आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में बढ़-चढ़कर मतदान करने की अपील की।इसी क्रम में स्वीप नोडल पदाधिकारी इंदु प्रभा खालखो की अध्यक्षता में सोशल मीडिया के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक मतदाता जागरूकता संदेश को पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के साथ समाहरणालय सभा कक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।बैठक के दौरान नोडल पदाधिकारी ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में सोशल मीडिया के माध्यम से मतदान की तिथि या पात्रता के संबंध में मतदाताओं तक विभिन्न पोस्टर बैनर के माध्यम से जागरूक करने हेतु उपस्थित सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर से अपील किया गया।





## सी-विजिल एप पर करें आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत,100 मिनट के अंदर होगी कार्रवाई

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधानसभा चुनाव 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया सुनिश्चित करने में आयोग के साथ साथ मतदाताओं की भी सजग भूमिका जरूरी है। जब तक मतदाता चुनाव में प्रलोभन देने के हथकंडों को आंख बंद करके यूं ही देखते रहेंगे, तब तक इस पर रोक लगाना संभव नहीं है। इसके लिए चुनाव आयोग ने तकनीक का इस्तेमाल करते हुए सी-विजिल मोबाइल एप मतदाताओं के लिए बनाया है । सी-विजिल एप के माध्यम से आम नागरिक आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत कर सकते हैं। मोबाइल के प्ले स्टोर या एप स्टोर से सी-विजिल एप डाउनलोड कर लाइव फोटो अथवा लाइव वीडियो अपलोड कर शिकायत की जा सकती है । आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन होने पर सी-विजिल एप में अपने मोबाइल नम्बर से लॉग इन कर आम नागरिक अपने शिकायत की सतत निगरानी भी कर सकते हैं।

**क्या नाम और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है?**

सी-विजिल एप पर शिकायत करने के लिए नाम व मोबाइल नम्बर देने की कोई बाध्यता नहीं है, परन्तु अगर शिकायतकर्ता अपना नाम व मोबाइल नम्बर देते हैं तो शिकायतकर्ता एप के माध्यम से अपनी शिकायत की निगरानी भी कर सकते हैं। अगर शिकायतकर्ता द्वारा अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर दिया जाता है तो भी यह सार्वजनिक नहीं हो सकता है । चुनाव आयोग ने मतदाताओं से अपील की है कि वे बेखौफ होकर आयोग के ÷आंख, नाक,कान बनकर सजक मतदाता की भूमिका निभायें ।

**शिकायत का निष्पादन कैसे होता है?**

शिकायत को निष्पादित करने की समयावधि 100 मिनट है। आम नागरिक द्वारा शिकायत दर्ज होने पर रिटर्निंग आफिसर द्वारा अपने नजदीक के उड़नदस्ता टीम (एफ़एसटी) को शिकायत स्थल पर भेजा जाता है। शिकायत की प्राथमिक तौर पर पुष्टि के बाद रिटर्निंग आफिसर के पोर्टल पर भेजा जाता है तथा रिटर्निंग आफिसर द्वारा शिकायत के निस्तारण के क्रम में निर्णय लिया जाता है ।

**एप से क्या-क्या शिकायत दर्ज करा सकते हैं?**

आम तौर पर सी-विजिल एप में धनराशि वितरण, गिफ्ट / कूपन वितरण, शराब वितरण, पैसा बांटने के लिए कूपन का वितरण, महिलाओं को साड़ी बांटने सहित अन्य प्रकार से प्रलोभन देने की शिकायत की जा सकती है । बिना अनुमति पोस्टर, बैनर लगाना, बिना अनुमति बैठक करना, बिना अनुमति के प्रचार में गाड़ी लगाना, धार्मिक तथा उन्मादी भाषणबाजी देकर मतदाताओं को लुभाने या डराने की भी श?कायतें की जा सकती हैं ।

## पीठासीन पदाधिकारी को दिया गया प्रशिक्षण, डीसी ने किया निरीक्षण

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राज प्लस- टू विद्यालय एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज में गुरुवार को विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल संचालन को लेकर पीठासीन पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया।पाकुड़ राज प्लस- टू विद्यालय में चल रहे प्रशिक्षण का जायजा जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने लिया। मौके पर प्रशिक्षण कोषांग के सहयोगी पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नयन कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने क्रमवार पाकुड़ राज प्लस- टू विद्यालय में आयोजित प्रशिक्षण सत्र का जायजा लिया। पाकुड़ राज प्लस- टू विद्यालय प्रशिक्षण में 807 पीठासीन पदाधिकारी एवं पॉलिटेक्निक कॉलेज पाकुड़ प्रशिक्षण में 410 कुल 1217 पीठासीन पदाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने पीठासीन पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि निर्वाचन कार्य में पीठासीन पदाधिकारियों (पीओ) का काफी अहम रोल है। पीओ को टीम लीडर की तरह कार्य करना होता है। समन्वय बनाकर सभी के साथ (पी वन,पी टू एवं पी थ्री) काम करना है। लोकतंत्र के इस महापर्व में उत्साह के साथ सभी काम करें। आप सबों का प्रशिक्षण सत्र बेहतर चल रहा है। डीएलएमटी द्वारा सभी बिंदुओं पर जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण में बताई गई बातों को गंभीरता से लें और उसी के अनुरूप अपने कार्य दायित्व का निष्पादन करें। सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पीठासीन पदाधिकारियों के लिए जारी हैंडबुक (मैनुअल) को अच्छी तरह से अध्ययन करें, हैंडबुक में सभी सवालों का उत्तर अंकित है। निर्वाचन में किसी भी कार्य को अपनी मनमर्जी से नहीं किया जाता है। आयोग के दिशा निर्देश का अक्षरशः अनुपालन होता है। इसलिए कहीं कोई चूक नहीं हो। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान उनके दायित्वों और जिम्मेदारियों से अवगत कराया। वहीं पीठासीन पदाधिकारियों को जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनरों द्वारा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम), वोटर वैरिफिएबल पेपर आडिट ट्रैल (वीवीपैट) का प्रशिक्षण विस्तार से दिया गया। उन्हें कंट्रोल यूनिट (सीयू), बैलेट यूनिट (बीयू), वीवीपैट को कनेक्ट करने एवं संचालन, माक पोल, पेपर सिलिंग आदि की विस्तार से जानकारी दी गई।

## एसएचजी दीदीयों को मतदान को लेकर जागरूकता फैलाने की दी गई जिम्मेदारी

**पाकुड़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिला निर्वाचन पदाधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में स्वीप कार्यक्रम के तहत रविंद्र भवन टाउन हॉल में नगर परिषद के सभी एसएचजी दीदीयों को मतदान के प्रति जागरूक करने को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार ने कहा कि समावेशी चुनाव प्रक्रिया में सबकी सहभागिता सुनिश्चित हो, इसे लेकर जन-जन तक मताधिकार के प्रयोग को लेकर जागरूकता लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र हेतू प्रत्येक मतदाता की सहभागिता आवश्यक है। आगामी 20 नवंबर को जिले के सभी मतदाता अपने मत का प्रयोग करने बूथों तक जायें तथा लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान दें। उपायुक्त ने मतदाताओं से आग्रह किया कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में आए बगैर बिना किसी भय अथवा दबाव के नैतिक रूप से मतदान कर अपने देश के प्रति एक जिम्मेवार नागरिक का कर्त्तव्य अवश्य निभाएं। उपायुक्त ने उपस्थित सभी दीदियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न तरह के एप्स की विस्तृत जानकारी दिए, जो निर्वाचन प्रक्रिया को और भी अधिक सुलभ एवं पारदर्शी बनाने में सहायक हैं। सी-विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन एप एवं सक्षम एप के बारे में जानकारी दी। वोटर हेल्पलाइन एप्प, जो मतदाताओं को मतदान सूची में अपना क्रम संख्या देखने में सहायक है। इस एप्लिकेशन से मतदाता लम्बी लाइन लगाकर मतदाता सूची में अपना नाम एवं क्रम खोजने के परेशानी से निजात पा सकते हैं। आज के कार्यक्रम में उपायुक्त ने उपस्थित सभी मतदाताओं को मतदाता शपथ-पत्र के माध्यम से आगामी विधानसभा निर्वाचन 2024 में आवश्यक रूप से हिस्सा लेने एवं नैतिक रूप से मतदान कर जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार प्रशासक, नगर परिषद अमरेंद्र कुमार, एसएमपीओ पवन कुमार, सिटी मिशन मैनेजर मनीष कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## मतदान की विशेषता व महत्ता की छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

**साहिबगंज(प्रभात मंत्र संवाददाता):** साहिबगंज कॉलेज के नंदन भवन में जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप कोषांग द्वारा शहरी क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूकता को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमे मुख्य रूप से जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की तुलना में शहरी मतदाताओं का शत प्रतिशत वृद्धि नहीं होना लोकतंत्र के लिए विचारणीय विषय बताया है। शहरी क्षेत्र के शिक्षित मतदाता कि मतदान के प्रति उदासीनता को कैसे दूर किया जाए यह संदर्भ में प्रश्न उत्तर के माध्यम से कॉलेज के छात्र-छात्राओं व मॉडल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रंजीत कुमार सिंह व निर्वाचन कार्यालय के विशेषज्ञों के बीच संवाद व प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम हुआ। इसमे छात्र-छात्राओं ने 1950, सी विजिलेंस स्वच्छ मतदान व कई सवाल पूछे व कई सुझाव भी दिए है। प्रश्नोत्तरी, मतदान वॉल सिग्नेचर कैंपेन, मतदान सेल्फी प्वाइंट, शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमे एनसीसी के क्रेडिट एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों की भागीदारी रही। मौके पर स्काउट एंड गाइड के उमाशंकर सिंह ,प्रोग्राम लीडर रजिया , राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सह जिला नोडल पदाधिकारी प्रो कुमार प्रशांत भारती , कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. जीसू हासदा, निर्वाचन कार्यालय से नवीन कुमार, गौरव कुमार, अनंत सिन्हा एवं छात्र-छात्राओं में ज्योति ,प्रियंका कैलाश, बिट्टू, तैयब उर रहमान, सानिया परवीन, शाहनवाज, अमन कुमार, डेविड यादव आदि थे।

# अंतर्राज्यीय व अंतर जिला चेकपोस्ट पर बढ़ी निगरानी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**पाकुड़ :** अगर आप चेकपोस्ट से होकर गुजरने की सोच रहे हैं तो थोड़ा सावधान रहे। जिला में प्रवेश करने वाले और भी सतर्क हो जाएं। आप ऐसा कुछ भी ना करें कि वो चुनाव को प्रभावित करने वाला हो। अन्यथा प्रशासन आपके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। अगर आपकी गतिविधियां चुनाव को प्रभावित करने जैसी है, तो कार्रवाई निश्चित है। दरअसल झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। इसके साथ ही 15 अक्टूबर से आदर्श आचार संहिता भी लागू हो गई है। आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से पालन करने को लेकर प्रशासन ने पूरी तैयारी कर रखी है। उन्हीं तैयारियों में से चेकपोस्ट पर कड़ी निगरानी भी बड़ी तैयारी के रूप में शामिल हैं। प्रशासन ने कुल 16 चेकपोस्ट पर निगरानी बढ़ा दी है। आठ अंतर्राज्यीय और आठ अंतर जिला चेकपोस्ट है। इनमें आठ अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और आठ अंतर जिला चेक पोस्ट पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट में पश्चिम बंगाल बॉर्डर पर चांदपुर चेकपोस्ट, इस्लामपुर चेकपोस्ट, पत्थरघट्टा चेकपोस्ट, सोनारपाड़ा रोड चेकपोस्ट महेशपुर, दमदमा महेशपुर चेकपोस्ट, कदमाडांगा महेशपुर, राधा नगर पाकुड़िया नलहटी रोड, बेनाकुड़ा पाकुड़िया चेक पोस्ट शामिल है। अंतर जिला चेक पोस्ट में गनपुरा पाकुड़िया, चौड़ा मोड हिरणपुर कोटलपोखर रोड, दुलमीडंगा मोड़ हिरणपुर, काशीला मोड पाकुड़ बरहरवा पथ, धरमपुर मोड, अमड़ापाड़ा पुल, साहिबगंज गोविंदपुर रोड, डूमरघट्टी भभईकूड़ा रोड चेकपोस्ट शामिल है। जिला में प्रवेश करने पर चेक पोस्ट में गहन जांच होगी। जिला से बाहर जाने पर भी कड़ाई से जांच किया जाएगा। इन 16 जगह पर निगरानी के लिए जांच टीम का गठन किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिले के पाकुड़, लिट्टीपाड़ा और महेशपुर तीनों विधानसभा सीट के लिए 20 नवंबर को मतदान होगा। जबकि 23 नवंबर को मतगणना होगी।

## नामांकन के दौरान आयोग के गाइडलाइन का करें अनुपालन : डीसी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** विधानसभा आम निर्वाचन 2024 का कार्यक्रम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कर दिया गया है। आगामी 20 नवंबर को जिला अंतर्गत सभी तीनों विधानसभा क्षेत्र में मतदान होना है। इसके लिए 22 अक्टूबर को अधिसूचना जारी होगी। जिसके बाद अभ्यर्थियों द्वारा नाम-निर्देशन (नामांकन) का कार्य शुरू होगा। इसको लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइड लाइन के अनुरूप नाम-निर्देशन का कार्य पूरा हो। इसको लेकर सभी विधानसभा क्षेत्र के लिए नामांकन कोषांग गठित किया गया है। गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में तीनों विधानसभा क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाची पदाधिकारी के साथ बैठक की।बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने नामांकन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आरओ बुक में अंकित नामांकन प्रक्रिया के निर्देशों/एक्ट से क्रमवार अवगत करवाया। आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम, फार्म वन, एनआइए एक्ट के तहत घोषित अवकाश, नाजिर द्वारा नामांकन प्रपत्र को अभ्यर्थी से आयोग द्वारा निर्धारित शुल्क प्राप्त कर उपलब्ध कराने, फार्म भरने के दौरान चेकलिस्ट, नामांकन प्रपत्र प्राप्त करने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, प्रस्तावकों की संख्या, आरओ कक्ष में अभ्यर्थी समेत एक साथ कितने प्रस्तावकों का प्रवेश (मान्यता प्राप्त पार्टियों/अन रजिस्टर्ड पार्टियों/निर्दलीय),अभ्यर्थियों से नो ड्यू सर्टिफिकेट (आवास किराया,पानी विपत्र, बिजली विपत्र, टेलीफोन विपत्र आदि), अभ्यर्थियों द्वारा शपथ लेने, फोटो आदि के संबंध में जानकारी दी गई।

## पुरुष मतदाता पर भारी आधी आबादी, संख्या बल और वोटिंग प्रतिशत में भी आगे

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिले के तीनों विधानसभा में आधी आबादी ना सिर्फ संख्या बल में, बल्कि वोटिंग प्रतिशत में भी आगे हैं। पिछले लोकसभा चुनाव में वोटिंग प्रतिशत की बात करें या फिर वर्तमान में होने वाले चुनाव को लेकर मतदाता सूची में महिलाओं की संख्या की बात करें, दोनों में आधी आबादी पुरुषों को पछाड़ती नजर आ रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में पाकुड़ जिले में कुल 74.09 प्रतिशत वोट पड़े थे। इनमें पुरुष मतदाताओं की वोटिंग प्रतिशत 72.75 थी। जबकि महिला मतदाताओं की वोटिंग प्रतिशत 75.41 थी। अगर विधानसभा वार वोटिंग प्रतिशत की बात करें तो लिट्टीपाड़ा विधानसभा में 74.40 प्रतिशत वोट पड़े थे। इनमें 73.23 प्रतिशत पुरुष मतदाताओं ने वोटिंग किया था। जबकि महिला मतदाताओं का वोटिंग प्रतिशत 75.54 रहा। इसी तरह पाकुड़ विधानसभा में 71.34 प्रतिशत वोट पड़े थे। इनमें पुरुष मतदाताओं की वोटिंग प्रतिशत 69.43 थी। जबकि 73.23 प्रतिशत महिलाओं ने मतदान किया था। महेशपुर विधानसभा में 78.,22 प्रतिशत वोट पड़े थे। इनमें पुरुष मतदाताओं का वोटिंग प्रतिशत 77.68 रहा। जबकि महिला मतदाताओं का वोटिंग प्रतिशत 78.74 थी। दूसरी तरफ जिले में पुरुष और महिला मतदाताओं की संख्या की बात करें, तो पुरुषों के मुकाबले 16,837 महिला मतदाताओं की संख्या ज्यादा दर्ज है। जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 8 लाख 45,099 है। इनमें 4 लाख 14,129 पुरुष मतदाता है। जबकि 4 लाख 30,966 महिला मतदाता है। अगर विधानसभा वार पुरुष और महिला मतदाताओं की तुलना करें, तो उसमें भी महिलाओं की संख्या पुरुष के मुकाबले अधिक हैं। लिट्टीपाड़ा विधानसभा में 2 लाख 17,388 मतदाताओं में से 1 लाख 6056 पुरुष और 1 लाख 11,331 महिला मतदाता शामिल हैं। पाकुड़ विधानसभा में 3 लाख 88,245 मतदाताओं में से 1 लाख 90,145 पुरुष मतदाता और 1 लाख 98,099 महिला मतदाता शामिल है। महेशपुर विधानसभा में 2 लाख 39,466 मतदाताओं में से 1 लाख 17,928 पुरुष मतदाता और 1 लाख 21,536 महिला मतदाता शामिल है।


**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, लोहरदगा**
**(सामान्य शाखा)**

**आदेश**

आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 को शान्तिपूर्ण, भयमुक्त एवं स्वच्छ बनाने हेतु लोहरदगा जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों एवं शस्त्रों का सत्यापन/निरीक्षण किया जाना है एंव शस्त्रों को संबंधित थाना, पुलिस केन्द्र, लोहरदगा, वैध शस्त्र दुकान में जमा करना है। शस्त्रों का सत्यापन/निरीक्षण हेतु थानावार कार्यक्रम इस कार्यालय के आदेश ज्ञापांक 696/सा0, दिनांक 01.10.2024 द्वारा निर्धारित किया गया है, जिसे दिनांक 23.10.2024 तक विस्तारित किया जा रहा है।

लोहरदगा जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को निदेश दिया जाता है कि अपने-अपने थाना में अपना शस्त्र सत्यापित कराते हुए संबंधित थाना, पुलिस केन्द्र, लोहरदगा, वैध शस्त्र दुकान में शस्त्र जमा कराना सुनिश्चित करेंगें।

लोहरदगा जिला में आवासित वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों जिनकी अनुज्ञप्ति झारखण्ड राज्य के अन्य जिले या अन्य राज्य से निर्गत है परंतु लोहरदगा जिला में पंजीकृत नहीं है एवं वैसे सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी जिनकी अनुज्ञप्ति लोहरदगा जिला से निर्गत है परन्तु वर्त्तमान में वे अन्य जिले या अन्य राज्यों में आवासित है, निर्धारित तिथि के अन्दर नजदीकी/ओ0पी0 अथवा वैध शस्त्र एवं कारतूस विक्रेता दूकान में अपने शस्त्र को जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

निर्धारित समयावधि में शस्त्र जमा नहीं करने पर शस्त्र नियमावली के तहत शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द/निलम्बन संबंधी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त,
लोहरदगा

PR 339194 Lohardaga (24-25)_D



चुनाव का पर्व DESH KA GARV

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, रामगढ़।**
**(निर्वाचन शाखा)**
दूरभाष : 06553-261555(O) Email Id : dc-ramgarh@gov.in

**– :: आम सूचना ::–**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की घोषणा के पश्चात् संबंधित क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है, जिसके पश्चात् आम नागरिक की सम्पत्ति यथा निवास, प्रतिष्ठान, वाहन इत्यादि में झण्डा लगाने के संबंध में प्रावधान सम्पत्ति विरूपण निवारण अधिनियम 1987 एवं सम्पत्ति निवारण (संशोधन) अधिनियम, 2014 तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत पत्र संख्या–437/6/1/INST/ECI/FUNCT/MCC/2024 दिनांक–15.10.2024 में उल्लेखित है, जो निम्नवत् है :–

1. भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता प्रवृत हो जाती है। चुनाव की घोषणा के 72 घंटे के भीतर सभी निजी संपत्तियों से सभी राजनीतिक दलों के झण्डे हटा दिए जाने का प्रावधान है। उम्मीदवार के नाम वापसी की तिथि के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं/समर्थकों के आवास पर झण्डे विहित रीति का अनुसरण करते हुए लगाए जा सकते हैं। झण्डे लगाने में होने वाले व्यय को उम्मीदवार के चुनाव व्यय खाते में शामिल किया जाता है।
2. भारत निर्वाचन आयोग के प्रावधानानुसार पार्टी कार्यकर्ताओं/समर्थकों के आवास पर किसी पार्टी/उम्मीदवार के केवल 03 झण्डे ही इस्तेमाल किए जाने चाहिए। यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक पार्टी या उम्मीदवार के झण्डे प्रदर्शित करना चाहता है, तो उसे प्रत्येक पार्टी/उम्मीदवार के केवल एक झण्डे तक सीमित रखा जाएगा।
3. बिना अनुमति के कोई भी वाहन पर झण्डा नहीं लगायेंगे। झण्डा लगाने के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुमति लेना आवश्यक है, जो निर्वाची पदाधिकारी/जिला निर्वाचन पदाधिकारी/मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी होंगे।
4. वाहनों पर लगाए जाने के लिए झण्डा का आकार अधिकतम् 1 फीट X 1/2 फीट होगा। झण्डे के छड़ी की लम्बाई अधिकतम् 3 फीट होगी। प्रत्येक वाहन पर उचित आकार के 01 या 02 छोटे स्टीकर लगाने की अनुमति होगी।
5. रैलियों में राष्ट्रीय ध्वज का उपयोग किये जाने की स्थिति में ध्वज संहिता, प्रतीक और नाम (अनुमति प्रयोग निवारण) अधिनियम, 1950 और राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम, 1971 के प्रावधानों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा।

उक्त प्रावधान भारत निर्वाचन आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध Manual on Model Code of Conduct के Chapter 13 में वर्णित है।

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, रामगढ़।

PR 339190 (Election) 24-25 (D)



**कार्यालय, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, लोहरदगा**
**(गोपनीय–शाखा)**
**(निषेधाज्ञा आदेश)**

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा**

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन–2024 की घोषणा दिनांक–15.10.2024 को कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग की घोषणा की तिथि से ही सम्पूर्ण क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता प्रभावी है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन–सभा/जुलूस का आयोजन किया जायेगा। जनसभा एवं जुलूस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित/आतंकित किये जाने तथा विधि–व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेष की भावना फैलाने के लिए आवंछित/असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि–व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है।

अतः उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में **मैं अमित कुमार, झा0प्र0से0, अनुमण्डल दण्डाधिकारी, लोहरदगा अनुमण्डल** अन्तर्गत निष्पक्ष चुनाव के आचरण एवं अनुकूल, स्वस्थ और शांतिपूर्ण महौल बनाये रखने के लिए संतुष्ट होकर चुनाव प्रक्रिया की समाप्ति होने तक अथवा अधिकत्तम 60 दिनों तक जो भी पहले हो, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए लोहरदगा अनुमण्डल के सम्पूर्ण क्षेत्र में निषेधाज्ञा आदेश जारी करते हुए निम्नांकित आदेश जारी करता हूँ :–

**(1) रैली सभा एवं धरना में :–**
- बिना अनुमति के किसी प्रकार रैली, सभा एवं धरना नहीं किया जायेगा।
- जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र) जो मानव शरीर के लिए घातक हो, को लेकर चलने पर प्रतिबंधित आरोपित किया जाता है।
- चुनावी अभियान/प्रचार के दौरान बिना सक्षम पदाधिकारी के अनुमति के बगैर वाहन का प्रयोग नहीं करेंगे।
- सरकारी सम्पति का उपयोग नहीं किया जायेगा।

**(2) ध्वनि विस्तारक यंत्र :–**
- ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग 10:00 बजे रात्रि से 6:00 बजे प्रातः तक नहीं करेंगे। The Jharkhand Control of the use and play of Loudspeakers Act, 1955 के अन्तर्गत। निर्धारित मानक स्तर तक ध्वनि रहनी चाहिए।
- ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग सक्षम पदाधिकारी के अनुमति के पश्चात् करेंगे।
- यदि किसी भी बात से जाति, धर्म, समुदाय आदि में शत्रुता या घृणा पैदा होती है तो इसके लिए आवेदक जिम्मेवार होंगे तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र की अनुमति रद्द कर दी जायेगी।

**(3) सम्पति विरूपण अधिनियम :–**
- किसी सार्वजनिक/सरकारी सम्पति पर नारा लिखना, पोस्टर/पम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाना, सार्वजनिक सड़को पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना एवं तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंधित आरोपित किया जाता है। उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों पर Prevention of Defacement of Property Act-1987 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी।
- किसी भी व्यक्ति सम्पति पर बिना सम्पति मालिक की लिखित अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर पम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झण्डा लगाने, होर्डिंग लगाने पर प्रतिबंध आरोपित किया जाता है। (Sec 3 (3) of Prevention of Defacement of Property Act-1987)

(4) भारतीय न्याय संहिता (BNSS)2023 में परिभाषित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पाँच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे।

(5) कोई भी व्यक्ति/राजनीतिक दल/संगठन फोटो, पोस्टर, सोशल मीडिया पोस्ट (फेसबुक, टिवीट्र, इंस्टाग्राम) पर्चा के माध्यम से ऐसा प्रचार नहीं करेंगे ताकि :–
- कोई भी व्यक्ति जाति, धर्म समुदाय के आधार पर विभिन्न वर्गों के बीच शत्रुता या घृणा की भावनाओं को बढ़ावा नहीं देंगे, यह (Sec 125 of RPA, 1951 और 196 of BNSS (153 A of IPC-Old Act) के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।
- किसी भी पार्टी के उम्मिदवार या कार्यकर्त्ता के व्यक्तिगत/नीजि जीवन को लक्षित नहीं करेंगे। ऐसा करने पर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जायेगा जो RPA, 1951 और BNSSके अन्तर्गत दण्डणीय होगा।
- Misinformation/Disinformation फैलाने पर IT Act के प्रावधान के अनुसार कार्रवाई की जायेगी।

(6) कोई भी राजनीतिक दल/अभ्यर्थी निम्नवत कार्य नहीं करेंगे :–
- कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे एवं साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य नहीं करेंगे तथा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जायेगा जिससे विभिन्न जातियों या धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच घृणा की भावना उत्पन्न हो।
- कोई भी पार्टी अपना अस्थाई कार्यालय धार्मिक स्थान, शिक्षण संस्थान एवं मतदान केन्द्र के 200 मीटर के अन्दर नहीं करेंगे।

(7) सुरक्षा वाहन को छोड़कर 10 से अधिक वाहनों के काफिला प्रतिबंधित रहेगा।

(8) कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगे और न ही किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास करेंगे। यह (Sec 129 of RPA, 1951 और BNSS Sec. 170, 171, 173, 174 (IPC 171 (B) (C) (E) (F) Old Act) के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

(9) सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनैतिक गतिविधियों/सभा/बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा।

(10) यदि कोई व्यक्ति शराब, नकदी या कोई अन्य सामग्री वितरित करते हुए पाया जाता है, जिससे चुनाव में प्रभाव पड़ सकता है तो उसे विधिसम्मत धाराओं के तहत दण्डित किया जायेगा।

(11) निर्वाचन से संबंधित पम्पलेट, पोस्टर इत्यादि पर मुद्रक एवं प्रकाशक का नाम और पता होना अनिवार्य होगा, अन्यथा यह 127 A of RPA 1951 का उल्लंघन माना जायेगा।

(12) कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का लाईसेंन्सड हथियार लेकर नहीं चलेगा एवं आग्नेयास्त्र, तीर–धनुष, लाठी, भाला एवं मानव शरीर के लिए अन्य घातक हथियार का प्रदर्शन नहीं करेगा।

**परन्तु उल्लेखनीय है कि यह आदेश :–**
- परम्परागत रूप से शस्त्र धारण करने वाले समुदाय (नेपालियों द्वारा खुखरी धारण करने तथा सिखों द्वारा कृपाण धारन करने वाले), विधि–व्यवस्था एवं निर्वाचन कर्त्तव्य पर लगे दण्डाधिकारियों/निर्वाचन कर्मियों और पुलिस पदाधिकारियों पर यह लागू नहीं रहेगा।
- यह आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा लोकसभा निर्वाचन के अवसर पर निर्गत किये जाने वाले आदेश के आलोक में निर्दिष्ट स्थान पर शस्त्र अनुज्ञप्ति धारियों द्वारा शस्त्र निरीक्षण कराने एवं शस्त्र जमा करने हेतु शस्त्र ले जाने वाले अनुज्ञप्तिधारियों पर शिथिल रहेगा।

(13) किसी भी व्यक्ति/ राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के संदर्भ में समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश के विपरीत कोई भी कार्य नहीं किया जायेगा।

(14) यह आदेश पूर्वानुमति प्राप्त सभा/जुलूस/शादी/बारात पार्टी/शव यात्रा/हाट बाजार/ अस्पताल जा रहे मरीज के साथ–साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र/छात्राओं एवं कर्त्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी/पुलिस बल पर लागू नहीं रहेगा।

चूँकि संबंधित सभी व्यक्तियों को तत्काल रूप में नोटिश तामिला कराना संभव नहीं है। अतः यह आदेश एक पक्षीय (Ex-Parte) पारित किया जाता है।

यह आदेश मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय के मुहर से आज दिनांक 15.10.2024 के अपराह्न से जारी किया जाता है।

**यह निषेधाज्ञा तत्काल प्रभाव से लागू होगा।**

लेखपित एवं शुद्धिकृत।

अनुमण्डल दण्डाधिकारी,
लोहरदगा

PR 339216 Lohardaga(24-25)#D

# हॉकी प्रतियोगिता आयोजन कर खेल के माध्यम से मतदान के प्रति किया गया जागरूक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** झारखंड के इतिहास में हॉकी इंडिया किसी भी पुरुष वर्ग के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एक मात्र बार स्वर्ण पदक विजेता ( सब जूनियर 2021) झारखंड टीम को सर्वाधिक खिलाड़ी देने वाले कोरोमिया पंचायत के संलगापोस और दुमकी पंचायत के कोरंजो में स्वीप के तहत हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाताओं को किया गया जागरूक द्य उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों ने भी मतदान के लिए लिया शपथ द्य सिमडेगा जिला प्रशासन स्वीप कोषांग के द्वारा मतदान के प्रति मतदाताओं में जागरूकता लाने के लिए जिला के विभिन्न पंचायत में खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। जिसके तहत हॉकी सिमडेगा के सहयोग से जिला के ठेठईटांगर प्रखंड अंतर्गत दुमकी पंचायत के कोरंजो में हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कर उपस्थित दर्शकों और खिलाड़ियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया और बताया गया की आगामी 13 नम्बर को विधानसभा का चुनाव है जिसमे शतप्रतिशत मतदान करना है, साथ ही उन्हें मतदान के लिए शपथ भी दिलाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से हॉकी सिमडेगा के करिश्मा परवार, कुनूल भेंगरा इत्यादि उपस्थित थे। झारखंड के इतिहास में हॉकी इंडिया किसी भी पुरुष वर्ग के राष्ट्रीय प्रतियोगिता में एक मात्र बार स्वर्ण पदक विजेता ( सब जूनियर 2021) झारखंड टीम को सर्वाधिक खिलाड़ी देने वाले कोरोमिया पंचायत के संलगापोस में स्वीप के तहत हॉकी प्रतियोगिता आयोजित कर मतदाताओं को किया गया जागरूक उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों ने हॉकी सिमडेगा के विजय तिर्की के नेतृत्व में मतदान के लिए लिया शपथ।

## मजदूरों के शिकायत पर मिशन बदलाव एवं पंसस सदस्य ने रेल प्रबंधन रांची डिवीजन के नाम सौंपा ज्ञापन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिमडेगा :** जलडेगा प्रखंड के ओडगा रेलवे क्षेत्र में रेलवे सुंदरीकरण के तहत रेलवे स्टेशन में प्लेटफार्म, पीसीसी पथ, बांउड्री आदि का कार्य जी एस मल्होत्रा कंस्ट्रक्शन द्वारा कराया जा रहा है तथा मजदूरी के कार्य में लगे मजदूरों ने रेलवे संवेदक द्वारा कम मजदूरी देने का आरोप मजदूरों ने लगाया है,जिसकी बराबर शिकायत मिलने के बाद मिशन बदलाव के सदस्यों तथा ओडगा पंचायत समिति सदस्य द्वारा कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पाया गया कि रेलवे संवेदक द्वारा कम मजदूरी देकर मजदूरी कराया जा रहा है, काम कर रहे मजदूरों ने बताया कि प्रतिदिन आठ घंटे काम कराया जाता है तथा रेजा को 250 और कुली को 350 रुपये तथा राजमिस्त्रियों को 500 रुपये दिए जा रहे हैं, मजदूरों ने यह भी बताया कि उचित मजदूरी दर मांगने पर दुर्व्यवहार किया जाता है, जिसको लेकर मिशन बदलाव एवं पंसस सदस्य ने रेल प्रबंधन रांची डिवीजन के नाम ओडगा स्टेशन मास्टर को उचित मजदूरी दिलाने को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर ओडगा पंचायत समिति सदस्य दीपक कुमार महतो, मिशन बदलाव के रवि गोप, अरशद अंसारी, रोहित राणा महेश बडाईक आदि मौजूद थे।

## उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने बैलून आसमान में उड़ा कर सभी जिला वासियों से आगामी 13 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की किया अपील




**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** स्वीप कोषांग, लोहरदगा की ओर से की ओर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत बैलून फेस्टिवल का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्लस टू चुन्नीलाल उच्च विद्यालय लोहरदगा से प्रारंभ हुआ जो शास्त्री चौक, थाना चौक होते हुए जो बड़ा तालाब परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और सभी को मतदाता शपथ दिलायी गयी। स्काउट एवं गाइड के बच्चों द्वारा जागरूकता बैण्ड बांध कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण और पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां ने बैलून आसपान में उड़ा कर सभी जिला वासियों से आगामी 13 नवंबर को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। इस मौके पर स्काउट एवं गाईड की ओर से पदाधिकारियों को भी जागरूकता बैण्ड बांधा गया। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी-सह-वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सीता पुष्पा,नगर प्रशासक-सह-नोडल पदाधिकारी स्पीप कोषांग मुक्ति किडो, भारत स्काउट एवं गाईड के सचिव शैलेंद्र कुमार सुमन, भारत स्काउट एवं गाईड के संगठन आयुक्त गौतम लेनिन समेत स्वीप कोषांग के अन्य पदाधिकारी/कर्मी और बड़ी संख्या में शिक्षक शामिल हुए।

# बीडीओ व सीओ ने विधानसभा चुनाव को लेकर बीएलओ व पर्यवेक्षक के साथ की बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**भंडरा-लोहरदगा :** जिले के भंडरा प्रखंड कार्यालय स्थित सभा भवन में गुरुवार को बीडीओ प्रतिमा कुमारी व सीओ दुर्गा कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में विधानसभा चुनाव तैयारी को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रखंड के सभी बीएलओ व पर्यवेक्षक शामिल हुए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी ने कहा कि झारखंड में विधानसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता की घोषणा हो चुकी है। इसके बाद निर्वाचन आयोग राज्य में शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने को लेकर तैयारी में जुट गई है। इसके निमित्त प्रखंड में मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान के प्रति जागरूक करने में बीएलओ व पर्यवेक्षक की भूमिका अनिवार्य है। इस दौरान उन्होंने निर्वाचन से संबंधित कार्यों के प्रति लोगों को विस्तृत जानकारी दी। मौके पर सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि सभी आंगनबाड़ी सेविका सह बीएलओ अपने-अपने क्षेत्र में प्राप्त डेमो ईवीएम मशीन के माध्यम से ग्रामीणों को डेमो कराकर मतदान करने की प्रक्रिया से अवगत कराएं। साथ ही अपने-अपने क्षेत्र के दिव्यांग मतदाताओं की सूची प्रखंड कार्यालय में दो दिनों के अंदर जमा करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने मतदान से पूर्व मतदाता पर्ची डोर-टू-डोर जाकर लोगों के घरों तक पहुंचाने का निर्देश दिया है। इसके अलावे उन्होंने स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाते हुए लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की बात कही है। मौके पर नीलम कुमारी, विनीता कुमारी, बबिता कुजूर, सुमित्रा टोप्पो, अनिता उरांव, गौरव गौरीश सहित पर्यवेक्षक मौजूद थे।

## करवा चौथ दांपत्य जीवन में लेकर आता है अपार खुशियां : संजय सर्राफ



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग एवं राष्ट्रीय सनातन एकता मंच के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि सनातन धर्म में सुहागिनों द्वारा रखे जाने वाला करवा चौथ का पर्व बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। हर वर्ष करवा चौथ का व्रत कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को रखने का विधान है। इस दिन विवाहित महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती है। वही कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की कामना के लिए करवा चौथ का व्रत करती है यह व्रत निर्जला रखा जाता है। और रात के समय चांद देखकर इस व्रत का पारण किया जाता है। इस दिन महिलाएं चांद निकलने तक अन्न, जल का त्याग करती है उसके बाद शाम को छलनी से चांद देखकर और पति की आरती उतार कर अपना व्रत खोलती है। साथ ही मां पार्वती, भगवान शिव और गणेश जी की पूजा की जाती है। इस वर्ष कार्तिक मास की चतुर्थी तिथि 19 अक्टूबर को शाम 6 बजकर 17 मिनट पर आरंभ हो रहा है। और 20 अक्टूबर को दोपहर 3 बजकर 47 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में करवा चौथ का व्रत रविवार 19 अक्टूबर को किया जाएगा। करवा चौथ का व्रत की परंपरा सदियों पुरानी है। शास्त्रों के अनुसार माता पार्वती ने शिव को पाने के लिए करवा चौथ का व्रत रखा था इस व्रत के बाद ही उनका विवाह शिवजी से हुआ। इसके बाद से ही करवा चौथ व्रत की शुरुआत हुई। एक अन्य मान्यता के अनुसार एक बार जब देवताओं का राक्षसों के साथ युद्ध चल रहा था तो उस समय सभी राक्षस देवताओं पर भारी पड़ रहे थे। तो सभी देवी ब्रह्मा देव के पास पहुंचते हैं और उन्हें सारी बात बताई और उनसे कहा कि वह अपनी पतियों की रक्षा के लिए क्या कर सकती है। तब ब्रह्मा देव ने उन्हें करवा चौथ का व्रत रखने का सुझाव दिया। ब्रह्मा देव के बताए अनुसार सभी महिलाओं ने करवा चौथ का व्रत रखा जिस वजह से देवताओं की रक्षा हो सकी। तभी से करवा चौथ का व्रत रखने की परंपरा चली आ रही है। करवा चौथ के दिन चंद्रमा से अमृत की वर्षा होती है इसलिए सुहागिन महिलाएं चंद्रमा से अपनी पति की सुख, समृद्धि और लंबी आयु की कामना करते हुए चंद्रमा की पूजन करती है यह व्रत दांपत्य जीवन में अपार खुशियां लेकर आता है। तथा इस व्रत को रखने से पति-पत्नी के रिश्ते मजबूत होते हैं।

## अमित ब्रदर्स हाशमी मांडर ने टूर्नामेंट 2024 फाइनल मैच में जमाया कब्जा



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जिले के कुडू प्रखंड स्थित तीन दिवसीय फुटबाल टूर्नामेंट के मैदान में आयोजन किया गया था जिसका समापन 16 अक्टूबर को किया गया जिसमें फाइनल मैच अमित ब्रदर्स हाशमी मांडर और स्टूडेंट कोचिंग सेंटर के बीच खेला गया द्य जिसमें अमित ब्रदर हाशमी मांडर ने 0-1 से बढ़त बनकर स्टूडेंट कोचिंग सेंटर से जीत हासिल की इस टूर्नामेंट का विजेता अमित ब्रदर हाशमी का हुआ और उप विजेता स्टूडेंट कोचिंग कुडु तीसरा आर्मी ब्रदर्स मंजिला चौथा स्थान आया तूफान गोली की टीम रहा।विजेता टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किए लाधूप पंचायत के मुखिया विफाई मुंडा और पंचायत समिति बुधन साथ ही ताइक्वांडो राष्ट्रीय कोच अरविंद यादव लोहरदगा आदिवासी छात्र संघ के अध्यक्ष अवधेश उरांव ग्राम प्रधान गेंदा पाहन आया तूफान गोली फुटबॉल टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष समकुमार यादव सचिव रामप्रवेश पाहन कोषाध्यक्ष सूरज महली संरक्षक अरविंद यादव उप सचिव सुभाष यादव समाजसेवी आनंद यादव तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी की अध्यक्षता में ईडीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग की हुई बैठक




प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** उपायुक्त-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में आज ईडीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग की बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित हुई। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों अपने अधीनस्थ कर्मियों जो आगामी 13 नवम्बर के दिन जो मतदान कार्य में व्यस्त रहेंगे उनके लिए आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही फॉर्म भरने और आवश्यक दस्तावेज साथ में प्राप्त किये जाने का निदेश दिया गया। आज की बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी धीरज ठाकुर, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, प्रमोद कुमार दास, रेलवे की ओर से नोडल अफसर गजेंद्र यादव, मीडिया की ओर से नोडल अफसर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनन्दन बड़ाईक, विद्युत विभाग की ओर से दीपक खलखो, बीएसएनएल के मनोज पासवान, पोस्ट एवं टेलीग्राम, स्वास्थ्य, ट्रैफिक, जेल समेत अन्य विभागों के नोडल अफसर उपस्थित थे।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला के भैया नीतीश कुमार ने दौड़ में स्वर्ण पदक प्राप्त किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** विद्या भारती, बिहार द्वारा पूरनमल बाजोरिया शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, भागलपुर में आयोजित क्षेत्रीय खेलकूद (एथलेटिक्स) प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला, पलामू के किशोर वर्ग के भैया नीतिश कुमार ने 3000 मीटर के दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (प्रथम स्थान) प्राप्त कर विद्यालय सहित झारखंड प्रांत को गौरवान्वित करते हुए जीत का परचम लहराया। इस खेलकूद प्रतियोगिता में चयनित भैया इसी माह आयोजित होनेवाली अखिल भारतीय (राष्ट्रीय) खेलकूद (एथलेटिक्स) प्रतियोगिता सतना, मध्यप्रदेश में भाग लेंगे। विजेता भैया के शानदार प्रदर्शन पर विद्यालय के सचिव राकेश तिवारी, अध्यक्ष डॉ शिवप्रसाद मेहता, डॉ सत्येन्द्र कुमार चंदेल, सतीश सिंह, कामख्या नारायण सिंह, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, शारीरिक आचार्य अभिषेक पाठक, राजकुमार सिंह सहित विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु-भगिनी ने विजेता भैया को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अनुज मिष्ठान भंडार एवं जेनरल स्टोर का किया उद्घाटन




प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** जपला नहर मोड़ स्थित गुरूवार को चार धाम अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने अनुज मिष्ठान भंडार एंव जेनरल स्टोर का संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। शुभारंभ मौके पर चारधाम अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने कहा की इस प्रकार मिष्ठान भंडार एंव जेनरल स्टोर खुलने से मैं उत्साहित हूं वहीं अनुज मिष्ठान भंडार एंव जेनरल स्टोर के प्रोपराइटर यमुना प्रसाद साव ने कहा की हमारे यहां उतम क्वालिटी एंव गुणवत्ता के साथ उचित मुल्यो पर बिक्री होगी जो हर अवसर पर तत्पर रहुगा मौके पर समाजसेवि रामराज मेहता, सासंद प्रतिनिधि रंजित कुमार पासवान, कुंडल साव, अनुज साव, अमित कुमार, संतोष कुमार गुप्ता, विवेक कुमार, रोहित कुमार, प्रदीप साव, कमलेश कुमार, पवन कुमार, सुनिल साव सहित अन्य लोग मौजुद थे।

## पति ने पत्नी की हत्या कर शव को जंगल में दफनाया

**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** हुसैनाबाद में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. जहां एक पति ने अपने पत्नी की हत्या कर उसका शव जंगल में दफना दिया. जब इस बात की जानकारी मृतका के परिजनों को हुई तो उन्होंने हुसैनाबाद थाना पहुंच कर इसकी जानकारी पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस ने मामले का खुलासा किया है.बता दें कि, हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नसो जमालपुर के फटहा टोला में रह रहे गोरख भुइयां ने कुछ माह पहले ही एक 20 वर्षीय लड़की रीता कुमारी के साथ प्रेम विवाह किया था. शादी के बाद वह अपनी पत्नी के साथ अपनी बहन के घर हुसैनाबाद के फ़टिया टोला में रहता था. शादी होने के कुछ दिनों के बाद गोरख और उसकी पत्नी के बीच हमेशा झगड़ा होता रहता था. इसी बीच गोरख भुइयां ने अपनी पत्नी रीता देवी का हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए उसे जंगल में दफना दिया. मामले की जानकारी मिलते ही हुसैनाबाद पुलिस ने घटनास्थल से शव को बरामद कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया है. हालांकि, उपायुक्त पलामू ने शव का पोस्टमार्टम अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद में ही करने का आदेश दिया है. इस घटना के बाद से थाना प्रभारी आनंद सिंह घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गए है.

# अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर व सचिव ने झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर को दिया आवेदन, कहा

### लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र से डॉ. रामेश्वर उरांव को नहीं बनाएं उम्मीदवार



प्रभात मंत्र संवाददाता

**लोहरदगा :** अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा के सदर अब्दुल रउफ अंसारी एवं सचिव शाहिद अहमद बेलू ने गुलाम अहमद मीर महासचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी सह प्रभारी झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी को आवेदन देकर 72-लोहरदगा (अजजा) विधानसभा क्षेत्र से निवर्तमान विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को उम्मीदवार नहीं बनाकर किसी स्थानीय व्यक्ति को उम्मीदवार बनाने का अनुरोध किया है। अंजुमन इस्लामिया के उक्त पदाधिकारियों ने अपने आवेदन में कहा है कि लोहरदगा जिला के अल्पसंख्यक समुदाय खास कर मुस्लिम समाज हमेशा से ही सेक्युलर जमात,संविधान एवं कांग्रेस गठबंधन के साथ रही है। आसन्न विधानसभा चुनाव 2024 में भी हम अल्पसंख्यक समाज सेक्युलर जमात के साथ ही रहेंगे। झारखण्ड में अल्पसंख्यक (मुस्लिम) समाज को समुचित प्रतिनिधित्व मिले, इसके लिए लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया आसन्न विधानसभा चुनाव में झारखण्ड में कम से कम चार सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी देने का आला कमान से मांग करती है। जहाँ तक 72 लोहरदगा (अजजा) विधानसभा क्षेत्र की बात है,तो वर्तमान विधायक सह मंत्री डॉ0 रामेश्वर उरांव से लोहरदगा के अल्पसंख्यक मुस्लिम काफी नाराज हैं। इसका कारण विगत वर्ष 2020 में एन0आर0सी0 को लेकर लोहरदगा में दो समुदायों के बीच दंगा हुआ था, जिसमें मुस्लिम समुदाय के लगभग 80 दुकानें और मकान जला दिये गये थे। साथ ही सैकड़ों मुस्लिम लोगों के उपर प्रशासन के द्वारा झूठे मुकदमें दर्ज किये गये थे, जिनमें 70 युवाओं को जेल भी भेजा गया था, जिनमें अधिकांश निर्दोष थे। जबकि दूसरे पक्ष से मात्र दर्जन भर लोगों पर ही मुकदमा दर्ज किया गया था। यह प्रशासन और सरकार का एक तरफा कार्रवाई था। इसी बात को लेकर विधायक डॉ0 रामेश्वर उरांव से लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया समाज के लोग मदद और इंसाफ की मांग किये थे। उस समय विधायक डॉ0 रामेश्वर उरांव मुस्लिम समाज के लोगों के उपर हो रहे जुल्म एवं एकतरफा कार्रवाई पर कोई मदद नहीं किये। इसके अलावा विधायक डॉ0 रामेश्वर उरांव के इशारे पर उनके पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव के द्वारा लोहरदगा अंजुमन इस्लामिया के वरिष्ठ सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता पर झूठा मुकदमा कर उसे प्रताड़ित करने का काम किया है। जिसके कारण अल्पसंख्यक मुस्लिम समाज डॉ0 रामेश्वर उरांव से काफी नाराज हैं। लोहरदगा में विगत पाँच वर्षों से मुस्लिम समाज अपने आपको उपेक्षित एवं ठगा महसूस कर रहे हैं। विधायक डॉ0 रामेश्वर उरांव के द्वारा हमारे मुस्लिम समाज के तरक्की के लिए अब तक कोई कार्य नहीं किया गया है।शैक्षणिक, सामाजिक,आर्थिक विकास के लिए भी कोई पहल नहीं किया गया है। सबसे बड़ी बात तो यह है कि डॉ0 रामेश्वर उरांव लोहरदगा जिला के निवासी भी नहीं हैं। जबकि डॉ0 रामेश्वर उरांव पलामू जिला से आते हैं। इसलिए शायद इस क्षेत्र के विकास से इनका कोई सरोकार नहीं रहता है। कहा कि 72- लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या अधिक होने के कारण कांग्रेस पार्टी की जीत में मुस्लिम समाज की अहम भूमिका होती है।

# सेक्टर मजिस्ट्रेट सहित पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों के साथ बीडीओ ने किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर :** विश्रामपुर विधानसभा चुनाव- 2024 स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर सेक्टर मजिस्ट्रेट, थाना प्रभारी, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव सहित अन्य कर्मियों के साथ गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीओ राजीव सिंह के द्वारा बैठक आयोजित की गई। जहां बीडीओ ने प्रखंड के लिए नियुक्त सभी 12 सेक्टर मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने क्षेत्र में आचार संहिता को कड़ाई से पालन कराने का निर्देश दिया। साथ हीं कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं हो, इसका पूरा ख्याल रखा जाए। वहीं बीडीओ ने एएमएफ संबंधित व्यवस्था पर चर्चा की। मतदान केंद्र का सत्यापन कर वहां उपलब्ध सभी प्रकार के संसाधनों की जानकारी अद्यतन कराने का निर्देश दिया। चुनाव प्रक्रिया से संबंधित सभी को दिशा-निर्देश दिया गया। साथ हीं मतदाता जागरूकता पर बल दिया गया। कर्मियों को मॉक पोल की जानकारी दी गई। मतदान केंद्र पर पानी, बिजली, रैंप, फर्नीचर, शौचालय पर बूथ वाइज व्यवस्था का निर्देश बीडीओ द्वारा दिया गया। वहीं सभी को मॉडल कोड ऑफ़ कंडक्ट की जानकारी देते हुए सरकारी गैर सरकारी व प्राइवेट संस्थानों के भवनों में लगे सभी प्रकार के बैनर पोस्टर हटवाने का निर्देश दिया।

## चलते चलते एक नजर

### संत जेवियर्स कॉलेज में हुआ फाइनल सॉल्यूशंस का मंचन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** संत जेवियर्स कॉलेज के अंग्रेजी विभाग द्वारा महेश दत्तानी द्वारा रचित फाइनल सॉल्यूशंस का मंचन किया गया। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य फादर डॉ एन. लकड़ा,एसजे ने कहा कि कॉलेज में प्रतिभा की कमी नहीं है और कॉलेज प्रशासन प्रोत्साहन देने में कभी पीछे नहीं है। अंग्रेजी विभाग द्वारा नाटक मंचन की प्रथा को जीवन्त रखने का प्रयास सराहनीय हैं। कॉलेज के रेक्टर फादर सुधीर मिंज,एसजे ने कहा कि सांप्रदायिक सौहाद्र को बढ़ाने का प्रयास स्वागत योग्य है। कॉलेज के उप प्राचार्य डॉ फादर रॉबर्ट प्रदीप कुजूर,एसजे ने कहा कि साहित्य का सामाजिक उत्थान से अटूट रिश्ता है और अंग्रेजी विभाग का यह प्रयास इस ओर एक सशक्त कदम है। नाटक से बच्चों ने मुश्किल वक्त में धार्मिक धागों को अटूट रखने का संदेश दिया तथा अपनी प्रस्तुति से बच्चों का मन मोह लिया। नाटक का निर्देशन सुमेधा मलिक और राधिका टुडू ने किया। मुख्य भूमिका में अंकित चटर्जी, शांभवी, सुमेधा गांगुली, आस्था, इग्नेशियस, राधिका, इशिता, जेसिका, कविता, और आयुषी थे। इस मौके पर अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ जूही होरो, डॉ अचल सिन्हा, डॉ सुमाना घोष, डॉ थॉमस डुंगडुंग,फादर संजय केरकेट्टा, डॉ अनन्या बोस, डॉ धीरज पाठक, डॉ सुशील पांडे, डॉ सुमित राय, डॉ सचिन मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

### कांग्रेस के घोषणा पत्र में झारखंडी भावना को समावेश करने का प्रयास किया गया है : बंधु

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रदेश मेनिफेस्टो कमेटी की बैठक चेयरमैन बंधु तिर्की की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि हम चाहते हैं कि चुनाव में हमारे घोषणा पत्र और सहयोगी दलों के घोषणा पत्र में एकरूपता हो। इसके लिए सहयोगी दलों से घोषणा पत्र पर चर्चा की जाएगी ताकि हम समान मुद्दों को लेकर जनता के पास जाएं। कांग्रेस के घोषणा पत्र में झारखंडी भावना को समावेश करने का प्रयास किया गया है। यहां के विरासत,सभ्यता, संस्कृति,जल-जंगल,जमीन हमारे घोषणा पत्र का मूल आधार है। झारखंड में दशकों से रहने वाले लोगों के विकास के लिए रास्ते तय करने की प्राथमिकता घोषणा पत्र में की गई है हमने सभी समुदाय,भाषा भाषाई को ध्यान में रखकर झारखंड की समृद्धि के लिए घोषणा पत्र तैयार किया है। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने गुरुवार को बताया कि बैठक में पूरे प्रदेश की आम जनता,सिविल सोसाइटी,समाज के प्रबुद्ध वर्ग, युवा,छात्र संगठन के लोगों से चौपाल लगाकर किये गए परामर्श के अनुसार तैयार मेनिफेस्टो के प्रारूप के प्रमुख बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। आम जनता का निहितार्थ तैयार मेनिफेस्टो पर गहन चर्चा के पश्चात कुछ अन्य प्रमुख मुद्दों को शामिल करने का निर्णय लिया गया। पूरे प्रदेश से आए सुझावों के आधार पर इस बार का मेनिफेस्टो सर्वजन हिताय को सामने रखकर तैयार किया गया है और मुद्दों को समयबद्ध पूरा करने पर बल देने की कोशिश की गई है।मेनिफेस्टो पर शीर्ष नेतृत्व से चर्चा कर अंतिम रूप देने के बाद तिथि तय कर घोषणा पत्र जारी किया जाएगा।

# जनता ही झामुमो की असली ताकत है : मंत्री मिथिलेश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मेराल प्रखंड के विभिन्न गांवों की काफी संख्या में महिलाएं गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर पहुंची। यहां सभी ने मंत्री श्री ठाकुर से मिलकर आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें अपना अपना समर्थन दी। इस दौरान सभी ने बैठक कर सर्वसम्मति से आगामी विधानसभा चुनाव में मंत्री श्री ठाकुर को भारी बहुमत से जीतने का संकल्प ली। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि जनता ही झामुमो



की असली ताकत है। आज पूरी जनता, साथ-साथ नारी शक्ति पूरी तरह से जाग चुकी है। हेमंत सोरेन के कार्यकाल में महिलाओं को पूरा हक, अधिकार एवं मान, सम्मान मिला है। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति जब जाग जाएगी तब समाज का पूर्ण रूप से विकास होगा। महिलाओं ने कहा कि वे हर हाल में गढ़वा विधानसभा क्षेत्र से मंत्री मिथिलेश को ही जिताएंगी। गढ़वा में अब बेईमानों राज नहीं चलेगा। जिन लोगों ने आज तक जनता के साथ छल, धोखेबाजी किया, जनहित का कोई कार्य नहीं किया, गरीबों का हक अधिकार लुटा, महिलाओं का अपमान किया अब वैसे लोगों का पूरी तरह से बहिष्कार करेंगे। महिलाओ ने कहा कि गांव में आकर वोट मांगने वाले लोगों को जवाब देना पड़ेगा कि उन्होंने क्षेत्र के विकास एवं जनहित के लिए कौन सा कार्य किया है कि आज वह वोट मांगने आ रहे हैं। मौके पर रूप से झामुमो महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, सचिव चंदा देवी, मेराल प्रखंड अध्यक्ष आराधना सिंह, मेराल सचिव रेखा पाठक, गढ़वा प्रखंड अध्यक्ष सोनी देवी सहित मेराल प्रखंड के विभिन्न पंचायत की काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

## रेजीडेंट डॉक्टरों का कार्य बहिष्कार चौथे दिन भी जारी

**एजेंसी**

**अजमेर :** अजमेर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय के रेजीडेंट चिकित्सकों ने गुरुवार को चौथे दिन सुबह 9 से 11 बजे तक दो घंटे कार्य का बहिष्कार कर राज्य सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। रेजीडेंट डॉक्टरों ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा उनकी मांगों पर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो अन्य जिलों की तरह अजमेर में भी पूरे दिन कार्य बहिष्कार का निर्णय किया जाएगा। इस दौरान इमरजेंसी सर्विस चालू रही। मरीजों की कतारे बढ़ने लगी। लोग परेशान होकर भी कुछ कहने सुनाने की स्थिति में नहीं हैं। जेएलएन के रेजीडेंट डॉक्टर्स प्रतिनिधि डॉ दिलराज मीणा ने हॉस्पिटल के आउटडोर गेट पर एकत्र होकर अनेक साथियों के साथ



प्रदर्शन किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार से 52 दिन पूर्व जो भी समझौता हुआ था राज्य सरकार ने अभी तक उनमें से किसी पर भी अमल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि वे नहीं चाहते कि मरीजों को परेशानी हो इस लिए दो घंटे का कार्य बहिष्कार किया जा रहा है। जबकि गुरुवार को कोटा व अन्य जगहों पर पूरा दिन का कार्य बहिष्कार शुरू कर दिया गया है। यदि सरकार ने उनके विषय पर गंभीरता नहीं दर्शाई तो मजबूर होकर अजमेर में भी पूरे दिन कार्य बहिष्कार पर निर्णय किया जाएगा।

## भाजपा अजा मोर्चा ने महर्षि वाल्मीकि जयंती मनाई




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा झारखंड प्रदेश की ओर से गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में महर्षि वाल्मीकि की जयंती मनायी गयी। मौके पर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि पहले डाकू हुआ करते थे और उनका नाम रत्नाकर था। एक दिन रत्नाकर की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्माजी ने दर्शन दिए। रत्नाकर के शरीर पर दीमकों का पहाड़ बन गया था, इसलिए ब्रह्माजी ने रत्नाकर को वाल्मीकि का नाम दिया। क्योंकि दीपकों के घर को वाल्मीक कहा जाता है। साथ ही ब्रह्माजी ने रत्नाकर को रामायण की रचना करने के लिए प्रेरणा भी दी। इसके बाद से उन्हें वाल्मीकि के नाम से जाना जाता है। इस तरह राम का नाम जपते हुए डाकू रत्नाकर महर्षि वाल्मीकि बन गए। क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भगवान राम के सबसे बड़े भक्त माने जाते थे। उन्होंने ही पूरी रामायण लिखी थी। इस दिन ऋषि वाल्मीकि की पूजा की जाती है। उनके मंदिरों को फूलों से सजाया जाता है। साथ ही रामायण की चौपाई पढ़ी जाती है। संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि भारत के दर्शन और इतिहास में एक बहुत ही चर्चित नाम हैं, जिन्होंने रामायण जैसा महाकाव्य लिखा। प्रदेश महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कहा कि पौराणिक कथाओं के अनुसार, जब भगवान श्रीराम ने माता सीता का परित्याग किया, तो वह महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में कई वर्षों तक रही थीं। यहीं पर माता सीता ने लव व कुश को जन्म दिया था। मौके पर भाजपा की प्रदेश मंत्री सीमा पासवान, अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश पासवान, प्रदेश कार्यालय मंत्री जोगेंद्र लाल, प्रदेश मंत्री राजीव राज लाल, प्रदेश प्रवक्ता राकेश राम, रामगढ़ प्रभारी धर्मेंद्र कुमार राम एवं अन्य उपस्थित थे।

## सलमान खान के फार्म हाउस की जासूसी का मास्टरमाइंड हरियाणा में गिरफ्तार

**एजेंसी**

**मुंबई :** पनवेल में फिल्म अभिनेता सलमान खान के फार्म हाउस की जासूसी के मास्टरमाइंड सुख्खा सिंह को नवी मुंबई पुलिस ने गुरुवार को हरियाणा के पानीपत से गिरफ्तार किया है। पनवेल पुलिस सुख्खा सिंह को मुंबई लाकर पूछताछ करेगी।वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक नितिन ठाकरे ने कहा,हम ट्रांजिट रिमांड हासिल करने की प्रक्रिया में हैं और आगे की जांच करेंगे। पुलिस को शक है कि सुख्खा सिंह ने सलमान खान पर हमले की योजना बनाने और फार्म हाउस की टोह लेने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इस मामले में यह छठवीं गिरफ्तारी है। इससे पहले पनवेल पुलिस इस मामले में धनंजय तापसिंह उर्फ अजय कश्यप, गौरव भाटिया उर्फ



नाहवी, वापसी खान उर्फ वसीम चिकना, रिजवान खान और दीपक हवासिंह उर्फ जॉन (30) को गिरफ्तार कर चुकी है।दरअसल, पुलिस को 14 अप्रैल को सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास पर फायरिंग के बाद खान परिवार को उनके पनवेल स्थित फार्म हाउस पर जासूसी करने की जानकारी मिली थी। इस पर सलमान खान ने 24 अप्रैल को नवी मुंबई के पनवेल शहर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करवाई थी। इस मामले की छानबीन करते हुए पुलिस ने अब तक पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले में 21 जून को मजिस्ट्रेट कोर्ट में 350 पन्नों का आरोप पत्र सौंपा था। सभी पर बिश्नोई गैंग से संबंध होने का आरोप है।

# संत मरियम स्कूल भर रहा नई उड़ान : अविनाश देव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** मेदिनीनगर के नावाटोली स्थित संत मरियम आवासीय विद्यालय में बीते कुछ दिनों हुई अर्द्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित किया गया। पहले की अपेक्षा बेहतर परीक्षा परिणाम से बच्चे व अभिभावक प्रसन्न दिखे, वहीं आगामी शनिवार को संत मरियम विद्यालय, कजरी एवं नावाहाता ब्रांच के भी परिणाम घोषित किये जाएंगे। विदित हो कि संत मरियम स्कूल के बच्चे पिछले कुछ सालों से सफलता के सोपान पर सरपट आगे बढ़ते दिख रहे हैं और यही कारण है कि नए सत्र में नामांकन प्रारंभ होने से पहले ही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में ही सभी सीटें फुल हो जाती हैं। परीक्षा परिणाम पत्र वितरण के दौरान विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव अपने हाथों से परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों व अभिभावकों को परिणाम पत्र देते हुए



कहा कि बेहतर प्रदर्शन विद्यार्थियों के निरंतर अभ्यास व शिक्षकों के लगन का परिणाम है। आगे उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणाम से संत मरियम स्कूल एक नई उड़ान भर रहा है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि आज संत मरियम स्कूल के बच्चे बीते हुए कल से बेहतर कर रहें है और यह निश्चित है कि वे आने वाले कल को आज की अपेक्षा में और भी बेहतर करेंगे। साथ ही, उन्होंने यह कहा कि शहर में कई विद्यालय हैं, लेकिन अभिभावक जिस तरह से संत मरियम स्कूल पर विश्वास कर रहे हैं, निश्चित रूप से उनके भरोसे का बीड़ा संत मरियम अपने कंधों पर सदैव लिया रहेगा, ताकि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए उनके व्यक्तित्व को बेहतर रूप से गढ़कर उन्हें नए स्वरूप में नई ऊंचाई दे सके। मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य कुमार आदर्श, छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, पूजा देव, समन्वयक रिजवाना परवीन, रौशन राज समस्त शिक्षक मौजूद रहे।

### त्रिपुरा में तीन बांग्लादेशी व चार दलाल गिरफ्तार

**अगरतला :** त्रिपुरा में अलग-अलग सुरक्षा एजेंसियों ने तीन बांग्लादेशी नागरिकों तथा चार भारतीय दलालों को गिरफ्तार किया है। त्रिपुरा पुलिस, रेलवे पुलिस और सीमा सुरक्षा बल के जवानों द्वारा अलग-अलग अभियानों के दौरान इन्हें गिरफ्तार किया गया। बीएसएफ द्वारा आज दी गई जानकारी के अनुसार त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले के रहीमपुर बॉर्डर आउटपोस्ट के इलाके में बीएसएफ के जवानों ने दो बांग्लादेशी नागरिकों को उस समय पकड़ा, जब वे सीमा बाड़ को पार करके भारतीय क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे थे। पकड़े गए दोनों बांग्लादेशी नागरिक बांग्लादेश के ढाका के निवासी बताए गए हैं। पकड़े गए बांग्लादेशियों द्वारा किए गए खुलासे के आधार पर सिपाहीजाला जिले के गुरंगोला गांव में बीएसएफ और त्रिपुरा पुलिस ने एक संयुक्त अभियान चलाकर घुसपैठ में मदद करने वाले एक दलाल को गिरफ्तार किया।

## हिंदी फिल्म सेटलमेंट का प्रीमियर किया गया पीवीआर सिनेमा में

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** गुरुवार को विजय एंड टू स्टार एंटरटेनमेंट और मनोरमा पिक्चर्स के बैनर तले बनी हिंदी फिल्म सेटलमेंट का प्रीमियर पीवीआर सिनेमा में की गई । फिल्म निर्देशक दिनेश शाहदेव रांची से और प्रोड्यूसर विजय अग्रवाल चतरा के हैं। फिल्म सेटलमेंट शुक्रवार को देश भर के कई सिनेमा घरों में एक साथ रिलीज हो रही है। प्रीमियर के दौरान निर्देशक दिनेश शाहदेव ने बताया कि पैन इंडिया में रिलीज हो रही और इस फिल्म की कहानी जमीन माफियाओं पर आधारित है और झारखंड से ही कलाकर हैं। वहीं झॉलीवुड एल्बम और फिल्म में अभिनय से लेकर निर्देशन तक में अपनी असीम छाप छोड़ने वाले पंकज सिन्हा को भी इस फिल्म में पसंद किया गया।

**कलाकार :** आकाश कुमार मित्तल , प्रिया पारसनाथ गुप्ता, पंकज सिन्हा, जितेंद्र वाढ़ेर, करणया सिंह, आची, रंजीत बिहारी, शालिनी, प्रतीक जायसवाल, शैलेंद्र शर्मा, अमित श्रीवास्तव, प्रियांशु राज, हर्ष प्रसाद, स्वास्तिका समां आदि है। निर्माता विजय कुमार अग्रवाल, निर्देशक दिनेश शाहदेव, डीओपी पंकज गोस्वामी, आर्ट डायरेक्टर अविनाश कुमार, एडिटर सुमित। सोना स्नेहा के लिखे गीतों को संगीत में सजाया है सिद्धार्थ राय ने और स्वर दिया है प्रियांक राज शमां, देपिका ठाकुर, पालयी श्रद्धा



ने। कहानी दिनेश शाहदेव व विजय कुमार अग्रवाल ने लिखी है। कहानी जमीन माफियाओं से जुड़ी हैं, जिसमें भोल-भाले व शरीफ लोगों की जमीन हड़पने के लिए कैसे भू माफिया लगे रहते हैं। उन भू माफियाओं से जमीन मुक्त कराने का एक सेटलमेंट ग्रुप बनाया जाता है, जो अपने प्रयास से इस समस्या से निजात दिलाते हैं। फिल्म की पूरी शूटिंग झारखंड के प्राकृतिक सौंदर्य में की गई है। फिल्म में कॉमेडी, रोमांस व डामा का पूरा डोज है। सभी कलाकार व तकनीशियन झारखंड-बिहार के ही हैं।

**कौन हैं दिनेश शाहदेव:** दिनेश ने बताया कि वे कांके रोड के रहने वाले हैं। संत जॉन व रांची कॉलेज से पढ़ाई के बाद मुंबई गये। वहां परमवीर चक्र, एयर होस्टेस, छपते-छपते, युगांतर, आहट जैसे कुछ धारावाहिकों में काम किया।

## विधानसभा चुनाव में झारखंड के आंदोलनकारियों का समर्थन करेगा झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा : डॉ. सूरज



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** पूर्व सांसद डॉ. सूरज मंडल ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड के आंदोलनकारियों का झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा समर्थन करेगा । साथ ही झारखंड के विकास की अहमियत समझने वाले और यहां के लोगों की खुशहाली के लिये समर्पित उम्मीदवारों को झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा अपना समर्थन देगा। उन्होंने कहा कि जयपाल सिंह मुंडा के नेतृत्व में शुरू किया गया झारखंड आंदोलन केवल और केवल इसीलिये असफल रहा था क्योंकि तब बिहार के नेता झारखंड के आदिवासियों एवं मूलवासियों को आपस में लड़वाने, फूट डालने एवं उसका फायदा उठाने के लिये हमेशा ही साजिश रचते थे। अब वही सारे तत्व यही काम रांची में बैठकर करते हैं। मंडल रांची प्रेस क्लब में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि झारखंड गठन के बाद ओबीसी का आरक्षण 27 प्रतिशत से घटाकर 14 प्रतिशत जबकि अनुसूचित जनजाति का आरक्षण 14 प्रतिशत से बढाकर 27 प्रतिशत कर दिया गया। यह झारखंड में सामाजिक स्तर पर आग लगाने की पहली कार्रवाई थी जबकि ऐसे अनेक कारनामे किये गये। उन्होंने कहा कि यदि उन्हें पता होता कि बाबूलाल मरांडी भाजपा में आयेंगे तो वे भाजपा में कभी भी शामिल नहीं होते। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन ने सत्ता में आने पर ओबीसी आरक्षण को पुनः 27 प्रतिशत करने, ओबीसी वर्ग को पांच लाख नौकरी देने, पुरानी गलतियों को सुधारने जैसी अनेक बातें कही थी लेकिन सत्ता में आते ही वह झारखंड की घोर विरोधी कांग्रेस के साथ ही जमीन दलालों, खान माफिया और बालू माफिया की गोद में बैठ गये। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में झारखंड के संसाधनों की जैसी लूट मची है और यहां के लोगों के हितों पर जैसा कुठाराघात हुआ है। वैसा पहले कभी नहीं हुआ था। मौके पर झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा के वरिष्ठ नेता प्रभाकर तिर्की ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की कोर कमेटी का गठन कर दिया गया है जो विधानसभा चुनाव में सक्रिय भूमिका निभायेगी और आंदोलनकारियों को एकजुट करते हुए झारखंड के हित में काम करेगी एवं नीतिगत निर्णय लेगी।

### डीसी ने डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

**रांची:** रांची जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त वरुण रंजन ने गुरुवार को मोरहाबादी स्थित फुटबॉल स्टेडियम में डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया । उपायुक्त ने 13 नवम्बर और 20 नवम्बर को विधानसभा चुनाव को लेकर सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से दिए गए सभी दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। ईवीएम के वितरण और सामग्री कोषांग से पीठासीन पदाधिकारी को उपलब्ध कराए जाने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से जानकारी देते हुए कई आवश्यक दिशा- निर्देश दिये गये। उपायुक्त ने सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को विशेष रूप से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के जरिये प्रदत्त सभी दिशा निर्देशों का पालन हो, यह सभी सम्बंधित पदाधिकारी सुनिश्चित करें। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, नोडल पदाधिकारी ईवीएम कोषांग मुकेश कुमार, रविशंकर मिश्रा एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जीवाश्म ईंधन के आयात को तत्काल कम करने की जरूरत : नितिन गडकरी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि जीवाश्म ईंधन के आयात पर 22 लाख करोड़ रुपये खर्च होता है इसलिए जीवाश्म ईंधन के आयात को तत्काल कम करने की जरूरत है। मेथनॉल, इथेनॉल और बायो-सीएनजी जैसे वैकल्पिक ईंधन के उपयोग से भारत की लॉजिस्टिक लागत कम हो सकती है। उन्होंने बायोमास के अधिक कुशल स्रोतों और बायोमास के लिए लागत प्रभावी परिवहन तरीकों पर अतिरिक्त शोध का भी आह्वान किया।केंद्रीय मंत्री ने गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय मेथनॉल सेमिनार के उद्घाटन अवसर पर कहा कि भारत जैव ईंधन विशेषकर मेथनॉल के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति कर रहा है। सस्ते और प्रदूषण मुक्त मेथनॉल के उपयोग में सफलता मिल रही है। कम गुणवत्ता वाला कोयला जिन



राज्यों में उपलब्ध है, उनका उपयोग मेथनॉल बनाने के लिए भी किया जा रहा है। गडकरी ने मेथनॉल पर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार और एक्सपो आयोजित करने के लिए नीति आयोग की सराहना की।गडकरी ने कहा कि फसल अवशेषों के उपयोग की पहल देशभर में किसानों की आय बढ़ाने में मदद कर रही है।अपशिष्ट से ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से चावल के भूसे से बायोसीएनजी का उत्पादन पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और कर्नाटक जैसे राज्यों में पहले से हो रहा है।

चावल के भूसे का बायोसीएनजी में रूपांतरण अनुपात लगभग 5:1 टन है।गडकरी ने कहा कि वर्तमान में हम पुआल का पांचवां हिस्सा संसाधित कर सकते हैं लेकिन बेहतर योजना के साथ हम वैकल्पिक ईंधन के लिए कच्चे माल के रूप में पुआल का उपयोग करके पुआल जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण को कम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जीवाश्म ईंधन के आयात के महत्वपूर्ण मुद्दों से निबटने के लिए भारत को एक ऐसी नीति के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है जो लागत प्रभावी, स्थानीय, आयात-प्रतिस्थापन उन्मुख और रोजगार पैदा करने वाली हो।